राष्ट्रीय दैनिक

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

प्रात:किरण

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में बनाया अनोखा रिकॉर्ड, ऐसा करने वाले पहले ...

जेपी नड्डा ने लोकसभा की 160 कमजोर सीटों के लिए बनाया ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 64 | पटना, शुक्रवार, 14 जुलाई, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 35°C

न्यूनतम तापमान 28.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,340
चांदी	55,350
सेंसेक्स	63,327
निफ्टी	18,816

मिशन चन्द्रयान-3 की उल्टी गिनती शुरू, वैज्ञानिकों ने की पूजा-अर्चना

प्रात : किरण

चेन्नई/एजेंसी। भारत के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 के लिए कल 25. 5 घंटे की उल्टी गिनती गुरुवार को दोपहर एक बजकर 05 मिनट से श्रीहरिकोटा के शार रेंज पर शुरू हो गई। मिशन तैयारी समीक्षा के बाद, प्रक्षेपण प्राधिकरण बोर्ड ने मंजूरी दे दी जिसके बाद सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र (एसडीएससी केंद्र) में प्रतिष्ठित मिशन की उलटी गिनती शुरू हो गई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक ट्वीट में कहा, एलवीएम3 एम4/चंद्रयान-3 मिशन: कल भारतीय समयानुसार दोपहर दो बजकर 35 मिनट 17 सेंकेड पर बजे प्रक्षेपण की उलटी गिनती शुरू हो गई है। इसरो 170 गुना 36500 किलोमीटर आकार की एलिप्टिक पार्किंग कक्षा में एकीकृत चंद्रयान -3 अंतरिक्ष यान मॉड्यूल को लॉन्च करने के लिए अपने सबसे भारी रॉकेट लॉन्च वाहन मार्क -3 (एलवीएम 3-एम 4) का उपयोग करेगा। 642 टन भार के साथ 43.5 मीटर लंबा वाहन वाहक शुक्रवार को दोपहर 2.35 बजे दूसरे लॉन्च पैड से उड़ान भरेगा। चन्द्रयान-3 को उड़ान भरने के लगभग 16 मिनट बाद 179 किलोमीटर की जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर

ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित किया जाएगा, जहां से यह चंद्र सतह पर सुरक्षित लैंडिंग और घूमने के लिए अपनी लंबी यात्रा शुरू करेगा। 3.5 लाख किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा के बाद अगस्त के आखिरी हफ्ते में सॉफ्ट लैंडिंग होने की उम्मीद थी। इसरो अध्यक्ष एस.सोमनाथ के अनुसार चंद्रमा पर सूर्योदय होने पर तिथि (उतरने की तिथि) तय की जाती है। जब हम उतर रहे हों तो सूर्य की रोशनी अवश्य होनी चाहिए। इसलिए लैंडिंग 23 या 24 अगस्त को होगी। उन्होंने कहा कि यदि 23 या 24 अगस्त को योजना के अनुसार चन्द्रयान की लैंडिंग नहीं होती है, तो इसरो सितंबर में लैंडिंग का प्रयास करने के लिए एक और महीने तक इंतजार करेगा। लैंडर और रोवर सूर्य की रोशनी आने तक 14 दिनों तक चंद्रमा पर रहेंगे। जब सूर्य का प्रकाश नहीं होगा, तो रोवर पर लगा एक छोटा सौर पैनल बिजली उत्पन्न करेगा रोशनी आने तक अगले 14 दिनों के लिए बैटरी को चार्ज करें। इसरो के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण से पहले बृहस्पतिवार की सुबह तिरुमला में वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। देश के महत्वाकांक्षी चंद्र मिशन के तहत चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया जाएगा। मंदिर पहुंचे वैज्ञानिक दल में तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल थे, जिनके बृहस्पतिवार सुबह मंदिर पहुंचने की तस्वीरें व वीडियो सोशल मीडिया पर आ गए। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के एक अधिकारी ने भी उनके मंदिर पहुंचने की पुष्टि की है। टीटीडी के एक अधिकारी ने कहा, जी हां, इसरो का दल तिरुमला आया लेकिन हमारी जनसंपर्क शाखा ने उनके दौरे को कवर नहीं किया। उन्होंने बताया कि मंदिर के अधिकारी उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों और केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के दौरे में व्यस्त थे। अधिकारी ने बताया कि इसरो के अधिकारी आम तौर पर मंदिर में अपने दौरे को जनता की नजरों से दूर ही रखते हैं।

संक्षिप्त खबरें

मार्च को प्रतिबंधित क्षेत्र में जाने की इजाजत नहीं थी : एसएसपी

पटना। बीजेपी के विधानसभा मार्च पर लाठीचार्ज के बाद पटना एसएसपी राजीव मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि जहानाबाद के बीजेपी नेता विजय सिंह जहां गिरे वहाँ से 50 मीटर पहले सीसीटीवी में वे सही सलामत दिखे थे। मार्च को प्रतिबंधित क्षेत्र में जाने की इजाजत नहीं थी। उपद्रवियों ने कई जगह बैरिकेड तोड़े। पुलिस के पास ऐसे वीडियो हैं। विजय सिंह की शरीर पर बाहरी चोट का कोई निशान नहीं था। सीसीटीवी फुटेज में विजय सिंह अपने साथियों के साथ बातचीत करते दिखे हैं। एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि गांधी मैदान में सभा करने की अनुमति दी गयी थी। किसी प्रकार का जुलूस और विधानसभा मार्च निकालने की अनुमति नहीं दी गयी थी। लेकिन इसके बावजूद बिना अनुमति के विधानसभा मार्च निकाला गया। पुलिस द्वारा बीजेपी कार्यकताओं को काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन इसके बावजूद बीजेपी कार्यकताओं ने बेरिकेटिंग तोड़ दिया। पुलिसकर्मियों के आंखों में मिर्ची पाउडर फेंका गया। जिसके बाद पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर स्थिति को कंट्रोल किया। इसी बीच अचानक यह सूचना मिली कि जहानाबाद के रहने वाले विजय कुमार सिंह की मौत पीएमसीएच में हो गयी है। अभी तक अनुसंधान में यह बात सामने आई है कि विजय सिंह डाकबंगला तक पहुंचे नहीं थे। डाकबंगला में भगदड़ की सूचना के बाद वे डाकबंगला नहीं गये थे। गांधी मैदान से छज्जू बाग की ओर विजय सिंह जाते हुए दिख रहे हैं। जिस रिक्शे ले वे जा रहे थे वो 1 बजकर 27 मिनट पर सीसीटीवी में दिख रहा है।

बाढ़ की प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों में 14 राज्य सबसे आगे: रिपोर्ट

नई दिल्ली। देश के 14 राज्यों की प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने की स्थिति बेहतर है, क्योंकि इन राज्यों में प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली मौजूद होने के साथ-साथ यह जनता के लिए सुलभ और प्रभावी है। इसमें असम, ओडिशा, सिक्किम, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड और केरल जैसे राज्य सबसे आगे हैं। काउंसिल ऑन एनर्जी, इनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) के गुरुवार को जारी एक नए अध्ययन ह्यस्ट्रेंथनिंग इंडियाज डिजास्टर प्रीपेयर्डनेस विद टेक्नोलॉजीः अ केस फॉर इफेक्टिव अर्ली वॉर्निंग सिस्टम्स में यह बात सामने आई है। अध्ययन ने कहा गया है कि जिस तरह से हाल के समय में बाढ़ और चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाएं बढ़ी हैं, उसमें इन आपदाओं का सामना करने की क्षमता यानी लचीलापन विकसित करने में प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियां अति-महत्वपूर्ण अंग हैं। ये प्रारंभिक चेतावनियां विभिन्न आपदाओं के जोखिम को घटाने के उपायों का भी हिस्सा हैं, जो भारत की जी20 अध्यक्षता में चर्चा के लिए एक प्रमुख विषय है। जैसा कि हम जलवायु संबंधी चरम घटनाओं के रुझानों में एक बदलाव देख रहे हैं, सूखा झेलने वाले इलाके अब बाढ़ का सामना कर रहे हैं, ऐसे में जरूरत है कि सभी राज्य अपने यहां जनजीवन और आजीविका की सुरक्षा के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली को मजबूत बनाएं। राज्यों को एक समावेशी, प्रभावी, विभिन्न आपदाओं के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली बनाने में अत्याधुनिक तकनीक का लाभ उठाना चाहिए। इसे सुदूर इलाकों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न समुदायों की भागीदारी लानी चाहिए। आपदाओं का सामना करने की तैयारियों को मजबूत बनाने के लिए अनुकूलन वित्त को बढ़ाना भी समय की जरूरत है।

मार्च कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं पर लाठीचार्ज, कई घायल

भाजपा के नेता की मौत, भाजपा व प्रशासन के अलग-अलग दावे

प्रात : किरण

पटना। बिहार में शिक्षक भर्ती, नौकरी का वादा, भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून-व्यवस्था के मुद्दे को लेकर विधानसभा मार्च कर रहे भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं और नेताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिसमें सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल समेत कई लोग घायल हो गए और एक कार्यकर्ता की मौत की भी सूचना है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के नेतृत्व में भाजपा के सांसद, विधायक और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गांधी मैदान से विधानसभा के लिए मार्च करते हुए निकले लेकिन पुलिस ने उन्हें डाकबंगला चौराहे पर आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके बाद भाजपा के कार्यकर्ता आगे बढ़ने की कोशिश करने लगे तब पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए पानी का बौछार किया और आंसू गैस के गोले भी छोड़े। इसके बावजूद जब भाजपा कार्यकर्ता आगे बढ़ने की कोशिश करते रहे तब उन्हें तितर- बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिसमें सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल समेत कई कार्यकर्ता घायल हो गए। भाजपा के राज्यसभा सदस्य और पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने दावा किया है कि पुलिस लाठीचार्ज में भाजपा के जहानाबाद के महामंत्री विजय कुमार सिंह की मौत हो गई है। वहीं, जिला प्रशासन ने पुलिस लाठीचार्ज में भाजपा कार्यकर्ता की मौत के दावे को गलत बताया है। जिला प्रशासन ने कहा है कि भाजपा कार्यकर्ता के शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं मिला है। मृतक विजय कुमार सिंह छज्जूबाग में अचेत अवस्था में मिले थे।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने बयान जारी कर कहा है कि सरकार ने पूर्वनियोजित तरीके से पानी, आंसू गैस और लाठी के द्वारा शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों को पीटना शुरू किया है। एक शांतिपूर्ण मोर्चे पर इस प्रकार लाठी बरसाना सरेआम गुंडागर्दी है । विनोद तावड़े ने कहा कि मैं स्तब्ध हूँ! एक पूर्णतः लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण मार्च में पुलिसिया कार्रवाई में लाठियों से पीटकर भाजपा जिला महामंत्री विजय कुमार सिंह की हत्या कर दी गई। क्या अन्याय का विरोध करना इतना बड़ा अपराध है कि सरेआम लाठी भांजकर हत्या कर दी जाए? प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में श्री चौधरी ने कहा कि प्रदेश में लोकतंत्र खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि आज की बर्बरतापूर्ण कारवाई की चर्चा करते हुए कहा कि किसी के 12 टांके, तो किसी को 15 टांके लगे है। उन्होंने कहा कि आज की घटना के विरोध में शुक्रवार को भाजपा काला दिवस के रूप में मनाएगी। इसके अलावा राज्यपाल अगर बिहार आ जाते हैं, तो उनसे समय मांगकर एक प्रतिनिधिमंडल मिलेगा और आज की घटना की पूरी जानकारी देगा।

जिला प्रशासन एक्शन मोड में, 24 घंटे में मांगी जांच रिपोर्ट

बीजेपी के प्रदर्शन को लेकर पटना जिला प्रशासन की ओर से बताया गया की भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा मार्च का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। गाँधी मैदान से बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी आगे बढ़ रहे थे। उन्हें जेपी गोलम्बर के पास प्रशासन द्वारा रोकने का प्रयास किया गया। लेकिन वे लोग नहीं माने और आगे बढ़ते गए। डाकबंगला चौराहा पर प्रशासन द्वारा नाकेबंदी कर रोकने का प्रयास किया गया। लेकिन प्रदर्शनकारियों द्वारा बैरिकेड तोड़ दिया गया। प्रदर्शन कर रहे व्यक्तियों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस द्वारा पानी का बौछार एवं आँसू गैस के गोले छोड़े गए। परन्तु प्रदर्शनकारी नहीं मान रहे थे और वे जबरदस्ती बैरिकेड तोड़ कर आगे बढ़ने लगे थे। उनसे आगे नहीं जाने का बार बार आग्रह किया जा रहा था। क्योंकि डाकबंगला चौराहा से आगे प्रतिबंधित क्षेत्र है जहाँ विभिन्न राजनैतिक दलों के कार्यालय, उच्च न्यायालय, राजभवन, विधानसभा इत्यादि अवस्थित है। अतः प्रदर्शनकारियों को प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने से रोकने के लिए पुलिस द्वारा हल्का बल प्रयोग कर उन्हें तीतर बितर किया गया। इस बीच सूचना मिली कि जहानाबाद के एक व्यक्ति की पीएमसीएच में मृत्यु हो गई है। उनके साथी भरत प्रसाद चन्द्रवंशी, जो जहानाबाद के निजामुदीपुर के रहने वाले हैं, द्वारा बताया गया कि वे लोग कार्यक्रम स्थल पहुँचे भी नहीं थे कि पता चला वहाँ भगदड़ हो गई है और बहुत लोग उधर से वापस भाग रहे थे। इसी बीच विजय सिंह बेहोश हो कर गिर गए। हमलोग उन्हें तुरंत तारा हॉस्पिटल ले गए। फिर वहाँ से उन्हें एम्बुलेंस द्वारा पीएमसीएच ले जाया गया। जहाँ थोड़ी देर बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया है की विजय सिंह के शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं पाया गया है। दण्डाधिकारी के समक्ष मृतक विजय सिंह का अंत्यपरीक्षण (इन्क्वेस्ट) किया गया। जिलाधिकारी द्वारा मेडिकल बोर्ड गठित कर मृतक का पोस्टमार्टम कराने और संपूर्ण पोस्टमार्टम प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने का निर्देश दिया गया है। इसके बाद ही मृत्यु का वास्तविक कारण की जानकारी मिल सकती है। सीसीटीवी फुटेज से भी पूरे मामले की जाँच की जा रही है। ज़िलाधिकारी पटना ने पूरे घटनाक्रम पर अपर ज़िला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था पटना और नगर पुलिस अधीक्षक, मध्य से 24 घंटे के अंदर संयुक्त जाँच प्रतिवेदन की माँग की है।

मानसून सत्र के चौथे दिन भी विपक्ष का हंगामा, भाजपा के दो विधायक मार्शल आउट

प्रात : किरण

पटना। मानसून सत्र के चौथे दिन भी बिहार विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। भाजपा के विधायकों ने सदन की कार्यवाही शुरू होने के साथ ही नारे लगाने शुरू कर दिए। इसके बाद स्पीकर के आदेश पर दो बीजेपी विधायक को मार्शल आउट कर दिया गया। इस घटना के बाद भाजपा ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर दिया। बताते चले कि सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने 10 लाख सरकारी नौकरी का मुद्दा उठाया। नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने सदन में पूछा कि सरकार के 10 लाख नौकरी के वादे का क्या हुआ? इसी बीच विधान सभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने नेता प्रतिपक्ष को अपनी बात समाप्त करने के लिए कह दिया। इसके बाद भाजपा विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान स्पीकर ने भाजपा विधायकों के लिए सख्त टिप्पणी की। सदन में हो रहे हंगामा पर पहले संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने अपनी आपत्ति जताई। उन्होंने स्पीकर को पूरे हंगामे पर कार्रवाई करने की मांग की। विजय चौधरी ने कहा, विपक्ष के सदस्य लगातार सदन का अपमान कर रहे हैं। सदन की मयार्दा का हनन कर रहे हैं। भाजपा के सदस्यों का सदन में कुर्सी चलाना, टेबल पलटना, मार्शल से भिड़ना उचित नहीं है।

सरकार चाहती है कि आप उचित कार्रवाई करें। इस पर स्पीकर अवध बिहारी चौधरी ने कहा कि भाजपा के सदस्य विपक्ष के रूप में जिस तरह का आचरण कर रहे हैं वह उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा को जनता से कोई मतलब नहीं है। इसी कारण इस प्रकार का अमर्यादित आचरण सदन में किया जा रहा है। स्पीकर के बार-बार कहने के बाद भी ये विधायक शांत नहीं हुए और बीजेपी के सभी विधायक वेल में आ गए। इसके बाद स्पीकर ने सभी को वेल से हटाने का आदेश मार्शल को दिया। भाजपा विधायक जीवेश मिश्रा और शैलेंद्र पांडे को मार्शल ने सदन से बाहर निकाल दिया। बाद में बीजेपी के विधायक सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर बाहर निकल गए। भाजपा सदस्यों के सदन से वॉक आउट करने पर स्पीकर ने कहा कि इसलिए ये देश विरोधी, संविधान विरोधी आचरण करने की वजह से सदन छोड़कर अपने बाहर चले गए। वहीं विजय चौधरी ने कहा कि इस सत्र में पहले दिन से विपक्ष का जो रवैया दिख रहा है उससे स्पष्ट है कि भाजपा हताशा में है। निराशा में हैं और बेचैन हैं। राजनीतिक रूप से इन्हें दिख रहा है कि इनका भविष्य अंधकारमय है। दरअसल, भाजपा विधायकों के हंगामें के बीच विधान सभा अध्यक्ष ने संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी को कहा कि वे अपने स्तर से प्रस्ताव दें, इस तरह से सदन नहीं चलेगा। इसपर संसदीय कार्यमंत्री विजय चौधरी ने कहा कि आसन और सदन के प्रति जो विधायक सम्मान नहीं रखते, सरकार चाहती है कि उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। इसके बाद बीजेपी विधायक कुर्सी पर खड़े होकर हंगामा करने लगे।

नौसेना के लिए फ्रांस से 26 राफेल एम विमानों की खरीद को मंजूरी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फ्रांस यात्रा के बीच सरकार ने फ्रांस से नौसेना के लिए 26 राफेल एम लड़ाकू विमानों तथा स्कोर्पिन श्रेणी की तीन पनडुब्बियों की खरीद की मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को यहां हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ही फ्रांस की अधिकारिक यात्रा के लिए रवाना हुए थे।

उनकी यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौते होने हैं। इनमें नौसेना के लिए 26 राफेल एम लड़ाकू विमानों की खरीद से संबंधित समझौता होने की भी संभावना है। इन विमानों को देश के पहले स्वदेशी

विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जायेगा। नौसेना ने परीक्षणों के बाद अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-18 की तुलना में राफेल एम को तरजीह दी है।

राफेल एम विमानों की खरीद को जरूरत के आधार पर मंजूरी दी गयी है और ये विमान फ्रांस सरकार से अंतर सरकार समझौते के तहत खरीद जायेंगे। ये विमान संबंधित उपकरणों, हथियारों, सिमुलेटर, कलपुर्जो, दस्तावेजों, चालक दल के प्रशिक्षण और लॉजिस्टिक स्पोर्ट के पैकेज के तहत खरीदे जायेंगे। इस सौदे की कीमत तथा शर्ते सभी संबंधित पहलुओं तथा अन्य देशों को बेचे गये इसी तरह के विमानों के मूल्य के आधार पर फ्रांस सरकार के साथ बातचीत में तय की जायेगी।

इसके अलावा शर्तो में भारतीय जरूरतों पर आधारित उपकरण, रख रखाव, मरम्मत और ऑपरेशन हब से संबंधित मुद्दों को भी बातचीत में शामिल किया जायेगा। खरीद परिषद ने नौसेना के लिए भी जरूरत के आधार पर बाय (इंडियन) श्रेणी के तहत तीन अतिरिक्त स्कोर्पिन पनडुब्बी की खरीद को भी मंजूरी दी। परिषद ने सभी श्रेणी की पूंजीगत खरीद मामलों में स्वदेशी सामग्री बढाने से संबंधित दिशा निदेर्शो के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी। इससे रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। राफेल एम लड़ाकू विमान तथा स्कोर्पिन पनडुब्बी की खरीद से नौसेना की मारक क्षमता में इजाफा होगा।

कैबिनेट फैसला : पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ता में इजाफा

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को राज्य मंत्रिपिरषद की बैठक हुई। बैठक में कुल 17 एजेंडों पर मुहर लगी है। मीठापुर महुली एलिवेटेड सड़क के लिए 500 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। राशि खर्च करने पर मुहर लगाई गई है। यह एलिवेटेड रोड दिसंबर तक पूरा होना है। बिहार सरकार की पुरानी पेंशन व्यवस्था में जीवन काट रहे पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में इजाफा किया गया है। पंचम वित्त आयोग से प्राप्त कर रहे पेंशनभोगियों को अब 412 फीसदी डीए मिलेगा। इनके मंहगाई भत्ता में कुल 16 प्रतिशत की वृद्धि की गई है तो छठे वित्त आयोग से पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशन भोगियों को 221 फीसदी महंगाई भत्ता कर दी गई है। फिलहाल इनका महंगाई भत्ता 212 फीसदी है। इधर, कैबिनेट में जल संसाधन विभाग के एक्सक्यूटिव इंजीनियर प्रेम प्रकाश को पद से बर्खास्त करने पर हरी झंडी दे दी है। इनकी बर्खास्तगी पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। वही कृषि विभाग के कृषि निदेशक रविशंकर प्रसाद सिंह को भी बर्खास्त किया गया है।

दौरा

फ्रांस दौरे पर फ्रांसीसी समाचार पत्र लेस इकोस को दिए एक साक्षात्कार में बोलें पीएम

भारत ने दिखाया है कि विविधता के बीच सद्भाव का अस्तित्व संभव है : मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/ एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत ने दिखाया है कि विविधता के बीच सद्भाव का अस्तित्व संभव है। मोदी ने फ्रांसीसी समाचार पत्र लेस इकोस को दिए एक साक्षात्कार में भारत को उसका उचित स्थान देने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रणाली और संस्थानों में समायोजन की स्वाभाविक अपेक्षा को रेखांकित किया और कहा कि भारत का युवा और कुशल कार्यबल खुलेपन व लोकतांत्रिक मूल्यों से लबरेज है तथा वह प्रौद्योगिकी को अपनाने व बदलती दुनिया के अनुकूल होने के लिए उत्सुक है। उन्होंने कहा, जब दुनिया के कई देश बूढ़े हो रहे हैं और उनकी आबादी घट रही है, भारत का युवा और कुशल कार्यबल आने वाले दशकों में दुनिया के लिए एक संपत्ति होगा। अद्वितीय सामाजिक और आर्थिक विविधता के साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में, हमारी सफलता यह प्रदर्शित करेगी कि लोकतंत्र का प्रतिफल सामने आता है। विविधता के बीच सद्भाव का होना संभव है। यह पूछे जाने पर कि दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने के साथ वैश्विक स्तर पर भारत की स्थिति कैसे बदलती है, उन्होंने कहा कि मानवता के छठे हिस्से की प्रगति दुनिया को अधिक समृद्ध और टिकाऊ भविष्य देगी। उन्होंने कहा, शांति, खुलेपन, सद्भाव और सह-अस्तित्व के हमारे गहरे मूल्य, हमारे जीवंत लोकतंत्र की सफलता, हमारी संस्कृति, परंपराओं और दर्शन की असाधारण समृद्धि, एक शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और न्यायपूर्ण दुनिया के कारण के लिए एक सुसंगत आवाज और अंतरराष्ट्रीय कानून और शांति के लिए हमारी प्रतिबद्धता ही वे कारण हैं जिनकी वजह से भारत के उदय

का स्वागत किया जाता है न कि दुनिया में इसका कोई डर है। मोदी ने जोर देकर कहा कि वह इसके बजाय इसे भारत के, विश्व में अपना उचित स्थान पुनः प्राप्त करने के रूप में वर्णित करेंगे क्योंकि प्राचीन काल से ही भारत वैश्विक आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति और मानव विकास में योगदान देने में सबसे आगे रहा है। उन्होंने कहा, हमारा जनसांख्यिकीय लाभांश, लोकतंत्र में हमारी गहरी जड़ें और हमारी सभ्यतागत भावना भविष्य की ओर बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करेंगी। हम वैश्विक चुनौतियों से निपटने, अधिक एकजुट विश्व के निर्माण, कमजोर की आकांक्षाओं को आवाज देने और वैश्विक शांति एवं समृद्धि को आगे बढ़ाने में योगदान देने की अपनी जिम्मेदारी को समझते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज वैश्विक मान्यता है कि भारत दुनिया में अच्छाई की ताकत है और वह वैश्विक एकता, सामंजस्य, शांति और समृद्धि के लिए अपरिहार्य है, ऐसे समय में जब दुनिया में भारी उथल-पुथल और विखंडन का खतरा है। उन्होंने कहा कि हमारी क्षमताएं और संसाधन मानवता की भलाई के लिए निर्देशित होते रहेंगे, न कि दूसरों के खिलाफ दावे करने या अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को चुनौती देने के लिए।

फ्रांस की यात्रा से सामरिक साझेदारी को नई गति मिलेगीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरूवार को प्रातः काल फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर रवाना हो गए। रवाना होने से पहले अपने वक्तव्य में पीएम ने कहा कि उनकी फ्रांस की यात्रा फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर हो रही है। उन्होंने कहा, यह यात्रा विशेष है क्योंकि मैं फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस, या पेरिस में बास्तील दिवस समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में राष्ट्रपति मैक्रों के साथ शामिल होऊंगा। भारतीय सशस्त्र सैन्य बलों का एक दल बास्तील दिवस परेड का हिस्सा होगा, जबकि भारतीय वायु सेना के विमान इस अवसर पर फ्लाई-पास्ट करेंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हमारी रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ है। गहरे विश्वास और प्रतिबद्धता में निहित, हमारे दोनों देश रक्षा, अंतरिक्ष, नागरिक परमाणु, ब्ल्यू इकोनॉमी, व्यापार, निवेश, शिक्षा, संस्कृति और लोगों से लोगों के संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में निकटता से सहयोग करते हैं। हम क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी मिलकर काम करते हैं।

संक्षिप्त खबरें

चोरी के मोबाइल के साथ एक युवक गिरफ्तार

दानापुर। खगौल रेल पुलिस बृहस्पतिवार को प्लेटफॉर्म पर आरपीएफ के द्वारा विशेष चेकिंग के दौरान मोबाइल चोरी करके भागते हुए एक युवक को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया आरपीएफ उपनिरीक्षक विमल कुमार ने उसे गिरफ्तार कर जीआरपी के हवाले कर दिया है जीआरपी थाना प्रभारी रणधीर ने बताया कि आरपीएफ के द्वारा मोबाइल चोरी कर भाग रहे हैं एक युवकों को गिरफ्तार किया गया उसे युवक का पहचान सनी कुमार उम्र 25 वर्ष पिता सेठ लाल प्रसाद ग्राम कटेसर वार्ड नंबर 13 थाना बिहटा के रूप में की गई है पूछताछ करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है।

भगवान शंकर और नंदी को लोगों ने पिलाई चम्मच से दूध

फतुहा। शहर के छोटी लाइन स्थित हनुमान मंदिर में गुरुवार की दोपहर उस समय भीड़ उमड़ पड़ी जब लोगों को पता चला कि भगवान शिव और नंदी लोगों के हाथों से दूध पी रहें हैं। लोग अपने-अपने हिसाब से भगवान शिव और नंदी को चम्मच से दूध पिलाकर आनंदित होते रहे।

दूध पीने की खबर सामने आते ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। जिसने भी सुना वह हाथ में दूध और चम्मच लेकर मंदिर की ओर दौड़ पड़ा। भगवान शिव और प्रिय नंदी को दूध पिलाने की जद्दोजहद में जुट गया। भक्तों में अपनी बारी आने को लेकर धक्का-मुक्की भी देखने को मिली। दूध पीने का मामला क्षेत्र में लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। मंदिर में महिलाओं की भीड़ ज्यादा जुटी। अब इसे आस्था कहें या अंधविश्वास वह अलग बात है, लेकिन भक्त इसे आस्था से जोड़कर देख रहें हैं। साथ ही, सावन मास में इसे भोलेनाथ का चमत्कार मान रहे हैं। वहीं शहर के अन्य मंदिरों में दूध पिलाने की खबर मिली है।

पौधारोपण कर लिया बचाने का संकल्प

पटना सिटी (प्राकि)। खाजेकलां के शमशान घाट पर पुरखों की स्मृति में पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में राजेश कुमार राय और सुनील सिंह राणा ने पीपल, बरगद, नीम समेत अन्य छायादा पौधा लगाने का काम किया। आयोजन में संजर अली खान, मनीष जेटली, चंदन यादव, राजीव यादव, राजू माली, भोलू चंद्रवंशी, विजय यादव, सोनू चंद्रवंशी, अरुण जेटली आदि उपस्थित थे।

दादी जी का झूलन महोत्सव 17 को

पटना सिटी (प्राकि)। श्री दादी जी भक्त मंडल की ओर से मिरचाई गली स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर में श्री दादी जी का झूलन महोत्सव 17 जुलाई को आयोजित किया गया है। मंगल आरती, अलौकिक श्रृंगार, मेहंदी उत्सव और छप्पन भोग के साथ धार्मिक अनुष्ठान होगा। इसके लिए तैयारी की जा रही है।

तीन अपराधी गिरफ्तार, देसी पिस्टल, पांच गोली, एक चाकू, दो मोबाइल बरामद

पटना सिटी। आलमगंज थाना की पुलिस ने लोहरवा घाट में छापेमारी कर तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। अपर थानाध्यक्ष लालमुनि दूबे ने बताया कि बुधवार की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि लोहरवा घाट के पास अपराध की योजना के निमित्त कुछ अपराधी जुटा हुआ है। सूचना के बाद टीम का गठन कर घेराबंदी कर छापेमारी की गई। पुलिस ने छापेमारी के दौरान तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार में विक्की, गोलू और ज्ञानदीप शामिल है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल, पांच गोली, एक चाकू, दो मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है। पकड़े गए बदमाश अन्य कांडों में भी आरोपी रहे हैं। डंका इमली के पास हेलमेट जांच अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान बाइक सवार एवं ट्रैफिक के आरक्षी के बीच विवाद हो गया।

खाते से 11 हजार रुपए निकासी की गई

दानापुर। थाने क्षेत्र के अंतर्गत गुरुद्वारा रोड निवासी रितेश कुमार को साइबर ठगों ने झांसा देकर खाते से 11 हजार रुपए अवैध निकासी कर लेने का मामला सामने आया है। इस संबंध में रितेश कुमार ने स्थानीय थाना में अज्ञात साइबर ठगों के विरूद्ध लिखित शिकायत किया है। रितेश लिखित शिकायत में बताया है कि मोबाइल पर मैसेज आया कि आपके खाते से 11 हजार रुपए अवैध निकासी कर लिया गया है। मैसेज आने के बाद आपने क्रेडिट कार्ड को लेकर जब कोटक महेंद्रा बैंक कस्टमर से बात किया तो आपके खाते से 11 हजार रुपए निकासी कर लिया गया है। सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना में लिखित शिकायत की।

एसएनसीयू व शिशु आउटडोर एक चिकित्सक के भरोसे

एसजीजीएस सदर अस्पताल में जीएनएम के भरोसे नवजात

आनंद केसरी

पटना सिटी। गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग संसाधन जुटाने में लगा है वहीं दूसरी ओर व्यवस्था धराशाई होता जा रहा है दरअसल यहां पूरे तामझाम के साथ नवजात बच्चों के लिए एसएनसीयू खोला गया यहां 11 बेड नवजात के लिए है। नवजात और आउटडोर से लेकर इंडोर में देखने के लिए शिशु रोग विभाग में चार चिकित्सक पदस्थापित थे। मगर वर्तमान में सिर्फ एक डॉक्टर और 10 जीएनएम के भरोसे आउटडोर और एसएनसीयू चल रहा है। चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े कोई भी अधिकारी, पदाधिकारी या चिकित्सक इस बात को सुनकर दंग रह जाएंगे कि आखिर एक चिकित्सक कैसे सुबह-शाम आउटडोर संभालने के साथ ही एसएनसीयू को भी संभालेंगे। दरअसल यहां पूर्व में बच्चा के चार डॉक्टर थे। इसमें डॉ अरविंद कुमार, डॉ उमाशंकर सिंह, डॉ चंदन कुमार और डॉ रमण किशोर थे। बीमारी के कारण डॉ अरविंद नाइट ड्यूटी करने में असमर्थ होने के कारण उन्होंने समय से पहले स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली। वहीं डॉ चंदन कुमार का एनएमसीएच में सीनियर रेजिडेंट के तौर पर पदस्थापन हो गया है। डॉ रमण किशोर लंबे समय के लिए मेडिकल लीव पर चले गए हैं। ऐसे में आउटडोर एवं एसएनसीयू की पूरी जिम्मेवारी डॉ उमाशंकर सिंह पर आ गई है। इस संबंध में एसएनसीयू के सिस्टर इंचार्ज सुप्रिया ने बताया कि वैसे उमाशंकर सिंह दिन भर में दो बार एक बार सुबह और फिर रात में आकर एसएनसीयू में बच्चों को देखकर सलाह देते हैं। यदि कोई बच्चा सीरियस होता है, तो उसे रेफर उनके या अन्य चिकित्सकों के द्वारा कर दिया जाता है। कारण कि यहां शिशु रोग में महज एक ही चिकित्सक पदस्थापित हैं। अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 16 मई, 23 से शुरू हुआ एसएनसीयू में 13 जुलाई तक महज 37 नवजात इलाज के लिए आए हैं। इसमें भी चार-पांच के गंभीर होने पर यहां से एनएमसीएच या पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। वर्तमान में यहां दो नवजात का इलाज चल रहा है। स्थिति यह रहती है कि आजकल नवजात मां के गर्भ से धरती पर आने के बाद जौंडिस, कमजोरी या अन्य कारणों से उन्हें एसएनसीयू में रखना मजबूरी बनता है। यही कारण है कि एनएमसीएच और पीएमसीएच में जल्दी नवजात मरीज को बेड नहीं मिल पाता है। दूसरी ओर गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल में 11 बेड में से महज दो बेड पर नवजात को रखा गया है, जबकि यहां नौ बेड खाली है। इसके पीछे भी कारण है कि यहां जो भी पढ़े-लिखे या समझदार गार्जियन नवजात को लेकर आते हैं, जैसे ही उन्हें पता चलता है कि उनके बच्चे का इलाज यहां एकमात्र डॉक्टर और जीएनएम के भरोसे है, वह आनन-फानन में यहां से बच्चे को अन्यत्र ले जाना उचित समझते हैं। यही कारण है कि गार्जियंस अपने नवजात को विशेष परिस्थिति में है यहां इलाज के लिए लाते हैं। इस संबंध में अधीक्षक डॉ आरआर चौधरी एवं स्वास्थ्य प्रबंधक मो शब्बीर खान से बात की गई, तो दोनों ने बताया कि शिशु रोग से जुड़े चिकित्सकों की कमी के संबंध में पटना के सिविल सर्जन एवं संबंधित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। अब जब भी यहां चिकित्सक की पदस्थापना या प्रतिनियुक्ति होगी, उसके बाद ही सामान्य रूप से काम हो सकेगा। यह सही है कि आउटडोर और एसएनसीयू दोनों को साथ चलाना एक डॉक्टर के बूते की बात नहीं है।

नमामि गंगे का बड़ा लोहा एंगल रोड पर होने से लग रहा जाम

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। पटना शहर के नाला का पानी कितना शहर से बाहर निकल जाएगा, यह तो आने वाला समय बताएगा। मगर फिलहाल किस तरीके से काम करने वाली एजेंसी ने पटना सिटीवासियों का जीना मुहाल किया है, उससे तो यही लगता है कि उसने यहां के लोगों को घायल और जान लेने पर आमादा है।

कभी सड़क धंस रहा है, कहीं सड़क और गली को उबड़-खाबड़ कर छोड़ दिया गया है। बनाया गया चैंबर रोड से ऊंचा टीला बन, तो कहीं रोड से कौन से फोन से एक फीट गड्ढा है। यह तो महज संयोग है कि बारिश पटना सिटी में न के बराबर हो पा रही है। वरना उन गड्ढों के पानी से भरने के बाद जब दोपहिया, ई-रिक्शा या तिपहिया वाहनों का पहिया जब उस गड्ढे में जाएगा, तो वाहन को पलटने से इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में उस पर सवार के घायल होने की संभावना भी बनी रहेगी। फिलहाल नमामि गंगे सीवरेज परियोजना की काम कर रही एजेंसी ने गुजरी बाजार के सेल्स टैक्स ऑफिस के पास लोहे का बड़ा-बड़ा एंगल आधी सड़क से थोड़ा कम अतिक्रमण का शिकार हो गया है। स्थिति यह है कि सुबह छह बजे से लेकर रात के आठ-नौ बजे तक यहां पर वाहनों के जाम की स्थिति बनी रहती है। मगर इस दुर्घटना या खतरे से बचाव के लिए न तो लाल कपड़ा लगाया है और न ही लाल बत्ती या चमकने वाला रेडियम ही यहां पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से लगाया है। ऐसे में यदि रात के समय लोड शेडिंग हो, तो वाहन चालक थोड़ी सी असावधानी बरतने के साथ ही टकरा कर घायल हो सकते हैं।

तख्तश्री कमेटी का कार्यकाल आज होगा पूरा

रूटीन वर्क व चुनाव का काम, कोई बड़ा फैसला नहीं लेने का अधिकार नहीं

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के पांच वर्षों का कार्यकाल शुक्रवार को पूरा हो रहा है। बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार के द्वारा चुनावी प्रक्रिया भी शुरू है। इस संबंध में कमेटी के सदस्य, सलाहकार व पूर्व महासचिव चरणजीत सिंह ने पटना के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह तख्तश्री पटना साहिब के संरक्षक को पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि तख्तश्री पटना साहिब के संविधान के अनुच्छेद 8 और समिति के उप नियमों में कहा गया है कि हर समिति अपने गठन की तारीख से पांच साल तक या जब तक नई कमेटी का गठन नहीं हो जाता है, जो भी बाद में हो, जारी रहेगी। और अनुच्छेद 16 में यह भी कहा गया है कि समिति के सदस्य पद पर बने रहेंगे। इसके गठन की त

अवधि पांच वर्ष के लिए होगा। श्री चरणजीत सिंह ने कहा कि माननीय पटना उच्च न्यायालय ने रिट याचिका सीडब्ल्यूजेसी 18827/2008 का निबटारा करते हुए तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के सदस्यों का चुनाव बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को कराने का निर्देश दिया है। प्राधिकार ने अपने पत्रांक 12 के तहत मतदाताओं की अंतिम सूची प्रकाशित करने के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी है। चार जुलाई एवं 26 जुलाई, 23 को मतदाताओं की अंतिम सूची के प्रकाशन की तिथि अधिसूचित की गई है। हम सभी उम्मीद करते हैं कि अगस्त, 23 में चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। यहां यह भी बताना जरूरी है कि सदस्यों और समिति का कार्यकाल पांच साल का 14 जुलाई, 23 को समाप्त हो रहा है। इसके बाद समिति के बने रहने की अवधि को नजरअंदाज कर अध्यक्ष अपने गुर्गों के साथ मिलकर बड़ा फैसला लेने की जल्दी में हैं। उनके गलत इरादों को पूरा नहीं किया जा सके। वैसे भी तख्तश्री कमेटी में सदस्यों की कुल संख्या 15 है। इसकी तुलना में वर्तमान में महज 10 सदस्य ही हैं। एक छोटी कमेटी द्वारा कोई भी निर्णय जब नई कमेटी का गठन एक महीने की अवधि के भीतर होना है, तो लिया गया कोई बड़ा निर्णय यहां के हित और मयार्दा को खतरे में डाल सकता है। इसलिए जिला न्यायाधीश सह संरक्षक तख्तश्री पटना साहिब से अनुरोध किया गया है कि तख्तश्री कमेटी को अपने निर्णय को रोजमर्रा के काम और चुनाव से संबंधित तक सीमित रखने का निर्देश दिया जाए। चुनाव के प्रोटोकॉल का पालन किया जाना जरूरी है। पत्र की प्रतिलिपि बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के सचिव, तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष और महासचिव के साथ ही सिटी एसडीओ को भी भेजी गई है।

भाजपा के प्रदर्शन पर लाठीचार्ज की निंदा

प्रात :किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पूर्व से घोषित गुरुवार को विधानसभा घेराव और प्रदर्शन था इस दौरान जब भाजपाई गांधी मैदान से जेपी गोलंबर होते हुए डाकबंगला की ओर बढ़े तो वहां पुलिस ने प्रदर्शन में शामिल महिला और पुरुषों पर ताबड़तोड़ लाठीचार्ज कर दिया। इस घटना में अनेक जनप्रतिनिधि के अलावा पार्टी के महिला पुरुष कार्यकर्ता घायल हुए हैं जबकि जहानाबाद के भाजपा के महामंत्री की मौत हो गई है। पटना महानगर भाजपा के अध्यक्ष अभिषेक कुमार, मीडिया प्रभारी प्रदीप काश और राजेश साह ने भाजपा के शांतिपूर्ण ढंग से बिहार विधानसभा तक मार्च कर रहे कार्यकताओं पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज की तीव्र निंदा करते हुए कहा कि बिहार की जनता अराजक महागठबंधन सरकार के कृत्यों को देख रही है। आने वाले 2025 के चुनाव में जनता उसे उखाड़ फेंकेगी।जैसा कि ज्ञात है कि अराजक महागठबंधन सरकार भाजपा द्वारा बिहार के शिक्षकों के सम्मान के लिए, नौजवानों के रोजगार के लिए, किसानों एवं हर गरीब के अधिकार के लिए पटना के गांधी मैदान से बिहार विधानसभा मार्च निकाला था। शांतिपूर्ण मार्च के दौरान महागठबंधन सरकार के इशारे पर पुलिस ने भाजपा कार्यकताओं, मार्च में अनेक जिलों से आए शिक्षकों एवं आमजनों पर लाठीचार्ज किया गया। इससे एक कार्यकर्ता की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। खेलों में पटना सिटी के भूतपूर्व मंत्री रहे रामदेव महतो के पुत्र और भाजपा नेता पवन महतो का भी सिर फट गया है। शरीर के अन्य हिस्से में उसे चोट आई है। भाजपा महानगर महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष कांति केसरिया नीता पांडे सुनीता गुप्ता निशा मेहता पूर्व पार्षद सीता सिन्हा, पार्षद किरण मेहता, तारा देवी, विनोद कुमार, मनोज कुमार उर्फ मुन्ना जयसवाल, भाजपा महानगर के महामंत्री विनय केसरी, अधिवक्ता हेमलता शर्मा, नवल किशोर सिन्हा, अशोक भारती, हरेंद्र चंद्रवंशी, अजय आजाद आदि ने महागठबंधन में शामिल सत्तारूढ़ दल के नेताओं पर आरोप लगाया है कि एक-एक वरीय नेताओं को चुनकर पुलिस के द्वारा पिटवाने का काम किया गया है।

तख्तश्री कमेटी के तीन पदा. से दो दिन में मांगा जवाब

महासचिव ने भाई राजेंद्र सिंह हत्याकांड में जारी किया पत्र

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के पूर्व हेड ग्रंथी भाई राजेंद्र सिंह के घायल होने और इलाज के दौरान मौत होने की गुत्थी अब तक अनसुलझी है। लगातार सीबीआई जांच की मांग के बाद अंततः पटना के डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह ने तख्तश्री कमेटी के कनीय उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह के द्वारा भेजे गए पत्र को बिहार के गृह सचिव को अग्रसारित करते हुए भेजा है। इधर बुधवार को कमेटी के कार्यालय में पहुंचकर कार्यपालक दंडाधिकारी मंजू कुमारी ने कमेटी के पदाधिकारियों के साथ पूछताछ कर मामले के बारे में जानकारी ली थीं। साथ ही उन्होंने स्वर्गीय राजेंद्र सिंह के पुत्र दया सिंह से भी बात की। विदित हो कि 13 जनवरी, 2022 की सुबह मीरी-पीरी स्थित आवास में भाई राजेंद्र सिंह घायल मिले थे। बाद में परिजन उन्हें इलाज के लिए गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल ले गए। यहां से उनका प्राथमिक इलाज करने के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान 17 जनवरी, 22 की सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। अनुमंडल कार्यालय में कार्यपालक दंडाधिकारी मंजू कुमारी ने कॉल कर कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह को कार्यालय में कुछ जानकारी लेने के लिए बुला रखी थी। यहां महासचिव के साथ वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह भी गए हुए थे। पूछताछ के दौरान महासचिव ने कहा कि तत्कालीन अध्यक्ष स्वर्गीय अवतार सिंह हित, अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही और तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह ने भी समय-समय पर इस घटना की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है और इस संबंध में पत्राचार भी किया गया है। बाद में कार्यपालक दंडाधिकारी ने पूछा कि सीसीटीवी का कैमरा क्यों और कब से खराब था। मीरी-पीरी में किसकी ड्यूटी थी। किस जवान की वहां पर ड्यूटी थी, आदि सवालों का जवाब पूछा। उनके द्वारा किए गए सवाल का जवाब महासचिव ने देने के लिए समय मांगा। इसके बाद महासचिव इंद्रजीत सिंह ने अधीक्षक दलजीत सिंह, प्रबंधक दिलीप सिंह पटेल और सहायक प्रबंधक आईटी पपिंदर सिंह सलूजा को पत्र जारी करते हुए दो दिनों के अंदर जवाब देने को कहा है। मिली जानकारी के अनुसार पत्र में यह जानकारी मांगी गई है कि सीसीटीवी कंट्रोल रूम में घटना वाले दिन किसकी ड्यूटी थी। मीरी पीरी में लगा कैमरा कब से खराब था और इस संबंध में कमेटी के कार्यालय के जिम्मेवार कर्मियों और पदाधिकारियों को सूचित किया गया था या नहीं। यदि सूचित किया गया था, तो उस पर कार्रवाई की गई या नहीं। घटना वाले दिन मीरी-पीरी के दरवाजे पर किस सेवादार की ड्यूटी थी। उस दिन कमरा बुकिंग के लिए रिसेप्शन पर किनकी ड्यूटी थी। कार्यपालक दंडाधिकारी ने महासचिव को स्पष्ट रूप से कहा कि 13 जनवरी, 2022 की सुबह घटित घटनाक्रम से अब तक के प्रमाण, वीडियो रिकॉर्डिंग या अन्य साक्ष्य उन्हें जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए, ताकि मामले की जांच के लिए सीबीआई को पत्र लिखा जा सके।

विधानसभा मार्च के दौरान पुलिस लाठीचार्ज में जहानाबाद के भाजपा नेता की मौत पर शोक व्यक्त

प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। भाजपा जिलाध्यक्ष अरूण कुमार साह, जिला महामंत्री अरविंद यादव, भाजपा नेता मुन्ना सिंह, विक्की सिंह, फतुहा नगर मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, नगर महामंत्री अनामिका अग्रवाल ने भाजपा द्वारा बिहार सरकार की दमनकारीनीति, शिक्षकों के खिलाफ हो रहे अन्याय एवं गिरती कानून व्यवस्था के खिलाफ गुरूवार को पटना में गांधी मैदान से विधानसभा मार्च के दौरान डाकबंगला चौराहा पर पुलिस लाठीचार्ज में जहानाबाद के भाजपा नेता की मौत पर शोक व्यक्त किया है एवं फतुहा के भाजपा नेता सह जिला परिषद सदस्य सुधीर यादव का हाथ फ्रैक्चर एवं सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ता के घायल होने पर जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि पुलिस के द्वारा लाठीचार्ज चाचा -भतीजे की सरकार के इशारे पर किया गया है। इससे भाजपा कार्यकर्ता हताश होने वाले नहीं हैं। 2024 में फिर से नरेंद्र मोदी की सरकार और 2025 में बिहार में भाजपा की सरकार बनाकर ही दम लेगें।

सफेद दाग लियुकोडर्मा का कारण और कैसे करें इलाज: वैद्य (प्रो) दिनेश्वर प्रसाद

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। वैद्य प्रोफेसर दिनेश्वर प्रसाद, राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज अस्पताल, पटना, बेगूसराय, दरभंगा, बिहार के पूर्व प्राचार्य एवं पटना ,शेखपुरा ,के पाल मार्केट स्थित अमृत आयुर्वेद का निदेशक सहः मुख्य चिकित्सक ने हर घर, हर दिन आयुर्वेद कार्यक्रम के तहत सफेद दाग(भिटीलिगो)लियूकोडर्मा विषय पर जानकारी अमृत आयुर्वेद (कक्र्कट्र) के बगल में 65 नंबर पिलर के सामने पाल मार्केट में दिए।

आयुर्वेद में चरक संहिता , सुश्रुत संहिता, अष्टागं हृदय, भाव प्रकाश इत्यादि ग्रंथो में इस रोग का विस्तृत विवरण मिलता है। वैसे इन सहिंताओ के पूर्व अथर्ववेद में भी इस रोग का वर्णन मिलता है।आयुर्वेद में इसे शिवत्र (किलास) रोग के नाम से वर्णन किया गया है। सोचने वाली बात है, कि वेदकाल से लेकर आजतक यह रोग यत्र, तत्र, सर्वत्र देखने को मिलते रहा है,और इतने लंबे समय के बाद भी प्रायःयह रोग असाध्य एवं कष्ट साध्य बना हुआ हैं।कहने के लिए बहुत सारे वैद्य या डॉक्टर इसे ठीक करने का दावा करते रहे है,पर वास्तविकता यह है की वर्तमान काल में भी इतना शोध एवं एभीडेंनस बेसड चिकित्सा करने के दावा करने के बाद भी 25/30 प्रतिशत तक भी यह रोग हम सब ठीक नही कर पा रहे हैं।मैने भी अपने 45 वर्षो से ज्यादा समय तक चिकित्सीय कार्य करने के बाद भी कुछ एक रोगियों को ही ठीक करने में सफलता प्राप्त कर पाया हूं।हालाकि अपने अनुभव काल में यह देखने को मिला है की अगर प्रारमभिक काल में ही जो रोगी हमारे या अन्य चिकित्सकों के संपर्क में आए और साल ,दो साल तक नियमित रूप से परामर्श के अनुसार चिकित्सा एवं पथ्यापथ्य पर ध्यान देते रहे तो उसमे से कई एक रोगी ठीक हो सकते हैं,पर आचार्यो के आप्त वचन के अनुसार वैसे रोगी ठीक नही हो पाएंगे ,जिनके हथेलियों , ओष्ट एवं जन्नेनद्रिए अंगों में होने वाले स्वीत्र रोग के चिकित्सा में लाभ प्राप्त नहीं हो सकता,परंतु रोगी सम्यक रूप से समय देकर संशोधन चिकित्सा विशेस रूप से वमन, विरेचन, एवं रक्तमोक्षण कराये तो उसमे से कुछ रोगियों को अतिसय लाभ मिला । हमारे आचार्यो ने इसके कारणो का उल्लेख करते हुए विरुद्ध एवं असातम भोजन , अहितकर आहार,का लंबे समय तक सेवन का वर्णन करते हुए विशेष कारणो में अधिक दिनो तक दूध दही के साथ साथ मांस,मछली ,नमकीन तथा खट्टे भोज्य पदार्थो का सेवन ,वमन के बाद तत्काल परिश्रम या व्यायम, गुढु(गरिष्ट) भोजन एवं आयुर्वेद में वर्णित विरुद्ध आहार विशेष कारण माना गया है।वैसे तो हमारे कई एक आचार्यो ने गुरु जन तथा अपने से बड़ों का तिरस्कार करना एवम पाप कर्म को भी कारण माना है पर इसका वैज्ञानिक आधार नही मिलता है ,परंतु वंशानुगत कारणो के वारे में आज के चिकित्सक एवं वैज्ञानिकों ने भी पुष्टि की है।आधुनिक चिकित्सा में शामद पूर्व रूप का बहुत कुछ वर्णन नहीं मिलता है,पर चरक संहिता के चिकित्सा स्थान में अतिस्वेद या अस्वेद यानी पसीना का ज्यादा आना या एक दम नहीं ही आना, सफेद दाग होने वाले स्थान के आस पास जलन, खुजली वेदना उक्त के चमडों में कठोरता या कठिनता, रंग में बदलाव , चमड़े के ऊपर वाले रोम (बाल) का झरना इत्यादि लक्षण देखने को मिलता हैं,पर अक्रांत रोगी उस समय इन सब बातों पर ध्यान नहीं देता है,जब लक्षण या रोग प्रत्यक्ष दिखने लगता है तो रोगी शारीरिक रूप से कम मानसिक रूप से ज्यादा परेशान दिखने लगता है। वैसे कई एक रोगियों में सफेद दाग के साथ साथ उक्त स्थान पर खुजली ,जलन, शून्यता, रोमकुपों का अभाव चकते, चकतों में दागयुक्त स्थान ,उक्त स्थान पर भारीपन एवं रंगो में बदलाव का लक्षण दिखाई देता है।आयुर्वेद में दोष के आधार पर तीन तरह यथा वातिक, पैतिक एवं कफज दोष युक्त किलास बताया गया है। अधिष्ठान भेद से भी यह तीन प्रकार का इसे बताया गया है। यहां यह स्पष्ट कर देना उचित होगा की यह आयुर्वेद या एलोपैथ के अनुसार भी संक्रामक रोगों के श्रेणी में नही दशार्या गया है। अर्थात साथ खाने पीने,रहने,सोने,इत्यादि से यह रोग एक दूसरे में नही फैलता है।जो उपरोक्त कारण बताया गया है।वह भी जरूरी नहीं है,की उन कारणो से इस रोग का प्रादुर्भाव हो ही पर शाश्त्र के बातो का पूरी तरह दरकिनार भी नही किया जा सकता है।सतत शोध एवं चिकित्सा की जरूरत है।

एलोपैथ के अनुसार यह मेलेनिन नामक द्रव्य के कमी को इस रोग का कारण माना गया है।कभी कभी पेट में कीड़ा के वजह से या कुछ एक दवाइयों के उपद्रव एवं लंबे समय तक पांडु से मुक्ति नहीं होने के कारण भी यह रोग होते देखा गया है।त्वचा का स्वाभाविक रंग प्रदान करने के लिए मेलेनीन "मेलेनो साइट्स नामक कोशिकाओं में टायरोशीन नामक अमिनोएसिड से ताम्र की उपस्थिति के कारण भी यह रोग होता है। सूर्य के अल्ट्रा वायलेट किरणें इसके उत्पति में सहायक होती हैं।

विशेष जानकारी के लिए निम्न नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं। :9773960287,9798924125

क्रेडिट कार्ड बंद होने का झांसा देकर खाते से हजारों रुपये उड़ा

दानापुर।साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड बंद होने का झांसा देकर खाते से 49,998 रुपये उड़ा लिया।इस संबंध में रामनगर कॉलोनी पांचुचक निवासी हितेश कुमार ने थाने में साइबर ठग के विरूद्ध लिखित शिकायत की है।हितेश कुमार ने बताया कि 12 जुलाई को मेरे फोन पर कॉल आया कि आपके क्रेडिट कार्ड की वैधता समाप्त हो रही है।उसके बताये गये एप को खोल कर फार्म भर रहा था, तभी मेरे मोबाइल पर मैसेज आया कि आपके खाते से 24,998 और 25000 हजार रुपये की निकासी हो गयी है।मैसेज देखते ही होश उड़ गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

290 क्विंटल उसना चावल सहित ट्रक लूट कर ले गए अपराधी

प्रात : किरण ब्यूरो चीफ ,मुंगेर

मुंगेर। उसना चावल लोड 10 चक्का ट्रक सफिया सराय मुंगेर एफसीआई गोदाम बाजार समिति के परिसर से विगत मंगलवार के देर रात अज्ञात लोगों के द्वारा ट्रक संख्या जे एचओ 02एन/2615 चालक और खलासी के पैर हाथ बांधकर कर चोरी कर लेने का एक मामला प्रकाश में आया है। इस घटना के संबंध में ट्रक चालक बासुदेव पंडित पिता सुरेश पंडित निवासी ग्राम महुआटांड़ पोस्ट वारा थाना बेलहर जिला बांका ने एक आवेदन कासिम बाजार थाना को देकर घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराया है। कासिम बाजार थाना को दिए आवेदन में ट्रक चालक ने कहा है कि मैं ट्रक संख्या जे एच 02एन /2615 कार ड्राइवर हूं मैं लक्ष्मी भंडार राइस मिल बेलहर बांका से उसना चावल 50 किलो का 580 जूठ बोरा जिसका कुल वजन 290 क्विंटल है , लोड कर सफिया सराय मुंगेर एफसीआई गोदाम बाजार समिति मंगलवार 11 जुलाई 2023 को शाम 7:00 बजे पहुंचा। उन्होंने आवेदन में कहा है कि खाना खाकर रात को ट्रक के हूड पर सो गया। रात करीब 12:00 बजे लगभग तीन चार लोग गाड़ी के हूड पर चढ़ गए और हमारा हाथ पैर रस्सी से बांधकर गाड़ी के हूड पर छोड़ दिया और गाड़ी लेकर पूरब दिशा भागने लगा हम किसी तरह रस्सी खोल कर गाड़ी से नीचे कूद गए और तुरंत सफिया सराय ओपी थाना पहुंचकर इस घटना की जानकारी पुलिस को दी वहां पर हमारी बात को नजरअंदाज किया गया और फिर बोले कि यह कासिम बाजार थाना में पड़ता है वहां जाओ तो मैं दूसरे ट्रक ड्राइवर से मोबाइल मांग कर अपने मालिक मनोज कुमार के मोबाइल कांफ्रेंस के माध्यम से घटना की सूचना थाना अध्यक्ष कासिम बाजार को दिया। तत्पश्चात कासिम बाजार थाना के पुलिस आई तथा मुझे साथ लेकर अपराधी के ट्रक लेकर भागने के दिशा बारियारपूर की ओर पीछा किया गया किंतु पता नहीं चल पाया। श्री पंडित के द्वारा दिए गए आवेदन में यह कहा गया है कि अपराध कर्मियों की बोलचाल की भाषा स्थानीय थी क्योंकि मेरा मुंह ढक दिया गया था और घटनास्थल पर अंधेरा था इसलिए अपराध कर्मी का हुलिया नहीं देख पाया। इस संबंध में कासिम बाजार थाना अध्यक्ष ने ट्रक चालक ब्रह्मदेव पंडित के आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कांड संख्या 213 /2023 दिनांक 12 जुलाई 2023आईपीसीकी धारा 393 312 सी के तहत प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि ट्रक चोरी होने की घटना में शामिल अपराधियों का खोजबीन जारी है।

बिजली मिस्त्री को करंट लगने से मौत

दानापुर।शाहपुर थाने के उसरी बाजार में बिजली खंभे पर चढे एक बिजली मिस्त्री को करंट लगाने से मौत हो गई।मृतक की पहचान बिक्रम के मोहम्मदपुर निवासी विक्की कुमार (24) के रूप में हुई है।बताया जाता है कि बुधवार को शाम में उसरी बाजार में विद्युत खंभे पर चढकर बिजली के तार मरम्मत करने के लिए चढा तो धारा प्रवाहित तार के चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया है।इलाज के लिए एम्स ले गया।जहां पर उसकी मौत हो गई।मृतक के दोस्त अवधेश कुमार व छोटू ने बताया कि उसरी बाजार मे बिजली के खंभे पर चढने से पहले दूसरे मिस्त्री ने बताया कि बिजली का शट डाउन कराया गया है।जैसे बिजली के खंभे पर तार मरम्मत करने के लिए चढा तो धारा प्रवाहित तार के चपेट में आने से मिस्त्री विक्की झुलसकर जमीन पर गिर गया ।जिससे गंभीर रूप से जख्मी हो गया ।जिससे इलाज के लिए एम्स में ले गये।जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया ।मौत की सूचना पर परिजनो चित्कार कर उठे।मृतक के परिजनों ने एम्स में से बिना पोस्टमार्टम कराये शव को घर ले जाकर दाह संस्कार दिया गया है।थानाध्यक्ष उत्तम कुमार ने बताया कि करंट लगाने से बिजली मिस्त्री की मौत की कोई सूचना नही मिला है। उन्होंने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

भाजपा के विधानसभा मार्च के दौरान लाठीचार्ज पर मचा सियासी संग्राम, आरोप-प्रत्यारोप शुरू

आंदोलन की आड़ में भाजपा द्वारा अराजकता फैलाने की कोशिश : उमेश

पटना। बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने भाजपा के विधानसभा मार्च पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की एकजुटता से बौखलाई हुई भाजपा अब अपने पोषित गुंडों के सहारे सरकार को डराने की कोशिश कर रही है। बृहस्पतिवार को जिस प्रकार से भाजपा के लोगों ने पटना की सड़कों पर अराजक माहौल मनाया उससे यह स्पष्ट सिद्ध होता है कि ये लोग राजनीतिक दल कहलाने के लायक नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी बात सरकार के समक्ष रखने का एक तौर-तरीका होता है और लोकतंत्र में आस्था रखने वाले सभी लोग लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत ही अपनी बात रखते हैं मगर भाजपा द्वारा कानून-व्यवस्था को हाथ में लेना, आम लोगों के जनजीवन को बाधित करना और पुलिसकर्मियों पर पथराव कर अपना विरोध प्रकट करना घोर निंदनीय और भर्त्सना योग्य है। भाजपा के लोगों ने विरोध प्रकट करने का जो रवैया अपनाया वह पूरी तरीके से अलोकतांत्रिक और संवैधानिक था। सदन से सड़क तक इन लोगों ने अपने अनुशासनहीनता का परिचय दिया है। श्री कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज कायम है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की सरकार बेहद संवेदनशील है। सड़कों पर तांडव करने वालों के साथ प्रशासन कानूनी तरीके से निपटेने सक्षम है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा को ना ही शिक्षकों से कोई हमदर्दी है और ना ही शिक्षा व्यवस्था की चिन्ता। ये लोग सिर्फ राजनीतिक नौटंकीबाजी कर रहे हैं और बिहार की जनता भी इस बात को अच्छे से समझ रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश की शिक्षकों एवं शिक्षा व्यवस्था को सद्दढ़ करने के लिए जो अभूतपूर्व कार्य किए हैं वह किसी से छिपा हुआ नहीं है। सारी चीजें धरातल पर आज स्पष्ट दिखाई देती है।

भाजपा को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए : गगन

पटना। भाजपा के विधानसभा मार्च को फ्लॉप शो बताते हुए राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि भाजपा को एहसास हो गया होगा कि बिहार के लोगों का भरोसा वह खो चुका है। यही वजह है कि भाजपा द्वारा घोषित आज के विधानसभा मार्च को आमलोगों ने कोई नोटिस हीं नहीं लिया। काफी प्रचार-प्रसार और सभी प्रकार के साधन मुहैया कराने के बावजूद पुरे राज्य से मात्र कुछ सौ भाजपा कार्यकर्ता हीं मार्च में शामिल थे। राजद प्रवक्ता ने कहा कि मार्च को फ्लॉप होने से हतोत्साहित भाजपा नेताओं द्वारा कार्यक्रम को मीडिया में कवरेज पाने के लिए पुलिस बैरिकेड को तोड़ते हुए प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसने का न केवल गैरकानूनी प्रयास किया गया बल्कि पुलिस पर मिर्ची पाउडर, रोड़े और कंकड़ फेंके जाने लगे। राजद प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा लगभग 15 वर्षों तक बिहार सरकार में शामिल रही है। उसके संरकार में रहते हुए हीं पटना के डाक-बंगला चैराहे से आगे के क्षेत्र को धरना-प्रदर्शन के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। और किसी भी प्रदर्शन को उससे आगे नहीं जाने दिया गया था। राजद प्रवक्ता ने कहा कि बेरोजगारी को लेकर बिहार सरकार पर सवाल उठाने के पहले उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। भाजपा ने दो करोड़ नौजवानों को प्रतिवर्ष नौकरी देने का वादा किया था उसके नौ साल के शासन में 44 लाख से ज्यादा लोगों की नौकरी समाप्त हो गई जिसके विरुद्ध मात्र 7.22 लाख लोगों को नौकरी दी गई। अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न विभागों और पब्लिक सेक्टर में अभी एक करोड़ से ज्यादा पद रिक्त पड़े हुए हैं। सबसे बड़े नियोजन संस्थान सेना, रेलवे, गृह, पोस्टल और रेवेन्यू विभाग में नई बहाली पर रोक लगा दी गई है।

बैरिकेडिंग को तोड़कर उग्र प्रदर्शन दुर्भाग्यपूर्ण : शक्ति

पटना। राजद प्रवक्ता ने भाजपा के प्रदर्शन पर तंज कसा है। कहा कि भारतीय जनता पार्टी शिक्षकों के नाम पर जिस तरह से हुड़दंगई सड़कों पर दिखाया लोकतंत्र में इस तरह के उग्र और गैर कानूनी तरीके से उग्र प्रदर्शन को रूप देना कहीं से उचित नहीं है। ये भाजपा कि बौखलाहट साफ देखी जा सकती है। विपक्षी एकता से भाजपा का संतुलन बिगड़ सा गया है। प्रदर्शन के नाम पर भाजपा नेताओं ने जिला प्रशासन द्वारा दिए गए रूट की अनदेखी की और सीमा रेखा का भी उल्लंघन किया। पुलिस बलों ने नियंत्रित करने की संजीदगी के साथ कोशिश की तथा भाजपा के मनचढ़ू लोगों ने उग्र होकर पुलिस पर ही डंडों से प्रहार किया और बैरिकेडिंग को तोड़कर उग्रता का परिचय दिया। कानून को अगर कोई हाथ में लेगा तो नियंत्रित करना स्वाभाविक है। भाड़े पर मंगाए गए लोगों के भरोसे भाजपा ने सड़कों पर उतर कर हंगामा किया। भाजपा का प्रदर्शन शिक्षकों व अभियार्थियों के लिए नहीं था बल्कि अपना चेहरा चमकाना चाह रहे थे। कुछ सांसद जिनका टिकट कटने की अफवाह बाजार में फैली थी, उन लोगों ने प्रदर्शन में भाग लेकर चिहार काट रहे थे। ताकि टिकट की प्राप्ति हो जाए। भाजपा का प्रदर्शन पूरी तरह से फेल था। ये प्रदर्शन के नाम पर हुड़दंगई था।

साजिश के तहत बीजेपी के लोगों पर डंडे बरसाए गए : पटेल

पटना। बिहार बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने बीजेपी के शांतिपूर्ण विधानसभा मार्च पर हुए लाठीचार्ज को लोकतंत्र की हत्या बताया। उन्होंने कहा कि सांसद, विधायक, विधान पार्षद समेत 100 से अधिक कार्यकर्ताओं को गंभीर रूप से चोट लगी है। कइयों के हाथ टूट गये हैं तो कइयों के पैर टूट गये हैं। कुछ नेताओं के सिर भी फटे हैं। जहानाबाद के जिला महामंत्री विजय कुमार सिंह की पुलिस की पिटाई से मौत हो गयी है। यह बेहद दुखद घटना है, जबकि भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के नेतृत्व में शांतिपूर्ण मार्च कर रहे थे फिर भी प्रशासन प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी पर लाठियां चलाई। उन्होंने कहा कि बीजेपी के निहत्थे लोगों को बूरी तरह पीटा गया। जिस तरह जहानाबाद के बीजेपी नेता विजय सिंह की पुलिस की पिटाई से मौत हुई है, इस पर हत्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। पूर्व मंत्री जनार्दन प्रसाद सिग्रीवाल को भी गंभीर चोट लगी है। पूर्व मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह पर भी डंडे बरसाए गए। मधुबनी के सांसद अशोक यादव, कुढ़नी के विधायक केदार गुप्ता सहित दर्जनों विधायक भी गंभीर चोट लगी है। साजिश के तहत बीजेपी के लोगों पर डंडे बरसाए हैं। शांतिपूर्ण विधानसभा मार्च पर इस प्रकार लाठी बरसाना सरेआम गुंडागर्दी है। पूरे बिहार में जंगलराज और गुंडाराज आ गया है और इस गुंडाराज को आज बिहार की जनता भुगत रही है। जनता अब इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। इस ठगबंधन और लठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंकेगी। हमलोग संघर्ष कर इस जुल्मी सरकार को बख्शने वाले नहीं हैं।

शांतिपूर्ण मार्च पर बर्बरतापूर्ण कार्रवाई लोकतंत्र पर हमला : मंगल

पटना। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय ने विधानसभा मार्च के दौरान बीजेपी नेताओं व कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की है। साथ ही लाठी चार्ज में एक भाजपा कार्यकर्ता की मौत पर दुख जताते हुए कहा कि तानाशाही सरकार जनता की आवाज को कूचलने का काम कर रही है। शांतिपूर्ण मार्च पर बर्बरतापूर्ण कार्रवाई लोकतंत्र पर हमला है। इस हमले में कार्यकर्ता के अलावे विधायक और सांसदों को भी नहीं बख्शा गया। सबों की जानवरों की तरह पिटाई की गई। लाठी चार्ज में राज्य के सैकड़ों कार्यकर्ता घायल हुए, जिनका इलाज राजधानी के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। सरकार के इशारे पर पुलिस की इस बर्बरता ने अंग्रेजों के शासन को भी मात दे दिया। इसका जवाब आने वाले समय में राज्य की जनता अवश्य देगी।

भाजपा पूरे राज्य में आज मनाएगी काला दिवस : सम्राट

- बोलें- भाजपा ने वीर साथी गंवाया, महामंत्री विजय सिंह की हत्या हुई
- बिहार सरकार अपराध, भ्रष्टाचार का संरक्षक बन चुकी है : विजय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने विधानसभा मार्च के दौरान हुए लाठी चार्ज और जहानाबाद के महामंत्री विजय सिंह के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि आज भाजपा ने एक वीर साथी गंवाया है। प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में श्री चौधरी ने कहा कि प्रदेश में लोकतंत्र खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि आज की बर्बरतापूर्ण कारवाई की चर्चा करते हुए कहा कि किसी के 12 टांके, तो किसी को 15 टांके लगे है। एमपी जनार्दन प्रसाद सिग्रीवाल को वाई प्लस सुरक्षा है उन्हे भी पुलिस मारकर अस्पताल पहुंचा दिया। हजारों कार्यकताओं को पीटा गया। उन्होंने कहा कि आज की घटना के विरोध में कल यानी शुक्रवार को भाजपा काला दिवस के रूप में मनाएगी। इसके अलावा राज्यपाल अगर बिहार आ जाते हैं, तो उनसे समय मांगकर एक प्रतिनिधिमंडल मिलेगा और आज की घटना की पूरी जानकारी देगा। इसके अलावा कल विधानसभा और विधानमंडल में सरकार से जवाब मांगा जाएगा कि आखिर शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर लाठियां क्यों चलाई गई? इसके बाद शनिवार को सभी जिला और मंडलों में भाजपा धरना देगी और दिवंगत वीर साथी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि भाजपा परिवार दिवंगत साथी के परिजनों को 10 लाख रुपए आर्थिक सहयोग देगी तथा परिवार को गोद लेकर आगे सभी प्रकार की मदद करेगी। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधानमंडल में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार अपराध और भ्रष्टाचार का संरक्षक बन गई है। श्री सिन्हा ने कहा कि जंगलराज हटाने के लिए भी कई परिवारों ने बहुत कुछ खोया है। उन्होंने कहा कि आज सदन में भी अघोषित आपातकाल है और सड़क पर भी अघोषित आपातकाल है, जहां विपक्ष को बोलने नहीं दिया जा रहा है। संवाददाता सम्मेलन में बिहार सरकार के पूर्व उप्मुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद पाटलिपुत्र के सांसद रामकृपाल यादव राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी संजय मयूर प्रदेश प्रवक्ता अरविंद सिंह प्रदेश मीडिया प्रभारी अशोक भट्ट शामिल थे।

भाजपा बिहार को लगातार अस्थिर करने के प्रयास में : माले

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाकपा-माले राज्य सचिव कुणाल ने कहा है कि भाजपा बिहार को लगातार अस्थिर करने के प्रयास में है। जब से वह यहां की सत्ता से बेदखल हुई है, इस तरह का उसका प्रयास लगातार जारी है। पूरे राज्य में सांप्रदायिक उन्माद-उत्पात फैलाने की लगातार कोशिशों के बीच उसने आज के विधानसभा मार्च के दौरान वही काम करने का काम किया। आज के भाजपा के विधानसभा मार्च में आम लोगों की भागीदारी नगण्य रही लेकिन पूरे पटना में उपद्रव मचाने की कोशिश उसके चंद कार्यकताओं द्वारा की गई। अडाणी घोटाले से लेकर कॉरपोरेट लूट को संरक्षण देने वाली भाजपा किस मुंह से भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने की बात करती है। हर कोई जानता है कि भाजपा ऐसी पार्टी है जिसमें जितने बड़े भ्रष्टाचारी शामिल हों, पाक-साफ हो जाते हैं। महाराष्ट्र के हालिया प्रकरण में पूरे देश ने देखा कि सत्ता के लिए किस स्तर तक वह गिर सकती है। जो भाजपा हर दिन संविधान की हत्या करती है, बिहार में वह लोकतंत्र की दुहाई दे रही है। इस देश के संविधान व लोकतंत्र को सबसे बड़ा खतरा भाजपा से ही है। यह भी कहा कि शिक्षकों के सवाल पर भाजपा को बोलने का कोई हक नहीं है। सुशील मोदी दर्जनों बार बोल चुके हैं कि यदि भगवान भी आज जाएं तो नियोजित शिक्षकों को सरकारी कर्मी का दर्जा नहीं मिल सकता। यह लड़ाई भाकपा-माले लड़ रही है। जब मुख्यमंत्री और 11 जुलाई को वित्त मंत्री ने भी शिक्षक संगठनों से वार्ता का आश्वासन दे दिया, तब भाजपा शिक्षकों की मांग पर मार्च करने का स्वांग नहीं तो और क्या कर रही? देश में आज बेरोजगारी चरम पर है। बिहार भाजपाइयों की हर चाल को समझता है और उसके मंसूबे को असफल करता रहा है इसलिए वह बिहार को लगातार अस्थिर करने की कोशिश में है। माले राज्य सचिव ने यह भी कहा कि पता चला है कि आज के मार्च के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रशासन का कहना है कि वह व्यक्ति अचेतावस्था में पाया गया और पीएमसीएच जाते-जाते मौत हो गई. पोस्टमार्टम से मौत के कारण का और ज्यादा पता चलेगा।

पुलिस द्वारा लाठीचार्ज की घटना निंदनीय : लोजपा रा

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास ने भाजपा द्वारा आयोजित शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने की घोर निंदा की है। इस घटना में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री विजय कुमार सिंह की मौत पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने गहरा दुख जताया है। चिराग ने कहा कि पुलिस ने बिहारियों के हक और अधिकार के लिए लड़ रहे भाजपा के निहत्थे कार्यकर्ता की जिस तरह जान ले ली। श्री चिराग ने सवाल पूछा है कि सरकार बताएं कि इन कार्यकताओं का क्या कसूर है,यह बिहार में अघोषित आपातकाल नहीं है तो और क्या है ? श्री चिराग ने भाजपा नेता विजय सिंह की असामयिक मौत पर गहरा दुख जताया है और उनके शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है और ईश्वर से प्रार्थना किया है कि इस दुख की घड़ी में शोकाकुल परिवार को असहय दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें । लोजपा (रा) सुप्रीमो चिराग पासवान ने कहा कि पहले छात्र, फिर शिक्षक अभ्यर्थी और किसान सलाहकारों के बाद भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं पर लाठीचार्ज करना सरकार के तानाशाही रवैया को दशार्ता है। यह दुखद व बेहद शर्मनाक है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी मुख्यालय में की समीक्षा बैठक

पटना। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने गांधी मैदान में 12 जुलाई को कांग्रेस द्वारा आयोजित मौन सत्याग्रह की पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम में समीक्षा बैठक की। उन्होंने गांधी प्रतिमा के समक्ष आयोजित मौन सत्याग्रह कार्यक्रम को सफल एवं असरदार करार दिया। गौरतलब है कि बिहार कांग्रेस ने 12 जुलाई को गांधी मैदान में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के समर्थन में एवं मोदी सरकार के दमनकारी शासन व्यवस्था के खिलाफ विशाल मौन सत्याग्रह का आयोजन किया था जिसमें पूरे राज्य के कोने-कोने से बड़ी तादाद में नेता एवं कार्यकर्ता अपने समर्थकों के हुजूम के साथ भागीदारी दी थी। प्रदेश अध्यक्ष डा सिंह ने आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि मौन सत्याग्रह के कार्यक्रम को इस कदर प्रभावशाली एवं असरदार बनाने के लिए मैं कांग्रेस के सभी शीर्ष नेता, प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों एवं पार्टी के मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों, सभी प्रकोष्ठों एवं विभागों के पदाधिकारियों का मैं तहेदिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूँ। अल्प अवधि में जागकर उन्होंने हर चीज का ध्यान रखा एवं आयोजन की बेहतरीन तैयारी की।

चौकीदार की नौकरी को स्थाई करें सरकार : पप्पू

पटना। जाप राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव ने गर्दनीबाग धरना स्थल पर चौकीदार दफादार संघ में धरने को सम्बोधित किया। जाप सुप्रीमों ने कि कहा गया कि राज्य सरकार चौकीदारों के अधिकारों में कटौती कर रही है जो गंभीर विषय है। जन अधिकार पार्टी चौकीदार दफादार के हक व अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ेगी। पप्पू यादव ने कहा कि चौकीदारों बहुत पुरानी और परंपरागत पेशा है। सरकार इनसे रोजगार छीनकर आग के साथ खेल रही है। जाप अध्यक्ष ने कहा कि समाज को सुरक्षित रखने वालों का भविष्य आज असुरक्षित हो गया है।

डेंगू जागरूकता अभियान के लिए 15 से घर घर जाएगी पटना नगर निगम की टीम

- फॉगिंग एवं एंटी लार्वा के छिड़काव के साथ सवालों के माध्यम से किया जाएगा आमजनों का जागरूक

पटना। पटना नगर निगम द्वारा बरसात के दौरान शहर में डेंगू एवं चिकुनगुनिया के मामले को रोकने के लिए आमजनों को घर-घर जाकर जागरूक किया जाएगा। गौरतलब है कि रोस्टर अनुसार पटना नगर निगम के सभी वार्डों में फॉगिंग एवं एंटी लार्वा की टीम छिड़काव कर रही है। इसके साथ ही नगर निगम की टीम द्वारा बिमारियों से बचाव एवं जागरूकता संबधित जानकारियां भी आमजनों को घर घर जाकर उपलब्ध करवाई जाएगी।

प्रतिदिन सेक्टर अनुसार निकलेगी टीम : सभी वार्डो में सेक्टर वार एक-एक टीम का गठन किया जायेगा। एक दल में दो कर्मी होगें, जिसमें से एक कर्मी के पास एंटी लार्वा छिड़काव हेतु स्प्रे मशीन तथा दूसरे कर्मी के पास पंजी एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 हेतु निर्धरित फीडबैक होगा। इसके साथ ही प्रत्येक घर से स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 हेतु निर्धरित क्युआर कोड को स्कैन कराकर फीडबैक भी प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। सवालों के माध्यम से किया जाएगा जागरूक : पटना नगर निगम कर्मियों द्वारा छिड़काव के उपरान्त पंजी में एक निर्धरित डेंगू जागरूकता प्रपत्र जिसमें कई सवाल होंगे जिनको भरवाकर संबंध्ति घर के मुखिया/सदस्य से हस्ताक्षर एवं मोबाईल नम्बर भी प्राप्त किया जाएगा। इसमें जनजागरूकता संबंधित सवालों को शामिल किया गया है।

डेंगू से बचाव हेतु पूछे जाने वाले सवाल : क्या आपको पता है कि डेंगू के मच्छर साफ पानी में पनपते है ? क्या आपके घर के अंदर एसी, कुलर, गमले, पुराने टायर या खाली डब्बे में साफ पानी का जमाव होता है ? क्या आपके घर के आसपास फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव होता है? क्या आप मच्छर भगाने वाले संसाधन का उपयोग करते है ? नगर आयुक्त के निर्देश पर सभी सेक्टरों में एंटी लार्वा छिड़काव कार्य हेतु संबंधित वार्ड के कर्मियों को जिम्मेवारी दी जायेंगी। स्प्रे करने वाले कर्मी पीपीई कीट, मास्क एवं गलव्स का प्रयोग करेंगे।

महागठबंधन की सरकार निरंकुश हो गई है : विनोद

पटना। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने बयान जारी कर कहा है कि सरकार ने पूर्वनियोजित तरीके से पानी, आंसू गैस और लाठी के द्वारा शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों को पीटना शुरू किया है। एक शांतिपूर्ण मोर्चे पर इस प्रकार लाठी बरसाना सरेआम गुंडागर्दी है । विनोद तावड़े ने भाजपा के कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता और जहानाबाद के महामंत्री श्री विजय कुमार सिंह जी की लाठीचार्ज से हुई मृत्यु पर शोक जताते हुए कहा कि, मैं स्तब्ध हूँ! एक पूर्णतः लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण मार्च में पुलिसिया कार्रवाई में लाठियों से पीटकर भाजपा जिला महामंत्री विजय कुमार सिंह की हत्या कर दी गई। क्या अन्याय का विरोध करना इतना बड़ा अपराध है कि सरेआम लाठी भांजकर हत्या कर दी जाए? उन्होंने महागठबंधन सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि विजय का निधन इस गठबंधन सरकार के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी । श्री तावड़े ने कहा कि महागठबंधन की सरकार कर्तव्य हीन, दिशाहीन और निरंकुश हो गई है। लगातार शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले निहत्थे और निरीह लोगों पर लाठियां चलवाने का काम करने वाली महागठबंधन की सरकार ने बापू और जेपी के विचारों का पूर्णतः त्याग करके उन्हें गंगा जी में प्रवाहित कर दिया है।

मृतक के परिवार को एक करोड़ मुआवजा मिले : मांझी

पटना। बीजेपी नेता विजय सिंह की मौत पर जीतन राम मांझी का बड़ा बयान सामने आया है। कहा कि विजय सिंह की मौत नही हत्या की गई है।

मांझी ने कहा कि इस मामले में फौजदारी मुकदमा चलना चाहिए। मांझी ने स्पष्ट कहा कि विजय सिंह की मौत मामले में सरकार दोषी है,बीजेपी कार्यकताओं को बेरहमी से पीटा गया है। हम संरक्षक पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कहा बिहार में आपातकाल जैसी स्थिति बन गई है, विजय सिंह की तीन बेटियां है जो बेरोजगार है, उन्होंने कहा कि बिना प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसे लाठी चार्ज शुरू किया गया। मांझी ने स्पष्ट कहा शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों से पुलिस को रोककर बात करना चाहिए था।

बीजेपी नेताओं एवं महिलाओं पर लाठीचार्ज दुर्भागयपूर्ण : उपेन्द्र

पटना। युवा राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र यादव ने कहा कि शांतिपूर्ण विधानसभा मार्च के दौरान विपक्षी नेताओं एवं महिलाओं पर लाठीचार्ज दुर्भाग्यपूर्ण है। उसकी जितना भी निंदा किया जाय बहुत कम है। इस घटना को करते हुए श्री यादव ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन करने का अधिकार सब लोगों का है। उन्होनें वादा किया था कि हम सरकार में आते ही पहले कलम से 10 लाख युवाओं को रोजगार देगें, लेकिन ये सब वादा खोखला रह गया। जनता सब देख रही है और आने वाला लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में इनकों जवाब देगी। आगे यादव ने कहा कि महागठबंधन की सरकार कलम की जगह लाठी दे रही है और यही लाठी इस सरकार को सत्ता से बेदखल करेगी। आगे उन्होनें कहा कि ये सरकार गरीब एवं दलित विरोधी सरकार है। पढ़ाई, सिंचाई, कमाई, दवाई और सुनवायी का यह नारा सिर्फ जुमला था। बिहार की सत्ता को नौजवानों के द्वारा बदला जायेगा। कभी छात्रों पर तो कभी शिक्षिकों पर कभी किसानों पर कभी जनोतिनिधियों पर लाठियाँ बरसाई जा रही है। उपेन्द्र यादव ने लाठीचार्ज में बीजेपी के जिला महामंत्री विजय कुमार के मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की तथा मृतक के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की।

पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने की निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा

पटना। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने गुरूवार को महेन्दूघाट में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में नई लाईन, दोहरीकरण, थर्ड लाईन सहित पूर्व मध्य रेल की विभिन्न निर्माण परियोजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की । परियोजनाओं की समीक्षा के क्रम में महाप्रबंधक ने निर्माण परियोजनाओं तथा रेल विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का दिशा-निर्देश दिया। बैठक में अपर महाप्रबंधक सहित प्रमुख विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल के निर्माण विभाग की उपलब्धियों एवं भविष्य की कार्ययोजनओं से महाप्रबंधक को अवगत कराया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल में चल रही निर्माण परियोजनाओं की नियमित एवं गहन मॉनिटरिंग का निर्देश दिया ताकि सभी निर्माण कार्य तय समय पर पूरा किया जा सके।

दानापुर और बेंगलूरु के मध्य 02 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

पटना। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु दानापुर और बेंगलूरु के मध्य 02 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है। गाड़ी संख्या 03247/03248 दानापुर-एसएमभीवी, बेंगलूरु सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन-गाड़ी संख्या 03247 दानापुर-एसएमभीबी,बेंगलूरु सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 20 से 31 जुलाई तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को दानापुर से 15.00 बजे खुलकर 15.29 बजे आरा, 16.20 बजे बक्सर, 18.20 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए क्रमशः शनिवार को 13.00 बजे एसएमभीवी, बेंगलूरु पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 03248 एसएमभीवी, बेंगलूरु-दानापुर सुपरफास्ट स्पेशल 22 से 02 सितंबर तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को 23.25 बजे एसएमभीबी, बेंगलूरु से खुलकर सोमवार को 18.20 बजे डीडीयू, 19.45 बजे बक्सर, 21.15 बजे आरा रूकते हुए 23.30 बजे दानापुर पहुंचेगी । इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 02, शयनयान श्रेणी के 12 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे। गाड़ी संख्या 03259/03260 दानापुर -एसएमभीवी, बेंगलूरु सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 03259 दानापुर-एसएमभीवी, बेंगलूरु सुपरफास्ट स्पेशल 18 से 29 अगस्त तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को दानापुर से 15.00 बजे खुलकर 15.29 बजे आरा, 16.20 बजे बक्सर, 18.20 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए क्रमशः गुरूवार को 13.00 बजे एसएमभीवी, बेंगलूरु पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 03260 एसएमभीवी, बेंगलूरु-दानापुर सुपरफास्ट स्पेशल 20 से 31 अगस्त तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को 23.25 बजे एसएमभीबी, बेंगलूरु से खुलकर शनिवार को 18.20 बजे डीडीयू, 19.45 बजे बक्सर, 21.15 बजे आरा रूकते हुए 23.30 बजे दानापुर पहुंचेगी। इस ट्रेन में साधारण श्रेणी के 18 कोच एवं एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 20 कोच होंगे।

साउथ बिहार एक्सप्रेस बिलासपुर मंडल के बेलपाहाड़ स्टेशन पर ठहराव

पटना। यात्रियों की सुविधा हेतु राजेन्द्रनगर और दुर्ग के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 13287/13288 दुर्ग-राजेन्द्रनगर-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस का झारसुगुडा और रायगढ़ स्टेशनों के मध्य बेलपाहाड़ स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर दो मिनट का ठहराव दिया जा रहा है। 15 जुलाई से राजेन्द्रनगर से खुलने वाली गाड़ी संख्या 13288 राजेन्द्रनगर-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस 13.39 बजे बेलपाहाड़ स्टेशन पहुंचेगी और 13.41 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह 16 जुलाई से दुर्ग से खुलने वाली गाड़ी संख्या 13287 दुर्ग-राजेन्द्रनगर साउथ बिहार एक्सप्रेस 12.50 बजे बेलपाहाड़ पहुंचेगी तथा 12.52 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 17005/17006 हैदराबाद-रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस का सिकंदराबाद मंडल के पेद्दपल्ली जं. पर ठहराव यात्रियों की सुविधा हेतु हैदराबाद और रक्सौल के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 17005/17006 हैदराबाद-रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस का सिकंदराबाद मंडल के काजीपेट और मंचिर्याल स्टेशनों के मध्य पेद्दपल्ली.स्टेशन पर प्रायौगिक तौर पर ठहराव दिया जा रहा है । दिनांक 13 जुलाई से हैदराबाद से खुलने वाली गाड़ी संख्या 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस 02.34 बजे पेद्दपल्ली.जं. पहुंचकर 02.35 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह दिनांक 16 जुलाई से रक्सौल से खुलने वाली गाड़ी संख्या 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस 14.59 बजे पेद्दपल्ली जं. पहुंचकर 15.00 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

अनुग्रह अनुदान पोर्टल का शुभारंभ एवं चटकारे जिंदगी के वीडियो सीरिज का विमोचन

महिला सशक्तिकरण के लिए हब फॉर एमपावरमेंट ऑफ विमेन का उन्मुखीकरण कार्यशाला

- समाज कल्याण मंत्री ने कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तिकरण के लिए हब के बारे में उन्मुखीकरण, आईसीडीएस के अंतर्गत कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं की सेवा काल के दौरान मृत्यु उपरांत आश्रितों को मिलने वाले अनुदान राशि के लिए अनुग्रह अनुदान पोर्टल का शुभारंभ, साथ ही समुदाय में पोषण ० स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए चटकारे जिंदगी के विडियो श्रृंखला का गुरूवार को विमोचन किया जा रहा है उक्त बातें समाज कल्याण मंत्री ने एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कहीं। कार्यक्रम में सचिव, समाज कल्याण विभाग, प्रेम सिंह मीणा, प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, वंदना प्रेयसी, निदेशक, समेकित बाल विकास सेवाएं, बिहार डॉ. कौशल किशोर, निदेशक पीसीआई, महिला विकास नगर निगम की टीम, आईसीडीएस टीम सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे। हब है महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पहलः समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि मिशन शक्ति के तहत सामर्थ्य उप योजना के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु राज्य स्तर पर हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन की स्थापना की जानी है। मंत्री ने बताया कि सामर्थ्य उप योजना के घटकों में शक्ति सदन, सखी निवास, कामकाजी महिला छात्रावास के साथ राष्ट्रीय क्रेच योजना (पालना घर) एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना योजना की मौजूदा योजनाओं को अब सामर्थ्य में शामिल किया गया है उन्होंने बताया कि अनुग्रह अनुदान पोर्टल में आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं के सेवाकाल में मृत्यु के उपरांत उनके आश्रितों को 4 लाख अनुदान देने का प्रावधान है। इस पोर्टल के माध्यम से अनुग्रह अनुदान की राशि प्राप्त करने के लिए आश्रितों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन एवं उसकी स्थिति की जानकारी सरलता से उपलब्ध हो पायेगी, इससे निर्धारित समय एक माह में अनुदान मिलने की प्रक्रिया पूर्ण हो पायेगी। चटकारे जिंदगी के समुदाय में स्वास्थ्य एवं पोषण के संदेशों को पहुंचाने की एक अलग पहलः मंत्री ने बताया कि समुदाय में स्वास्थ्य एवं पोषण के संदेशों को पहुचाने हेतु नाटकीय अंदाज में प्रस्तुत करने के लिए चटकारे जिंदगी के एक एडुटेनमेंट ड्रामा सिरीज तैयार की गयी है यह सीरीज गर्भवती, धात्री महिलाओं एवं बच्चों को ध्यान में रखकर परिवार नियोजन, जेंडर समानता, पोषण शिक्षा, पोषण बगीचा, संस्थागत प्रसव, ससमय ऊपरी आहार आदि पर बनाया गया है। उन्मुखीकरण कार्यशाला से सबका मिलेगा लाभः कार्यशाला को संबोधित करते हुए सचिव, समाज कल्याण विभाग, प्रेम सिंह मीणा ने कहा कि उन्मुखीकरण कार्यशाला एवं अन्य योजनाओं के विमोचन से महिला सशक्तिकरण, समुदाय में स्वास्थ्य एवं पोषण के संदेशों को प्रसारित करने एवं अनुग्रह अनुदान पोर्टल के माध्यम से शीघ्र अनुदान प्राप्त करने के पहल को एक नयी गति मिलेगी। मौक पर आईसीडीएस के निदेशक डॉ. कौशल किशोर का भी संबोधन हुआ।

संक्षिप्त खबरें

मामा के साथ भागी शादीशुदा भांजी, पति ने थाने में दर्ज करवाया सनहा

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से एक शादीशुदा युवती अपने ससुराल से रिश्ते में मामा के साथ फरार हो गई। मामले को लेकर फरार युवती की पति ने विभूतिपुर थाना में एक सनहा दर्ज करवाया है। जिसमें बताया गया की एक जुलाई की रात्री मेरी पत्नी घर से 50 हजार रुपए नगद, डेढ़ लाख रुपए का जेवरात, कपड़ा व मोबाइल लेकर रिश्ते में मामा के साथ फरार हो गई।

विद्यालय के सीढ़ी भवन पर गिरा ठनका, बच्चे सुरक्षित

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय केराई डीह में गुरुवार की दोपहर विद्यालय के सीढ़ी भवन पर ठनका गिरा। जिससे भवन का एक किनारा थोड़ा क्षतिग्रस्त हुआ। लेकिन सभी छात्र-छात्राएं बाल-बाल सुरक्षित रहे। जानकारी देते हुए एचएम संजय कुमार ने बताया कि एमडीएम खिलाकर सभी बच्चे को वर्गकक्ष में बैठाया जा चुका था उसी समय हल्की बारिश शुरू हुई और एक तेज बिजली कड़क के साथ विद्यालय के सीढ़ी भवन के छत पर तेज रोशनी के साथ गिरा। जिससे भवन का एक कोना क्षतिग्रस्त हुआ परन्तु किसी तरह का कोई नुकसान नही हुआ।

पटना में भाजपा नेता पर सरकार द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज की भाजपाईयों ने की निंदा

विभूतिपुर, समस्तीपुर। पटना में प्रदर्शन कर रहे भाजपा नेता पर सरकार द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज व एक भाजपा कार्यकर्ता की मौत पर विभूतिपुर में भी भाजपा नेता ने निंदा की। भाजपा नेता कृष्ण देव प्रसाद सिंह, अरविंद कुमार कुशवाहा, पंकज कुमार लाल, शिवजित पिंटू, मनोज कुशवाहा, चन्द्रमणि प्रसाद सिंह, अमन पराशर, बाबू साहेब झा, चन्देश्वर पासवान आदि नेताओं ने घटना की निंदा की है। पहले शिक्षको पर लाठीचार्ज, फिर किसान सलाहकार पर और अब भाजपा नेता पर भी लाठीचार्ज की गई है। यह राज्य के लिए दुर्भाग्य की बात है।

आर्म्स एक्ट के दो आरोपी समेत चार धराए

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन थाना क्षेत्र के रायपुर बुजुर्ग चौक से बुधवार की देर शाम पुलिस ने देसी कट्टा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवकों की पहचान रायपुर बुजुर्ग निवासी शत्रुघ्न सहनी के पुत्र सोनू सहनी एवं विजय सहनी के पुत्र विक्रम सहनी के रूप में की गई है। वहीं पूर्व के कांड में आरोपी थाने के मधुवन निवासी स्व० महेंद्र राम के पुत्र दिनेश राम तथा मोसिंगपुर निवासी सूर्यनारायण चौधरी के पुत्र राघवेन्द्र चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार सभी आरोपियों को गुरुवार की शाम न्यायिक हिरासत में समस्तीपुर भेज दिया गया।

लायंस क्लब की महिला सदस्यों ने किया सेनेटरी पैड का वितरण

रक्सौल। लायंस क्लब ऑफ रक्सौल, डिस्ट्रिक्ट 322ई की महिला सदस्यों ने आज एक बैठक पंकज टॉकीज परिसर में उपाध्यक्ष लायन प्रियंका सोनी, लायन रेणु रुंगटा के नेतृत्व एवं संयुक्त सचिव लायन सीमा वर्णवाल तथा क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन नूतन चौरसिया के संयोजन तथा फैमिली वेलफेयर चेयरपर्सन लायन सुशीला धनोठिया, स्किल डेवलपमेंट चेयरपर्सन लायन डॉ.भावना चौहान, लायन नीलम हिसारिया, पिसपोस्टर चेयरपर्सन लायन पूनम सर्राफ, परमानेंट प्रोजेक्ट चेयरपर्सन लायन अनिता जालान की उपस्थिति में किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए महिला सदस्यों ने कहा कि प्रत्येक महीने महिलाओं एवं बालिग बच्चियों के स्वास्थ्य व स्वच्छता हेतु अभियान चलाकर जागरूक किया जाएगा। वहीं संयुक्त सचिव लायन सीमा वर्णवाल ने बताया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी लायंस क्लब ऑफ रक्सौल द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तिथि की घोषणा अतिशीघ्र की जाएगी। आज लायनिस्टिक वर्ष 2023-2024 के लायन महिला सदस्यों की प्रथम बैठक के पश्चात अगल- बगल की स्लम बस्तियों में रहने वाली महिलाओं एवं बालिग बच्चियों को सेनेटरी नेपकिन पैड देकर साफ-सफाई के साथ रहने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। लायंस क्लब ऑफ रक्सौल की जागरूक एवं कर्तव्यपरायण महिला सदस्याओं की इस सराहनीय प्रयास का सभी पुरुष लायन सदस्यों ने भूरी- भूरी प्रशंसा करते हुए कहा की समाज हित में इस प्रकार के नेक कार्यों में भरपूर सहयोग एवं योगदान करेंगे।नारी सशक्तिकरण की ओर बढने का लायंस क्लब का ये सार्थक प्रयास है।

एसपी आवास के सामने ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट क्वार्टर में 10 लाख की चोरी

लाखों रुपए के स्वर्ण आभूषण, पूजा के बर्तन, नल की टोटी की चोरी कर ले गए चोर

- 6 दिन पहले भी हुई थी चोरी, पुलिस ने नहीं की कार्रवाई बुलंद हौसले के साथ चोरों ने दूसरी बड़ी घटना को दिया अंजाम

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर एसपी आवास के सामने व सदर डीएसपी आवास के बिल्कुल बगल में स्थित ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट के चार क्वार्टरों में बीती रात अज्ञात चोरों के द्वारा लाखों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम देकर समूचे शहर में सनसनी फैला दी। चोरों ने अदम्य दुस्साहस का परिचय देते हुए शहर के सबसे सुरक्षित एरिया को एक ही रात की घटना में असुरक्षित बना दिया। मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने जुडिशल मजिस्ट्रेट के चार क्वार्टरों में भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बता दें कि जुडिशल मजिस्ट्रेट किरण कुमारी के यहां चोरों ने गोदरेज तोड़कर लगभग सात लाख रुपए के स्वर्ण आभूषण समेत तांबा व पीतल के पूजा के बर्तन एवं अन्य कीमती सामानों की चोरी कर ली। आशंका जताई गई है कि चोर बाथरूम के रोशनदान को तोड़कर घर में घुसे होंगे। बताया गया कि बाथरूम का दरवाजा बंद नहीं होता था, जिस कारण दरवाजा हमेशा सटा हुआ रहता था। जिसका फायदा चोरों को मिला। वहीं इसके अलावा जुडिशल मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह गेराज में भी चोरों ने कई कीमती सामानों की चोरी कर ली। इसके अलावा ऊपर के दो अन्य क्वार्टरों में रिनोवेशन कार्य चल रहा था। जहां से भी चोरों ने जो भी हाथ लगा उस सामान की चोरी कर ली। चोरों ने नल की टोटी, कानून की किताबें व अन्य सामानों की चोरी कर ली। चोरों ने क्वॉर्टर में लगे ट्यूब लाइट को भी उखाड़ने का प्रयास किया। बताया गया कि जुडिशल क्वार्टर में सुरक्षा प्रहरी नहीं थे और न ही क्वार्टर में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे। इस घटना के बाद से नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस गश्ती भी सवालों के घेरे में आ गई है। फलक एक खबर संप्रेषण तक चोरी के आंकड़ों का खुलासा नहीं हो पाया था। लेकिन अनुमान व्यक्त किया गया है कि चोरों के द्वारा 10 लाख रुपए से अधिक की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। वहीं मुख्यालय डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है। जुडिशल मजिस्ट्रेट मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह और जुडिशल मजिस्ट्रेट किरण कुमारी के द्वारा मामले के संबंध अलग-अलग आवेदन दिया गया। जिसके आलोक में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही थी। बता दें कि अभी तक इस महीने में लूट की छह वारदात, हत्या की दो घटनाएं, छिनतई की दो घटनाएं एवं ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट क्वार्टर में हुई चोरी की घटना समेत चोरी की दो बड़ी घटनाओं को अभी तक अपराधियों के द्वारा अंजाम दिया जा चुका है। जिसमें एक हत्या मामले को छोड़कर अन्य सभी मामलों में पुलिस के हाथ खाली हैं। बिथान थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए मासूम बच्चे की गोली मारकर हत्या मामले में पुलिस ने तीन नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अलावा अन्य किसी मामलों में कुछ खास नहीं कर पायी है। इसके अलावा अन्य सभी मामलों में पुलिस फिसड्डी ही साबित हुई है। बता दें कि मजिस्ट्रेट क्वार्टर में लगभग 6 दिन पूर्व चोरी की एक घटना हुई थी। जिस के संबंध में नगर थाना में थाना कांड संख्या 179/23 दर्ज किया गया था। उस चोरी की घटना में नगर थाना पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई और दुस्साहसी चोरों के द्वारा दूसरी बड़ी घटना को अंजाम दे दिया गया।

आरपीएफ इंस्पेक्टर के ढाई वर्षीय पुत्र की नाले में डूब पर हुई मौत, खेलने के दौरान हुई घटना

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर शहर के रेलवे कालोनी स्थित श्वान दस्ता के सामने खेलने के दौरान आरपीएफ इंस्पेक्टर के ढाई वर्षीय पुत्र की मौत नाले के पानी में डूबने से हो गयी। घटना गुरुवार सुबह की है। बताया जाता है कि आरपीएफ क्राइम ब्रांच में कार्यरत इंस्पेक्टर संगीता कुमारी के ढाई वर्षीय पुत्र की क्वार्टर के सामने नाला में डूब कर मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद आरपीएफ कर्मियों के बीच मातम का माहौल हो गया है। घटना के संबंध में बताया गया है कि क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर संगीता कुमारी का ढाई वर्षीय पुत्र अथर्व सुबह अपने क्वार्टर के सामने खेल रहा था। खेलने के बच्चा क्वार्टर के सामने वाले खुले नाला में गिर गया। जिसके कारण बच्चे की मौत हो गयी। सुबह का समय होने के कारण लोगों की उस पर नजर नहीं पड़ी। बाद में जब बच्चे को नहीं देखने के बाद परिवार के लोग आसपास खोजने लगे। इसी दौरान आरपीएफ ने बच्चा को नाली में गिरा हुआ पाया। हल्ला होने पर जुटे आरपीएफ कर्मियों ने बच्चा को आनन-फानन में उठाकर रेलवे अस्पताल लाया। वहां से परिवार के लोग बच्चे को एक निजी अस्पताल में ले गए। लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत बताया। बाद में परिवार के लोग बच्चा को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने ईसीजी टेस्ट के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। बच्चा को मृत घोषित किए जाने के बाद परिवारिक सदस्यों में कोहराम मच गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर को कई पुलिसकर्मी संभाल रहे थे बावजूद वह बेसुध बनी हुई थी। घटना के बाद आरपीएफ कर्मियों में मातम बताया गया है कि इंस्पेक्टर संगीता के पति दिनेश कुमार है। इंस्पेक्टर संगीता झारखंड की रहने वाली है और पिछले एक साल से समस्तीपुर में कार्यरत है। इस घटना के बाद परिवार के लोगों के साथ ही आरपीएफ कॉलोनी में मातम की स्थिति बनी हुई है।

गंगापुर में ट्रक की ठोकर से छात्र की मौत, आक्रोशित ने किया एनएच 28 जाम

सरायरंजन, प्रात: किरण संवाददाता

मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव के समीप एनएच 28 पर गुरुवार की सुबह ट्रक की चपेट में आने से एक छात्र की मौत घटनास्थल पर हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने गंगापुर चौक के निकट एनएच 28 को जाम कर दिया है। मृतक की पहचान गंगापुर गांव निवासी उपेंद्र महतो के पुत्र गौरव कुमार (13) के रूप में की गई है। घटना के बाद ग्रामीणों ने बताया कि उक्त छात्र मध्य विद्यालय गंगापुर में सातवां क्लास का छात्र था। वहीं गुरुवार को कोचिंग से पढ़कर घर आया था। उसके बाद बाइक से गंगापुर चौक रस्सी लेने के लिए गया था। वापस लौटने के दौरान ताजपुर की ओर से आ रही एक अनियंत्रित ट्रक ने गंगापुर चौक के समीप उसके बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे उक्त छात्र की मौत घटनास्थल पर हो गई। वहीं ट्रक चालक ने मौके पर से ट्रक को लेकर फरार हो गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने गंगापुर चौक को जाम कर पुलिस प्रशासन से सड़क पर ब्रेकर बनवाने, मृतक के परिजन को उचित मुआवजा एवं ट्रक चालक को गिरफ्तार करने व ट्रक को जब्त करने की मांग कर रहे हैं। घटना की सूचना पर मुसरीघरारी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं पुलिस आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने बुझाने में जुटी थी। करीब 3 घंटे बाद स्थानीय पुलिस एवं समाजसेवियों के समझाने बुझाने के बाद सड़क जाम समाप्त किया गया। वहीं पुलिस द्वारा आश्वासन दिया गया कि अविलंब उचित कार्रवाई की जाएगी। उसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम समाप्त किया। उसके बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं इस घटना से मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। गांव में भी मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं गंगापुर मध्य विद्यालय के शिक्षकों ने भी छात्र की मौत पर शोक व्यक्त किया है। हालांकि सीसीटीवी फुटेज में उक्त ट्रक की फोटो मिल गयी है। इधर ग्रामीणों का कहना है कि कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय पदाधिकारियों से गंगापुर चौक पर ब्रेकर निर्माण एवं अतिक्रमण खाली कराने की मांग की गई। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। 1 सप्ताह के अंदर कार्रवाई नहीं हुई तो लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

पुलिस में भारी मात्रा में देशी बम किया बरामद, किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में अपराधियों के द्वारा किसी बड़ी साजिश के तहत घटना को अंजाम देने की योजना बनाई जा रही थी। इसके लिए अपराधियों के द्वारा बम भी बनाया जा रहा था। हालाकी समय से पूर्व इसकी भनक मुफस्सिल पुलिस को लगी और मुफस्सिल पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार्यवाही करते हुए अपराधियों के बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। साथ ही घटनास्थल से भारी मात्रा में बम एवं बम बनाने की सामग्री को बरामद किया है। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के आसीनपुर चौधरी टोला स्थित पानी टंकी के नीचे बने कमरे से भारी मात्रा में निर्मित व अर्द्ध निर्मि बम एवं बारूद बरामद किया गया। छापेमारी के दौरान बंद कमरे से पुलिस में काफी मात्रा में बारूद, सूतली एवं बम बनाने के उपयोग में किए जाने वाले अन्य सामग्रियों को भी जब्त किया है। बरामद बम की संख्या कितनी है, फिलहाल इसका पता नही चला है। वहीं इसमें अभी किसी की गिरफ्तारी भी नही हुई है। मुफस्सिल थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार सिंह ने कहा है कि पानी टंकी के नीचे बने कमरे से बम बारूद व उपयोग में किए जा अन्य सामान भी बरामद किया गया है। जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है। इस मामले में फिलहाल अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि किसी घटना को अंजाम देने के लिए अपराधियों के द्वारा यहां चुप चाप बम बनाया जा रहा था। नीचे बने कमरे में छापेमारी कर बड़ी सफलता हासिल किया है। इस दौरान निर्मित और अर्द्ध निर्मित बम के अलावा काफी मात्रा में बारूद एवं सुतली बरामद किया गया है। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही वहां से सभी अपराधी निकल चुके थे। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच करते हुए इसमें शामिल संदिग्ध की पहचान करने में जुटी हुई है। पुलिस की तत्परता के कारण अनहोनी की घटना टल गयी। फिलहाल पुलिस इसमें शामिल संदिग्ध की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी को खंगालने में जुटी हुई है। पुलिस का दावा है कि शीघ्र ही इस मामले में संलिप्त अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

डॉ. अजीत कुमार कुशवाहा बनाए गए शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश कोषाध्यक्ष

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कुमर राय द्वारा समस्तीपुर प्रखंड के विशनपुर पंचायत के निवासी डा० अजीत कुमार कुशवाहा उर्फ रजनीश को शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोनीत करने पर जिला में हर्ष का आलम है। डॉ० अजीत कुमार कुशवाहा बीडी कॉलेज में सहायक प्रोफेसर है तथा इससे पूर्व वे राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव थे। इनके मनोनयन पर स्थानीय विधायक सह बिहार विधानसभा के उप मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, राजद अल्पसंख्यक सेल के प्रदेश महासचिव मो० अरमान सदरी, जिला राजद सचिव राकेश यादव, राजद नगर अध्यक्ष उमेश यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, व्यवसायी हरेन्द्र कुमार, उत्कर्ष बैंक के वरीय प्रबंधक रवि आनंद, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शत्रुध्न यादव, राजद नेता ज्योतिष महतो, रविन्द्र कुमार रवि, मनोज पटेल, राकेश कुशवाहा, रंजीत कुमार रम्भू, ई० राजेश कुमार, मनोज कुमार राय, प्रमोद कुमार पप्पू, जयलाल राय, सैयद फैसल आलम मन्नू, मो० बशीर अहमद, मो० आसिफ इकबाल, डॉ० रामपुकार कुशवाहा आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए डॉ० अजीत कुमार कुशवाहा को बधाई दिया है।

राजेश मस्करा सरस्वती शिशु मंदिर में लगा नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर

प्रात: किरण संवाददाता

रक्सौल। गुरुवार को वरिष्ठ नागरिकों की हितैषी संस्था वरीय नागरिक सेवा मंच के तत्वावधान में शहर के ब्लॉक रोड स्थित राजेश मस्करा सरस्वती शिशु मंदिर में किरण आँखा अस्पताल, वीरगंज, नेपाल के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर लगाया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में गणेश वन्दना गायन के साथ दीप प्रज्वलन एवं भारतमाता एवं स्वामी विवेकानंदजी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी तथा सभी आगत चिकित्सक दल को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर वरीय नागरिक सेवा मंच के अध्यक्ष सह शिशु मंदिर की प्रबंधकारिणी समिति अध्यक्ष अवधेश सिंह ने किरण आँखा अस्पताल से आये जाँच शिविर में सभी डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सबों का सेवा भाव अत्यंत प्रशंसनीय है। वहीं श्री सिंह ने यह भी कहा कि नेत्र हमारे शरीर का सबसे संवेदनशील अंग है। इसकी समय-समय पर जाँच व चिकित्सीय परामर्श नितांत आवश्यक है। वहीं शिविर में अपनी सेवा देने आयी नेत्र विशेषज्ञ डॉ. आन्द्रिका यादव ने कहा कि मौसम की प्रतिकुलता, प्रदूषित पर्यावरण अनिमियत दिनचर्या व खानपान तथा स्मार्ट फोन की लत के कारण बच्चों में आँख की बीमारी अत्यप्राशित रूप से बढ़ रही है तथा कम उम्र में ही उन्हें चश्मा लग जा रहा है अथवा आँख की गंभीर के चपेट में आ जा रहे हैं। ऐसे में न केवल बच्चों बल्कि उनके अभिभावकों को भी अपने नौनिहालों की आँखों को लेकर बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है। नेत्र जाँच शिविर में किरन आँखा अस्पताल के चिकित्सक दल के रामबाबू चौरसिया, राजकुमार भण्डारी, कविता पोखरेल, सोनिया चौधरी, अनिकेत यादव एवं आनंद कुमार कुशवाहा ने सहयोग किया। आज के शिविर में 125 छात्र-छात्राओं तथा विद्यालय के शिक्षक एवं स्टाफ की नेत्र जाँच की गयी तथा कुछ बच्चों में आँखों में समस्या दिखी तथा उसके निवारण हेतु सलाह भी दी गयी। कार्यक्रम के अंत में शिशु मंदिर के प्राचार्य रमेश कुमार पाण्डेय एवं शिशु मंदिर की प्रबंधकारिणी समिति के सचिव डॉ. प्रकाश कुमार मिश्रा ने नेत्र जाँच शिविर में सेवा देने आयी किरण आँखा अस्पताल की टीम एवं वरीय नागरिक सेवा मंच के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर नेत्र जाँच शिविर को सफलीभूत करने में मंच के सचिव सुरेन्द्र द्विवेदी, मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी, हरिनारायण प्रसाद, द्वारिका सर्राफ, गिरधारीलाल श्रीवास्तव, शिशु मंदिर के सचिव डॉ. प्रकाश कुमार मिश्रा, आचार्य गगन देव पाठक, रामाशीष साह, कुन्दन कुमार, शम्भु प्रसाद, ओमप्रकाश मिश्रा, आयुषी आर्य एवं प्रमिला देवी आदि ने उल्लेखनीय योगदान दिया। इसकी जानकारी मंच के मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने दी है।

एसडीएम ने सरकारी योजनाओं की जांच करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए कई दिशा निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर अनुमंडल पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार के द्वारा साप्ताहिक जांच के दौरान जयनगर प्रखंड के बैरा पंचायत में सरकारी योजनाओं की जांच करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए ।एसडीएम ने वार्ड नंबर 2,7,10 एवं 11 वार्डों में सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वकांक्षी योजना का जायजा लिया एवं स्थानीय लोगों से विकास कार्यों की गति से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने पंचायत में मुख्यमंत्री के महत्वकांक्षी योजना हर घर नल जल, आंगनबाड़ी केंद्र, पीडीएस, स्कूल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य उप केन्द्र का जायजा लिया एवं सभी बिन्दुओं को बारिकि से जानकारी लेने के बाद लाभुकों को उनका लाभ दिए जाने की बात कही। उत्क्रमित मध्य विद्यालय में नौवीं कक्षा में निबंधन के नाम पर सरकार द्वारा निर्धारित राशि से अधिक राशि लिए जाने पर स्कूल प्रधानाध्यापक को फटकार लगाते हुए कहा कि इस तरह की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति समान्य थी। सेविका को बच्चों एवं महिला लाभुकों को सरकारी लाभ ससमय देने का आदेश दिया। नलजल योजना दुरुस्त पाया गया। कहीं-कहीं तकनीकी खराबी को जल्द दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र के सामने कचरे के ढेर को देख एसडीओ ने स्वास्थ्य कर्मी को स्वच्छता का पाठ पढ़ाते हुए आसपास के क्षेत्रों को साफ रखने का निर्देश दिया। जांच के दौरान आपूर्ति पदाधिकारी विपिन कुमार अंशु, कनीय अभियंता प्रशांत कुमार, मुखिया प्रतिनिधि बृज किशोर यादव, पंचायत समिति सदस्य जियाउल राईन समेत अन्य कर्मी मौजूद थें।

विद्यालय से बच्चों के जुड़ाव व ठहराव को ले दिया गया प्रशिक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन प्रखंड संसाधन केंद्र सरायरंजन में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय चहक प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। इसमें बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान, विद्यालय तत्परता तथा बच्चों में संज्ञानात्मक, भावनात्मक, सामाजिक एवं शारीरिक विकास पर चर्चा की गई। साथ ही खेल-खेल में बच्चों को पढ़ाना, आनंददायी वातावरण में बच्चों को विद्यालय से जुड़ाव एवं ठहराव के गुर सिखाए गए। मौके पर बीईओ सुमन कुमार, लेखापाल रमन लाल दास, प्रशिक्षक निरंजन कुमार कंठ एवं प्रवीण कुमार सिंह राठौर के अलावा प्रतिभागियों में विकास कुमार, आदित्य कुमार झा, आशुतोष कुमार, अब्दुल मलिक, फखरुल हसन, लक्ष्मण महतो, मुकेश चौधरी, हेमंत राम, गीता चौधरी, सविता कुमारी, ज्योति प्रभा कुमारी, ममता कुमारी आदि मौजूद रहे।

जल के रख-रखाव व महत्व पर दिया गया प्रशिक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन प्रखंड अंतर्गत बजिदपुर मेयारी पंचायत में वार्ड संख्या 16 स्थित पानी टंकी के प्रांगण में गुरुवार को मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के अनुरक्षण नीति के तहत आगा खान ग्राम समर्थन कार्यक्रम के सौजन्य से वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता उपमुखिया यशवंत कुमार ने की। प्रशिक्षण में नल जल के रख रखाव एवं जल का महत्व पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि जल ही जीवन है। स्वच्छ पेयजल के अभाव में मनुष्य को जल जनित कई तरह की बीमारियां घर कर लेती हैं। इसलिए जल का संरक्षण एवं रखरखाव बहुत जरूरी है। संस्था समन्वयक अभिषेक कुमार, अनुष्का आर्या, आदित्य गिरि एवं जगनू महतो के अलावा पंचायत से वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

जिला कार्यालय में रालोजपा कार्यकताओं ने धूमधाम के साथ मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर रालोजपा के कार्यकताओं के द्वारा बुधवार को शहर के मूसापुर स्थित जिला कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। जिलाध्यक्ष विनय चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन आईटी सेल के प्रदेश महासचिव अभिषेक कुमार ने किया। समारोह में जिलाध्यक्ष विनय चौधरी ने कहा कि पशुपति कुमार पारस कुशल राजनेता होने के साथ कार्यकताओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। मौके पर केक काटने के बाद कार्यकताओं ने पशुपति पारस के दीर्घायु होने की कामना की। मौके पर महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष रीना सहनी, दलित सेना की अध्यक्ष रीता पासवान, छात्र प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मुरारी तिवारी, जिला उपाध्यक्ष जीवछ पासवान कल्याणपुर प्रखंड के अध्यक्ष मनोज कुमार, सुशांत झा, मंजु सिंह, सुमन राज, सुमित आनंद आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय ध्वज लगाना भूल गया शिक्षा विभाग, लाखों पुस्तकों में लगया उल्टा तिरंगा

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालयों में सातवीं कक्षा के छात्र छात्राओं के बीच वितरण की गई पुस्तक में राष्ट्रीय ध्वज लगाना भूल गए शिक्षा विभाग। लाखों पुस्तक में उल्टा तिरंगा का प्रतीक लगया गया। इतना ही नही विद्यालयों में छात्र छात्राओं के बीच पुस्तक वितरण भी कर दी गई है। शिक्षकों को इस पर ध्यान तब पड़ा जब शिक्षक इस अध्याय को पढ़ाने चले। बता दें कि सातवीं कक्षा के संस्कृत की पुस्तक की चतुर्थः पाठः जिसकी शिर्षक स्वतन्त्रता- दिवसः है। जिसमें झंडात्तोलन का प्रतीकात्मक चिन्ह लगया गया है। जिसमें राष्ट्रीय ध्वज उल्टा है। केसरिया उपर होना चाहिए जबकि केसरिया को नीचे व हरा रंग को ऊपर कर दिया गया है। देखने से लगता है कि शिक्षा विभाग के सभी आलाधिकारी बिना पढ़े ही पुस्तक प्रकाशित करवाकर विभाग द्वारा वितरण करवा देते है। बता दें कि बिहार स्टेट टेक्सटबुक पब्लिशिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड पटना द्वारा समग्र शिक्षा अभियान के तहत इस पुस्तक की 2023-24 के लिए 13 लाख 36 हजार 99 प्रति निःशुल्क वितरण हेतु मुद्रित की गई है। वहीं निदेशक (प्राथमिक शिक्षा) शिक्षा, बिहार सरकार द्वारा स्वीकृति भी प्रदान की गई है। वहीं दूसरी ओर वर्ग अष्टम के अंग्रेजी किताब में कई प्रिंटिंग अशुद्धिया सामने आई है।

पिकअप की ठोकर से युवक हुआ जख्मी

प्रात: किरण संवाददाता

कल्याणपुर, समस्तीपुर। तेज रफ्तार पिकअप की ठोकर से एक साइकिल सवार युवक घायल हो गया। वहीं इसके बाद उल्टे पिकअप चालक और खलासी ने गाड़ी से उतरकर साइकिल सवार की जमकर पिटाई कर दी। वह इस घटना के बाद स्थानीय लोगों को जुटता देख दोनों पिकअप छोड़कर फरार हो गए। घायल युवक की पहचान चकमेहसी थाना अंतर्गत बेलसंडी गांव निवासी सुरेंद्र प्रसाद के पुत्र विभिशा कुमार के रूप में हुई है। साइकिल सवार का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं घटनास्थल से पुलिस ने पिकअप को जब्त कर थाना ले आया है। थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि जख्मी के परिजन द्वारा आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

भोरे में आशा कार्यकताओं का दूसरे दिन भी हड़ताल रहा जारी

भोरे । भोरे रेफरल अस्पताल के परिसर में आशा संयुक्त संघर्ष मंच बिहार के आह्वान पर बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ गोपगुट/ऐक्टू के नेतृत्व में आशा व फैसिलिटेटर का अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रहा। सैकड़ों आशा कार्यकर्ता लगातार अपने कामों को ठप्प करके धरना पर बैठी हैं। साथ ही आशा कार्यकताओं ने कहा कि कल भी सभी को पीएचसी पर डटे रहना है। मौके पर आशा संघ के जिलाध्यक्ष सीता पाल, ममता भारती, सिन्धु देवी, सुमन देवी, प्रेमबला देवी, लालमुन्नी देवी, संगीता देवी, पूनम देवी, इंदु देवी, सुमिया देवी, विधावती देवी, सुनीता देवी, संजू देवी, रमावती देवी, पूनम देवी, गिरजा देवी, सरिता देवी, संगीता देवी, कविता देवी, यशोदा देवी, गुड़िया देवी आदि आशा कार्यकर्ता मौजूद रही।

पंचदेवरी में पदाधिकारियों ने की कई स्कूलों की जांच

भोरे। पंचदेवरी में गुरुवार को वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर कई स्कूलों की जांच की गयी। कई विभागों के पदाधिकारी जांच करने पहुंचे थे। पंचदेवरी के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जानकी कुमारी ने नव सृजित प्राथमिक विद्यालय गहनी की जांच की। बीईओ ने शिक्षकों की उपस्थिति, एमडीएम, किचेन, साफ-सफाई आदि की भी जांच की तथा विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने का निर्देश दिया। बगहवां, खालगांव, गहनी चकीया, रूपीबगही, इन्दरपट्टी सहीत दर्जनों विद्यालय में भी बीईओ द्वारा जांच कर कई आवश्यक निर्देश दिये गये। अन्य कई पदाधिकारियों ने भी गुरुवार को स्कूलों की जांच की। जांच के कारण पूरे दिन शिक्षकों में हड़कंप मचा रहा। बीईओ ने बताया कि जांच के बाद प्रतिदिन की रिपोर्ट विभाग को भेज दी जा रही है।

दूसरी बार शराब के साथ महिला आरोपित गिरफ्तार

थावे । थावे थाने के पुलिस ने शराब के विशेष छापेमारी अभियान के तहत शराब के साथ एक महिला तस्कर को भुसाव डेरा तीन मुहानी से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित भुसाव डेरा गांव के आरती देवी के पास मौजूद बोरी की तलाशी लेने पर 43 टेट्रा पैक देशी शराब बरामद हुआ। पूछताछ के बाद गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि शराब मामले में गिरफ्तार तस्कर को दूसरी बार न्यायालय में भेजा रहा है। छापेमारी के दौरान एसआई पिंटू कुमार आदि पुलिस बल मौजूद थे।

ऋण समझौता शिविर में दर्जनों कर्जदार हुए ऋणमुक्त

गोपालगंज । गुरुवार को मांझा प्रखंड के गौसिया पंचायत में बैंक ऑफ इंडिया गोपालगंज शाखा द्वारा ऋण समझौता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर मौजूद वसूली विभाग के जोनल अधिकारी विक्रम झा ने ऋणधारकों को बैंक प्रबंधन महाछूट का लाभ देते हुए समझौता के आधार पर दर्जनों लाभुकों को ऋण से मुक्ति दी गयी। वही कर्ज से मुक्ति पाकर किसान काफी खुश नजर आए। वसूली अधिकारी ने एनपीए खाताधारकों से ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की अपील की है। इस मौके पर शाखा प्रबंधक रितेश कुमार, बैंक अधिकारी विनोद कुमार, पूर्व मुखिया राधारमण मिश्रा, पैक्स अध्यक्ष प्रतिनिधि संजीव तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

चोरी से बिजली जला रहे चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

भोरे। भोरे प्रखंड में चोरी से बिजली जला रहे चार लोगों को पकड़ा गया। जिनके खिलाफ स्थानीय थाने में बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराने के साथ ही जुर्मार्ना भी लगाया गया है। बता दें कि बिजली विभाग के जेई राजीव कुमार के नेतृत्व में बिजली चोरी को लेकर एक टीम का गठन किया गया था। जिसमें विद्युत कर्मी प्रदीप यादव, कमलेश यादव और दत्तात्रेय तिवारी को शामिल किया गया था। इस टीम के द्वारा भोरे काली मोड़ में छापेमारी की गई। जहां मनीष कुमार सोनी के द्वारा बिना कनेक्शन अवैध रूप से बिजली जलाया जा रहा था। इसी कृत्य के लिए उनके खिलाफ 24728 रुपये का जुर्मार्ना लगाया गया।

जाम से निजात दिलाने में असफल ट्रैफिक प्रभारी के वेतन पर रोक

गोपालगंज। शहर में आय दिन लग रही जाम की समस्या से निजात दिलाने में असफल रहे ट्रैफिक प्रभारी पर गाज गिर गयी है। एसपी ने ट्रैफिक प्रभारी के वेतन पर रोक लगाते हुए विभागीय कारवाई करने की अनुशंसा की है। इसकी जानकारी देते हुए एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि गुरुवार को शहर के एसएस बालिका उच्च विद्यालय के समीप ऑफिस जाने के क्रम में लोग लंबे समय से जाम में फंसे दिखे। जाम के कारण लोगो को हो रही परेशानी को देखते हुए व ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा दायित्व का निवर्हन सही से नही करने पर वेतन पर रोक लगा दी गयी है। इसके साथ ही उनपर विभागीय कारवाई की अनुशंसा की ज रही है। एसपी ने बताया कि शहर को जाम से मुक्ति दिलाने को लेकर होमगार्ड जवानों की संख्या आठ से बढ़ाकर 30 कर दी गयी थी।

सांखे बाजार में सीएसपी लूट के प्रयास के मामले में फरार लाइनर गिरफ्तार

उचकागांव प्रात : किरण संवाददाता

ओ० डी० पदाधिकारी
उचकागाँव थाना

उचकागांव (एसएनबी) थाना क्षेत्र के सांखे बाजार में एक सप्ताह पूर्व सीएसपी को लूटने के प्रयास के मामले में फरार चल रहे एक प्राथमिकी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसे गुरुवार के दिन न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। बताया जा रहा है कि थाना अध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह को सूचना मिली की सात जुलाई के दिन सांखे बाजार में स्थित सीएसपी को लूटने का प्रयास करने के मामले में फरार चल रहा एक लाइनर सामपुर बाजार में घूम रहा है। सूचना के आधार पर सामपुर बाजार में पुलिस ने छापेमारी कर फरार चल रहे एक अप्राथमिकी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव के दिलशाद अंसारी उर्फ गोपाल के रूप में की गई है। गिरफ्तार आरोपित के पास से पुलिस ने लूट कांड में प्रयुक्त एक बाइक व एक मोबाइल भी बरामद किया है। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के सांखे खास गांव निवासी अजीत कुमार कुशवाहा सांखे बाजार में भारतीय स्टेट बैंक का सीएसपी चलाते हैं। बीते सात जुलाई के दिन सीएसपी पर दो ऑपरेटर काम कर रहे थे। इसी दौरान मोबाइल चार्जर खरीदने के नाम पर पहुंचे तीन बदमाशों ने हथियार के बल पर सीएसपी को लूटने का प्रयास किया। ऑपरेटरों के शोर मचाने पर बदमाश मौके से भागने लगे। इसी क्रम में बदमाशों के पिस्टल की मैगजीन सीएसपी में गिर गई। इसके बावजूद भी बदमाश भागने में सफल रहे। जिसके बाद मामले में थाना क्षेत्र के हरैया गांव निवासी सीएसपी पर तैनात ऑपरेटर सुधीर कुमार शर्मा के आवेदन पर तीन अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी कराई गई थी। तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने मामले का उद्भेदन करते हुए बदमाशों की पहचान कर ली। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि उक्त कांड में लाइनर का काम करने वाला एक अप्राथमिकी अभियुक्त सामपुर बाजार में घूम रहा है। सूचना के आधार पर मौके पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव के दिलशाद अंसारी उर्फ गोपाल के रूप में की गई है। पुलिस के पूछताछ में गिरफ्तार बदमाश ने कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर लिया है। जिसे गुरुवार के दिन पुलिस ने न्यायालय में प्रस्तुत किया। छापेमारी करने वाले पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह, अपर थानाध्यक्ष इंद्रजीत कुमार, एसआई शमशाद रजा और एसआई स्वीटी कुमारी शामिल थी।

गोपालगंज में 1306 लीटर शराब के साथ यूपी व चंपारण के तस्कर गिरफ्तार

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

गोपालगंज पुलिस ने यूपी से तस्करी कर लायी जा रही शराब की बड़ी खेप को बरामद किया है। इसके साथ ही यूपी व चंपारण के चार धधेबाजो को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से करीब 1306 लीटर देशी व विदेशी शराब के साथ-साथ एक पिकअप, एक बोलेरो, एक नाव व बाइक बरामद की गयी है।

इसकी जानकारी देते हुए एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि कटेया थाने के हरखा ब्रहम स्थाने के समीप वाहन जांच के दौरान एक पिकअप से करीब 855 लीटर शराब बरामद किया गया। इसके साथ ही यूपी के कुशीनगर जिले के कसेया थाना क्षेत्र के अंशु चैहान को गिरफ्तार कर लिया गया। वही जादोपुर थाने की पुलिस व एलटीएफ की टीम ने नाव से लाकर बोलेरो पर लोड की जा रही शराब की खेप को बरामद कर लिया। वही मोतीहारी जिले के हरसिद्धी थाने के सूरज कुमार, पहाडपुर थाने के राहुल कुमार और जादोपुर के रंजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार धंधेबाजों के पास से 451 लीटर देशी व विदेशी शराब के साथ-साथ एक पिकअप, एक नाव व दो बाइक भी बरामद की गयी है। पुलिस गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ करने में जुट गयी है। उन्होंने बताया कि किसी भी हाल में जिले में शराब की तस्करी नही होने दी जाएगी। शराब तस्करी रोकने के लिए जहां बलथरी चेकपोस्ट पर हैंड स्कैनिंग मशीन से जांच की जा रही है। जबकि दियारे इलाके में ड्रोन कैमरे से नजर रखी जा रही है। साथ शराब तस्करों की कुंडली तैयार कर उनके खिलाफ छापोमरी अभियान चलाया जा रहा है।

सामपुर नोनिया टोला में प्रेम प्रसंग के कारण प्रेमी के पिता की पीटकर हत्या

उचकागांव प्रात : किरण संवाददाता

उचकागांव थाना क्षेत्र के सामपुर नोनिया टोला में किशोरी के अपहरण के आरोप में अपहृत किशोरी के स्वजनों ने आरोपित युवक के पिता की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना गुरुवार के दिन की है।सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के सामपुर नोनिया टोला गांव के एक किशोरी के प्रेम प्रसंग को लेकर पिछले डेढ़ माह से गांव के संजय साह और हरिकिशन साह के परिवार के बीच विवाद चल रहा था। बीते 31 मई 2023 को संजय साह के 15 वर्षीय बेटी का कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया था। जब वह घर से अपने विद्यालय पढ़ने जा रही थी। मामले में अपहृत किशोरी की मां ने घटना के अगले दिन ही अपने पट्टीदार पप्पू कुमार, उनके पिता हरिकिशन साह, मां संगीता देवी, बहन शोभा देवी, गांव के ही सुरेश साह और उनकी पत्नी उर्मिला देवी के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी कराई थी। जिसमें अपहृत किशोरी की मां ने आरोप लगाया था कि गांव के पप्पू कुमार उनकी बेटी का फोटो खींच लिए थे। जिसे वायरल करने की धमकी देकर जबरन शादी करने का दबाव बना रहे थे। जिसके बाद मामले में स्वजनों से पूछताछ करने गई अपहृत किशोरी के मां के साथ आरोपितों ने मारपीट करना भी शुरू कर दिया था। जहां से वह भागकर जान बचाई थी। प्राथमिकी के दो दिन बाद किशोरी के बरामद होने पर किशोरी के बयान के बाद न्यायालय ने अपहृत किशोरी को उसके स्वजनों को सौंप दिया था। मामले को लेकर तभी से दोनों परिवारों के बीच विवाद चल रहा था। इसी क्रम में गुरुवार के दिन एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के 50 वर्षीय हरिकिशन साह की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद सभी आरोपित मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस दौरान पुलिस ने मौके से हत्याकांड में प्रयुक्त खून से लथपथ एक बांस की लाठी और एक धारदार दाब को बरामद किया है। इस दौरान पुलिस ने छापेमारी कर पूर्व में अपहृत किशोरी की मां रेखा देवी और अजय कुमार गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। समाचार लिखे जाने तक मामले में थाने में कोई प्राथमिकी नहीं कराई गई है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच पड़ताल कर रही है।

गजब ! 691 छात्रों की बनी उपस्थिति, सत्यापन में मिले महज 298 छात्र

थावे प्रात : किरण संवाददाता

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक आदेश पर प्रखण्ड के सभी सरकारी विद्यालयों की जांच की गयी। बीडीओ मनीष कुमार सिंह के द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय चितु टोला, उत्क्रमित मध्य विद्यालय विदेशी टोला, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पाखोपाली, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरारी जगदीश और मुखीराम हाई स्कूल थावे सहित अन्य विद्यालयों का निरीक्षण किया। जहां सभी विद्यालयों में शिक्षक और छात्र उपस्थित मिले। वही मुखीराम हाई स्कूल में शिक्षकों की उपस्थिति ठीक थी। पर जांच के दौरान विद्यालय में कुल 2179 नामांकित छात्रों की संख्या है। जबकि छात्रों की उपस्थिति पंजी पर 691 छात्रों की उपस्थिति बनाई गई थी। बीडीओ के भौतिक सत्यापन के दौरान छात्रों की उपस्थिति 298 ही पाई गई। जिसमें वर्ग नौ में 210, वर्ग दस में 85 और इंटर सेकंड ईयर में मात्र तीन ही छात्र उपस्थित पाए गए। लेकिन भौतिक सत्यापन की तुलना में 393 छात्र कम पाए गए। इससे संकेत मिलता है कि विद्यालय के शिक्षकों द्वारा जो बच्चे अनुपस्थित है। उनका भी उपस्थिति पंजी में हाजिरी बना दिया जाता है। वही प्रखण्ड लेखापाल शैलेन्द्र कुमार मधुकर द्वारा अपग्रेड हाई स्कूल लछवार, मध्य विद्यालय रामचंद्रपुर व उत्क्रमित मध्य विद्यालय गवन्दरी आदि विद्यालयों की जांच की गई। जहॉ शिक्षकों की उपस्थिति के साथ ही छात्रों की उपस्थिति ठीक रही। इसके साथ ही प्रखण्ड के अन्य विद्यालयों की जांच प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा की गई।

नोएडा में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, पांडेय मथौली के युवक की मौत

उचकागांव प्रात : किरण संवाददाता

उचकागांव थाना क्षेत्र के पांडेय मथौली गांव के एक 30 वर्षीय युवक की उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर में स्थित एक वस्त्र डिजाइनिंग कंपनी में शॉर्ट सर्किट में लगी आग में झुलसने से मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद मृतक के घर पर कोहराम मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के पांडेय मथौली गांव निवासी उचकागांव पंचायत के पूर्व सरपंच रामप्रीत चैधरी के 30 वर्षीय बेटे संजय यादव उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर के सेक्टर 63 गली नंबर 364 स्थित वस्त्र डिजाइनिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में सुपरवाइजर का काम करते थे। बुधवार की रात वे अपने कंपनी में काम कर रहे थे। इसी दौरान कंपनी में शार्ट सर्किट से लगी आग में बुरी तरीके से झुलसने से उनकी मौत हो गई। जिसकी सूचना मिलने के बाद मृतक के घर पर कोहराम मचा हुआ है। मृतक के वृद्ध पिता रामप्रीत चैधरी, पत्नी सुनीता देवी सहित पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक का शव लेने के लिए उनके भाई सहित अन्य स्वजन नोएडा के लिए रवाना हो गए है। घटना के बाद से उनके घर पर चीख-पुकार मची हुई है। जिसे मनाने के लिए आसपास के लोग लगे हुए हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर सीओ रवीश कुमार ने भी शोकाकुल परिवार को सांत्वना दिया।

पति की मौत के बाद सुनीता पर गिरा दुखों का पहाड़: उचकागांव थाना क्षेत्र के पांडेय मथौली गांव के युवक संजय यादव का नोएडा के एक कंपनी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में झुलसने से मौत के बाद उनके पत्नी सुनीता देवी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जिसे मनाने के लिए पास पड़ोस के लोग लगे हुए हैं। अब सुनीता को ये समझ नहीं आ रहा है कि वे अपनी पूरी जिंदगी किसके सहारे गुजारेंगी। बताया जा रहा है कि यादवपुर थाना क्षेत्र के काकड़कुंड गांव की सुनीता देवी का विवाह वर्ष 2014 में पांडेय मथौली गांव निवासी पूर्व सरपंच रामप्रीत चैधरी के मंझलें बेटे संजय यादव के साथ हुई थी। शादी के बाद दोनों के दो बेटी दो वर्षीय निष्का कुमारी, चार वर्षीय नीतू कुमारी और एक बेटा सात वर्षीय निखिल कुमार है। बच्चों की अभी परवरिश भी ढंग से नहीं हो पाई थी कि इसी दौरान नोएडा के कंपनी में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से पति संजय यादव की झुलसने से मौत हो गई। घटना के बाद तीनों बच्चों को अभी यह खबर भी नहीं है कि उनके सर से उनके पिता का साया उठ चुका है। सूचना के बाद पैतृक घर पर दहाड़ मारते हुए शपत्नी बेसुध होकर बार-बार बिस्तर पर गिर जा रही है। जिसे मनाने के लिए पास पड़ोस की महिलाएं लगी हुई थी। इस दौरान स्वजनों के चीख-पुकार से पूरा माहौल गमगीन हो जा रहा था।

फुलवरिया में गठित टीम ने की विद्यालयों का जांच

फुलवरिया प्रात : किरण संवाददाता

गुरुवार को अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग के आदेश के आलोक में एवं जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार गठित टीम ने विभिन्न विद्यालयों का जांच किया। गठित टीम में बीडीओ अजीत कुमार रौशन, सीओ वेद प्रकाश नारायण बीईओ रत्ना घोष जांच टीम में शामिल रहे। जांच के दौरान विद्यालय के वस्तुस्थिति से गठित टीम के अधिकारी रूबरू हुए।

मध्यान भोजन बच्चों की उपस्थिति तथा शिक्षकों की उपस्थिति के अलावा अन्य कागजातों का अवलोकन भी किया। बीडीओ श्री रौशन के निरीक्षण के दौरान बिना सूचना के एक भी शिक्षक अनुपस्थित नहीं पाए गए। उन्होंने ने बताया की शिक्षकों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बिल्कुल सम्मान पाया गया। बीईओ रत्ना घोष ने बताई की विद्यालयों के जांच से शिक्षकों में सतर्कता बढ़ गई हैं। साथ ही बताई कि विभागीय स्तर से मिले दिशा-निर्देश के आलोक में विद्यालयों की जांच की जा रही है। इसे लेकर सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक अपने कागजात एवं विद्यालयों में असैनिक आदि कार्यो की कागजी तैयारी में व्यस्त दिखे रहे हैं। सीओ वेद प्रकाश ने बताया कि विद्यालयों में पठन-पाठन आदि कार्य नियमित व सुचारू मिले तथा छात्र छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए लगातार निगरानी जारी है एवं शिक्षक भी अध्यापन कार्य में अच्छी रूचि ले रहे हैं।

पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज में भाजपा विधायक सहित कई कार्यकर्ता घायल

छपरा। विधानसभा मार्च में छपरा से गए बड़ी संख्या में कार्यकताओं को पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज में घायल हुए महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रवाल, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह महामंत्री विवेक कुमार सिंह, जिला मीडिया प्रभारी बलवंत सिंह प्रदेश के पूर्व उपाध्यक्ष ब्रजेश रमण सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं महिलाओं के साथ बिहार पुलिस के जवानों ने दुर्व्यवहार किया एवं बहुत ही बर्बरता पूर्वक पिटाई की। कार्यकर्ता एवं सांसद गंभीर रूप गंभीर रूप से घायल हो गए। पूर्व मंत्री महाचंद्र प्रसाद सिंह, जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार साह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उपेंद्र सिंह ने आईजीएमएस पहुंचकर सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल का हालचाल जाना। जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह एवं मीडिया प्रभारी ने बताया कि वे लोग प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में उनके साथ विधानसभा मार्च कर रहे थे सब कुछ शांतिपूर्ण चल रहा था इसी बीच पुलिस में कुछ राजद के लोग भी थे जिन्होंने बेवजह लाठीचार्ज कर दिया

सारण को धरती से हमेशा हुआ है नया आगाजः उमेश सिंह कुशवाहा

प्रात : किरण संवाददाता

सारण प्रमंडल स्तरीय
एक दिवसीय संगठनात्मक समीक्षा बैठक
सतीश कुमार
चन्द्रकेतु सिंह

छपरा। छपरा स्थित प्रेक्षा गृह में आयोजित सारण प्रमंडलीय समीक्षा बैठक प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता मे की गई जिसका संचालन पूर्व विधान पार्षद प्रमंडल प्रभारी सतीश कुमार ने किया बैठक को संबोधित करते हुए बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि सारण की धरती से हमेशा नया आगाज हुआ है। इस बार देश मे जो आरकजकता का माहौल बना उसे खत्म करने के लिए भी यहा से नया आगाज कर इस तानाशाह सरकार को उखाड़ फेकना है। आज हमारा देश फिर से नाजुक मोड़ पर खड़ा है, देश में आपातकाल की स्थिति बनी हुई है, लोकतंत्र का आंचल लहूलुहान है, संविधान को ताक पर रखकर सरकार मनमाने ढंग से है शासन चला रही है, बेरोजगारी और महंगाई चरम सीमा पर है यानी कुल मिलाकर मौजूदा सरकार ने देश की आम जनता के साथ हर तरीके से विश्वासघात करने का काम किया है और सभी मोर्चे पर केंद्र सरकार विफल रही है। इस लिहाज से 2024 की लड़ाई हम सभी के लिए बेहद ही महत्वपूर्ण होने वाली है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के पहल पर 23 जून को पटना में आयोजित विपक्षी एकता की बैठक में देशभर के सभी विपक्षी पार्टियों ने पूरी एकजुटता से भाजपा को शिकस्त देने का संकल्प लिया है, और इस संकल्प सिद्धि के लिए पार्टी के कार्यकताओं को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं संगठन को एकजुट रखने की आवश्यकता है। साथ ही प्रमंडलो में जाकर विकास पुरुष श्री नीतीश कुमार जी में आस्था रखने वाले उन तमाम साथियों से मिल कर जो उनके नेतृत्व में महापरिवर्तन के महायज्ञ का हिस्सा बनना चाहते हैं उनको जोड़ेंगे हमारा देश आज जिस तरह की परिस्थितियों से गुजर रहा उसमें जदयू के कार्यकताओं की जिम्मेदारी बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है परन्तु हमें पूरा विश्वास है हमारे संगठन के कार्यकर्ता और पदाधिकारी इसी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। साथ ही बिहार के सभी 40 लोक सभा सीटों पर महागठबंधन की जीत को सुनिश्चित करने का करेंगे, प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा की जिला और राज्य तब मजबूत होगा जब हमारा प्रखंड , पंचायत और बूथ मजबूत होगा आप सब कार्यकताओं और नेताओं के जिम्मे बहुत बड़ी जिमेवारी है और अपनी काम पूरे मन से कीजिए आधे मन से कोई काम नहीं करना चाहिए मेरे रहते आप लोगो का हकमारी नही हो सकती । बैठक मे मुख्य रूप से छपरा जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू , सिवान जिलाध्यक्ष चन्द्रकेतु सिंह, गोपालगंज जिलाध्यक्ष आदित्य शंकर शाही , सांसद कविता सिंह, पूर्व सांसद लालबाबू राय, प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह, रणविजय कुमार, पूर्व मंत्री मुनेश्वर चैधरी, गौतम सिंह, विक्रम कुंवर, रामसेवक सिंह, पूर्व विधायक, धूमल सिंह, हेमनारायण साह, सत्यदेव सिंह, पूर्व उप सभापति सलीम परवेज, जिला प्रवक्ता सुनील कुमार, जिला प्रवक्ता बृजकिशोर सिंह, जावेद आव्वास जयप्रकाश यादव, अरशद परवेज, महेश सिंह एवम प्रमंडल के सभी विधानसभा प्रभारी एवं प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित रहे।

मंत्री, समाज कल्याण विभाग ने कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। मिशन शक्तिह्व के तहत महिला सशक्तिकरण के लिए हब के बारे में उन्मुखीकरण, आई.सी.डी.एस के अंतर्गत कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं की सेवा काल के दौरान मृत्यु उपरांत आश्रितों को मिलने वाले अनुदान राशि के लिए अनुग्रह अनुदान पोर्टल का शुभारंभ, साथ ही समुदाय में पोषण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए ह्लचटकारे जिंदगी केह्व विडियो श्रृंखला का आज विमोचन किया जा रहा है।

उक्त बातें मदन सहनी, मंत्री, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार ने एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कहीं। कार्यक्रम में सचिव, समाज कल्याण विभाग, प्रेम सिंह मीणा, प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, वंदना प्रेयसी, निदेशक, समेकित बाल विकास सेवाएं, बिहार डॉ. कौशल किशोर, निदेशक पी.सी.आई, महिला विकास नगर निगम की टीम, आई.सी.डी.एस टीम सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

हब है महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पहल समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि मिशन शक्ति के तहत ह्लसामर्थ्यह्व उप योजना के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु राज्य स्तर पर ह्लहब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेनह्व की स्थापना की जानी है. माननीय मंत्री ने बताया कि ह्लसामर्थ्यह्व उप योजना के घटकों में शक्ति सदन, सखी निवास, कामकाजी महिला छात्रावास के साथ राष्ट्रीय क्रेच योजना (पालना घर) एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना योजना की मौजूदा योजनाओं को अब ह्लसामर्थ्यह्व में शामिल किया गया हैद्य उन्होंने बताया कि अनुग्रह अनुदान पोर्टल में आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं के सेवाकाल में मृत्यु के उपरांत उनके आश्रितों को 4 लाख अनुदान देने का प्रावधान हैद्य इस पोर्टल के माध्यम से अनुग्रह अनुदान की राशि प्राप्त करने के लिए आश्रितों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन एवं उसकी स्थिति की जानकारी सरलता से उपलब्ध हो पायेगी, इससे निर्धारित समय एक माह में अनुदान मिलने की प्रक्रिया पूर्ण हो पायेगीद्य

चटकारे जिंदगी केह्व समुदाय में स्वास्थ्य एवं पोषण के संदेशों को पहुंचाने की एक अलग पहल मंत्री ने बताया कि समुदाय में स्वास्थ्य एवं पोषण के संदेशों को पहुचाने हेतु नाटकीय अंदाज में प्रस्तुत करने के लिए ह्लचटकारे जिंदगी केह्व एक एडूटेनमेंट ड्रामा सिरीज तैयार की गयी हैद्य यह सीरीज गर्भवती, धात्री महिलाओं एवं बच्चों को ध्यान में रखकर परिवार नियोजन, जेंडर समानता, पोषण शिक्षा, पोषण बगीचा, संस्थागत प्रसव, ससमय ऊपरी आहार आदि पर बनाया गया है।

उन्मुखीकरण कार्यशाला से सबका मिलेगा लाभः कार्यशाला को संबोधित करते हुए सचिव, समाज कल्याण विभाग, प्रेम सिंह मीणा ने कहा कि उन्मुखीकरण कार्यशाला एवं अन्य योजनाओं के विमोचन से महिला सशक्तिकरण, समुदाय में स्वास्थ्य एवं पोषण के संदेशों को प्रसारित करने एवं अनुग्रह अनुदान पोर्टल के माध्यम से शीघ्र अनुदान प्राप्त करने के पहल को एक नयी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आई.सी.डी.एस निदेशालय, पीसीआई, एनआईसी, डब्लूडीसी एवं समाज कल्याण विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों को धन्यवाद देता हूँ। डॉ. कौशल किशोर, निदेशक, आईसीडीएस ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की और इसके महत्त्व के बारे में प्रकाश डाला द्य निदेशक पीसीआई ने ह्लचटकारे जिंदगी केह्व वीडियो सीरिज के प्रत्येक विषय पर प्रतिभागियों का उन्मुखीकरण किया द्य साथ ही पोषण ट्रैकर डैशबोर्ड के माध्यम से अनुश्रवण हेतु विभिन्न इंडिकेटर को बिन्दुवार प्रतिभागियों को बारीकी से बताया गयाद्य तदोपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया।

राष्ट्रीय ब्राम्हण महासंघ के पदाधिकारियों ने दी सीए सौरभ को बधाईयां

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। दिघवार नगर पंचायत के हेमतपुर वार्ड संख्या 12 निवासी लघु सिंचाई विभाग के कर्मी सुमन तिवारी के पुत्र सौरव कुमार ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित किए सीए फाइनल बोथ ग्रुप क्वालिफाइड एग्जाम में सफलता हासिल करने पर राष्ट्रीय ब्राम्हण महासंघ ने सौरव को बधाई देने उनके आवस पहुँचे।संघ के प्रदेश पदाधिकारियो के अतिरिक्त सारण जिला के भी संघीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। विदित हो कि सौरव कुमार के पिता सुमन तिवारी लघु सिंचाई विभाग में कर्मचारी हैं एवं माता संजू तिवारी शिक्षिका हैं। सौरव ने अपनी प्रारंभिक से लेकर इंटरमीडिएट तक की शिक्षा दिघवारा में रहकर ही पूर्ण की है। इसके बाद उसने सीए की तैयारी हेतु दिल्ली में एडमिशन लिया। वहीं पर तैयारी कर सौरव ने यह सफलता हासिल की है। उनकी इस सफलता पर परिवार में खुशी का माहौल है। वहीं क्षेत्र के लोग व शिक्षक समाज मे भी हर्ष है।एक साधारण परिवार का बच्चा जब बडी सफलता हासिल करता है तो यह आम लोगो के लिए प्रेरणा दाई होता है। बधाई देने वालों में राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के विद्वत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राकेश मिश्र, प्रदेश सचिव सह वैशाली जिला प्रभारी राकेश द्विवेदी, सारण जिला अध्यक्ष रविंद्र नाथ मिश्रा, महसचिव राजेश कुमार तिवारी मां अंबिका भवानी के पुजारी जीतेन्द्र तिवारी उर्फ भीखम बाबा,आशुतोष तिवारी उर्फ नीखिल कुमार, बटुक जी आदि ने सौरभ का वैदिक मंत्रोंचार के सॉथ तिलक लगाकर आशीष प्रदान किया और अंग वस्त्र देकर उज्वल भविष्य की कामनांए की।सॉथ ही इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए उनके पिता को भी मिष्ठान खिलाकर ब्राम्हण समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया।

सुर्खियों में रहने वाली बिहार पुलिस का अमानवीय चेहरा आया सामने

छपरा। अपने कारनामों के लिए सुर्खियों में रहने वाली बिहार पुलिस का अमानवीय चेहरा गुरुवार को सामने आया है। जहां पुलिस ने डोरीगंज थानान्तर्गत बालू के अवैध कारोबार पर छापेमारी करने डोरीगंज थानाक्षेत्र के तिवारी घाट अहले सुबह गई थी। दरअसल अपनी करतूतो के की वजह से बिहार पुलिस के जवान सरकार और पुलिस महकमें को शर्मसार करते रहते हैं। आरोपी खनन विभाग तथा अन्य थाना क्षेत्रों से आए पदाधिकारी व पुलिसकर्मी है। जिन्होने तिवारी घाट के मार्केट में सिर्फ लूटपाट ही नहीं किया बल्कि तैयार मिठाइयों को भी जमीन पर फेंक दिया। इस संबंध में पीड़ित दुकानदार सुखल शाह ने बताया कि उसकी तिवारी घाट की दुकान बंद थी दुकान का ताला तोड़कर एसी काउंटर और डीप फ्रीजर में रखी मिठाई जमीन पर फेंक दिए काउंटर से लगभग 25000 रुपए तथा लगभग 50000 रुपए मूल्य के मिठाई जो आर्डर पर आज देना था सब को मिट्टी मे मिला दिए। सुखल ने बताया कि लगभग 300000 रुपए मूल्य के काउंटर और डी फ्रीजर जो महाजन से कर्ज लेकर लिया था।

सम्पादकीय

जीतना है, तो जिताओ

शब्द खो जाते हैं, कहानियां जीवित रहती हैं। यही कारण है कि हमारा प्राचीन ज्ञान रामायण, महाभारत, गीता, पंचतंत्र आदि मुख्यतः कहानियां हैं और इसीलिए वे आज भी जीवित हैं और प्रासंगिक हैं। रामायण, महाभारत अथवा गीता को कहानी कहने का मेरा मकसद यह नहीं है कि मैं उनकी प्रामाणिकता पर शक कर रहा हूं, बल्कि मैं यह कहना चाहता हूं कि लंबी गुलामी और सैकड़ों-हजारों आक्रमणों के बावजूद रामायण और महाभारत के उपदेश आज भी इसलिए जीवित हैं क्योंकि वे कहानी के प्रारूप, या यूं कहें कि कहानी की भाषा में कहे गए, इसलिए सदियों से वे एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को विरासत के रूप में सौंपे जा सके। यही कारण है कि अपनी बात कहने के लिए मैं अक्सर कहानियों का सहारा लेता हूं। आज भी अपनी बात मैं एक कहानी से ही शुरू कर रहा हूं। यह कहानी एक किसान की है जो अपने क्षेत्र में सबसे बढिा गुणवत्ता का अनाज उगाता था। उसे हर साल बढिा गुणवत्ता का अनाज उगाने के लिए पुरस्कार मिला करता था। उसे अपनी उपज के लिए अन्य किसानों के मुकाबले पैसा भी अधिक मिलता था। एक बार एक अखबार के संवाददाता ने उस किसान का इंटरव्यू किया तो उस संवाददाता को भी जीवन का एक ऐसा सबक सीखने को मिला जिसे हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। वह किसान उन्नत किस्म के बीज लाता था और उसे अपने आसपास के खेत वाले किसानों में भी बांट देता था।

संवाददाता को जब इस तथ्य का पता चला तो वह बहुत हैरान हुआ और उसने उस किसान से पूछा, आप जानते हैं कि आपके पड़ोसी किसान भी उस प्रतियोगिता में भाग लेंगे जिसमें आपको हर वर्ष पुरस्कार मिलता है, तो भी आप बढिा गुणवत्ता के बीज उनमें बांट देते हैं। क्या आपको डर नहीं लगता कि इससे वे पुरस्कार जीत जाएंगे और आप अपनी मेहनत के बावजूद पिछड़ जाएंगे? इस पर किसान ने कहा, पकते हुए अनाज से पराग कण पैदा होते हैं। हवा और पक्षी उसे आसपास की जमीन पर बिखरा देते हैं। प्रकृति इसी से फलती-फूलती है। प्रकृति का यह नियम मुझ पर भी लागू होता है। यदि मेरे आसपास के खेतों में घटिया अनाज उगेगा तो वहां के पराग कण मेरे खेतों में भी आएंगे और उससे मेरे अनाज की गुणवत्ता घटती चली जाएगी। अगर मैं अच्छी गुणवत्ता का अनाज उगाना चाहता हूं तो यह आवश्यक है कि मेरे पड़ोसी भी अच्छी गुणवत्ता का अनाज उगाएं। हमारे जीवन में भी ऐसा ही होता है। यदि हम चाहते हैं कि हमारा जीवन खुशहाल हो तो हमें अपने समाज को भी खुशहाल बनाना होगा। गांधी जी ने एक बार कहा था, मेरा जीवन ही मेरा संदेश है।

मैंने अपने जीवन में इसे कई बार अनुभव किया है। थायरोकेयर टैक्नालॉजीज के चेयरमैन ए. वेलुमनी भी एक ऐसे ही व्यक्ति हैं जिनका जीवन उनका संदेश है। उन्होंने थायरायड के टेस्ट के लिए देश की सर्वाधिक उन्नत प्रयोगशाला स्थापित की। इसके बावजूद देश भर में सबसे सस्ती दरों पर थायरायड का टेस्ट करना शुरू किया। इससे उनका व्यवसाय तेजी से फला-फूला। फिर उन्होंने देश भर में अपनी कंपनी के फ्रैंचाइज दिए। उनका फ्रैंचाइज माडल इतना आकर्षक था कि फ्रैंचाइजी खिंचे चले आए। अब थायरायड टेस्ट की दरों को उन्होंने इस प्रकार बनाया कि उनके फ्रैंचाइजी को उनसे भी ज्यादा मुनाफा मिले। इससे उनका व्यवसाय और भी तेजी से बढ़ा और आज वे थायरायड का टेस्ट करने वाली विश्व की सबसे बड़ी प्रयोगशाला के चेयरमैन हैं। वे भी इस नियम में ही विश्वास रखते हैं कि जीतना है, तो पहले अपने आसपास के लोगों को जिताना होगा। रामायण की बात करें तो भगवान राम के जीवन चरित्र से हमें एक महत्त्वपूर्ण शिक्षा मिलती है। वे जंगल में अकेले थे।

रावण ने माता सीता का हरण कर लिया था। उनके पास न सीता का पता लगाने का कोई साधन था, न उन्हें वापस पाने का कोई सिलसिला। अपने दुख के क्षणों में भी उन्होंने सुग्रीव की सहायता की। सुग्रीव को बाली के प्रकोप से छुटकारा दिलाया, उन्हें राजा बनाया। लाभ यह हुआ कि पूरी वानर सेना उनकी अपनी सेना बन गई। जंगलों में भटक रहा एक साधनहीन व्यक्ति अचानक एक साधन-संपन्न योद्धा बन गया। हम गांधी जी को पूजते हैं, मदर टेरेसा का सम्मान करते हैं, तो इसलिए कि उन्होंने अपने लिए नहीं, बल्कि समाज के लिए सोचा, समाज के उत्थान के लिए काम किया। गांधी जी जीवन के एक और नियम का बखान करते थे। वे कहते थे, इस धरती में इतनी क्षमता है कि वह हर किसी की आवश्यकता पूरी कर दे, पर यह संभव नहीं है कि वह हर किसी का लालच भी पूरा कर दे। हम अक्सर डरपोकों का जीवन जीते हैं। हम इसलिए चीजें इक्ी करते हैं ताकि हमारा भविष्य सुरक्षित हो। इस लालच में हम जमाखोर बन जाते हैं।

लालच बढ़ता चलता है तो जमाखोरी भी बढ़ती है, लेकिन साथ-साथ डर भी बढ़ता जाता है कि हमारी सुविधाएं छिन न जाएं, जिससे और लालच बढ़ता है, और जमाखोरी बढ़ती है और परिणामस्वरूप तनाव बढ़ता है। इस प्रकार हम एक अंतहीन चूहादौड़ का हिस्सा बनकर अपने ही बनाए जाल में फंस जाते हैं और जीवन के असली आनंद से महरूम हो जाते हैं। जीवन का आनंद लेना हो तो अत्यधिक लालच से बचना चाहिए और सब्र रखना चाहिए। अंग्रेजी वर्णमाला का पहला अक्षर ए है, लेकिन एक से 999 तक की गिनती के हिज्जों (स्पेलिंग) में ए कहीं नहीं आता। ए सर्वप्रथम थाउजैंड में आता है। अंग्रेजी वर्णमाला का पहला अक्षर होने के बावजूद उसे सब्र रखना पड़ा। समय और मौका सबको मिलता है, लेकिन उसके लिए कर्म और सब्र आवश्यक है। गांधी जी कहा करते थे कि आप कर्मों के फल के बारे में पहले से कुछ नहीं जान सकते, लेकिन यदि आप कर्म नहीं करेंगे तो फल होगा ही नहीं। कर्म, सब्र और अपने आसपास के समाज की जीत का नजरिया ही आपकी जीत सुनिश्चित करता है। सफलता का यही मंत्र है, जीवन का यही मंत्र है! इस मंत्र को अपनाकर ही हम जीवन में सफल हो सकते हैं। इस मंत्र को आज से ही अपना लें।

कैसी हो हमारी स्कूली शिक्षा

डा. वरिंदर भाटिया

हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की तरफ से स्कूली शिक्षा को लेकर परफॉर्मिंग ग्रेड इंडेक्स (पीजीआई) जारी किया गया है। इस साल चंडीगढ़ और पंजाब सबसे ऊपर हैं। केरल और महाराष्ट्र संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शिक्षण व्यवस्था के लिए पीजीआई जारी होता है। 1000 नंबर में से मिले नंबर से रैंकिंग तय की जाती है। इंडेक्स में लर्निंग आउटकम, समानता और बुनियादी ढांचे और अन्य आधार पर 1000 में से प्राप्त नंबर के आधार पर दस ग्रेड में रैंकिंग की जाती है। लेकिन पहले पांच लेवल (701 से 1000 नंबर) में किसी राज्य को जगह नहीं मिली है। सबसे ऊपर रैंकिंग वाले चंडीगढ़ और पंजाब को छठे लेवल इफर्ट-2 में जगह मिली है। यह 1000 में से 641-700 के बीच स्कोर को दिखाता है। पिछले साल सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों- केरल, पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और आंध्र प्रदेश ने 1000 में से 901 और 950 अंक के बीच स्कोर किया था। इस बार इफर्ट-3 लेवल में शामिल पंजाब और चंडीगढ़ के बाद गुजरात, केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली, पुड्डुचेरी और तमिलनाडु का नाम है। इन राज्यों को इफर्ट-3 (581-640) लेवल में शामिल किया गया है। इसके बाद एसपिरेंट-1 लेवल (521-580) में अंडमान निकोबार, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, लक्षद्वीप, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गोवा, सिक्किम, हरियाणा, पश्चिम बंगाल और हिमाचल हैं। एसपिरेंट-2 (461-520) की लिस्ट में असम, नागालैंड, बिहार, ओडिशा, जम्मू और कश्मीर, तेलंगाना, झारखंड, त्रिपुरा, मणिपुर, उत्तर प्रदेश, लद्दाख और उत्तराखंड हैं। अंतिम लेवल एसपिरेंट-3 (401-460) में तीन राज्य अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और मिजोरम को शामिल किया गया है। 10 पैमानों पर कोई राज्य खरा नहीं उतरा। नई शिक्षा नीति आने के बाद 2021-22 में पीजीआई को पुनर्गठित किया गया है। हालांकि सभी 10 पैमानों पर किसी भी राज्य को पूरे अंक नहीं मिले हैं। स्कूली शिक्षा का हमारे देश के लिए बड़ा महत्त्व है। शिक्षा एक व्यापक लक्ष्य है। शिक्षा बच्चों के अंदर विचार और कर्म की स्वतंत्रता विकसित करती है। दूसरों के कल्याण और उनकी भावनाओं के प्रति संवेदनशीलता उत्पन्न करती है। शिक्षा हर वर्ग के लिए अनिवार्य है। वास्तव में शिक्षा पर होने वाले विचार-विमर्श को इनकी वास्तविकताओं के संदर्भ में रखकर देखा जाए। शिक्षा को सर्वव्यापी बनाने की सोच और यह विचार कि सभी बच्चों को स्कूल जाना चाहिए, शिक्षा और विकास के क्षेत्र में काम कर रहे हम में से अधिकांश लोगों के दिलो-दिमाग पर छाया हुआ है। स्कूली शिक्षा दुनिया भर के देशों की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बच्चों को स्कूल जाने में मदद करने और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने की पहल विकास और समृद्धि के परिदृश्य को बदल सकती है। वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट 2021 के अनुसार अखिल भारतीय स्तर पर 6-14 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के लिए, निजी स्कूलों में नामांकन 2018 में 32.5 फीसदी से घटकर 2021 में 24.4 प्रतिशत हो गया है। निरंतर विकास दर्ज करने और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कुछ उपाय किए जाने चाहिएं। किसी भी समाधान और परिवर्तन के साथ शुरूआत करने के लिए समस्या के मूल कारण की पहचान करना महत्त्वपूर्ण है।

सत्ता के लालच में साख गंवाती भाजपा

देश में कम्युनिस्ट पार्टियों के बाद अनुशासन के मामले में सख्त मानी जाने वाली भाजपा का अनुशासन अब तार-तार हो गया है। भाजपा में वफादारी की बात करना अब बेमानी हो गया है। सत्ता के लालच में पार्टी के नेता कब कौन सा कदम उठा ले किसी को पता नहीं है। 2014 के बाद तो भाजपा पूरी तरह बदल गयी है। इस समय की भाजपा सत्ता की इतनी भूखी हो गई है कि सत्ता मिलते देख वह अपने जन्मजात दुश्मनों को भी गले लगाने से परहेज नहीं कर रही है। जब 1980 में जनता पार्टी से अलग होकर भाजपा का गठन किया गया था। उस समय राजनीतिक रूप से तो भाजपा कमजोर थी मगर चारित्रिक रूप से बहुत मजबूत थी। भाजपा के अनुशासन व संगठन को लेकर सभी राजनीतिक दलों में चर्चाएं होती थी। अपने वफादार कार्यकर्ताओं के बल पर भाजपा हर समय संघर्ष करने को तैयार रहती थी। पार्टी नेताओं के एक इशारे पर पार्टी कैडर मरने मारने पर उतारू हो जाता था। पार्टी के कार्यकर्ता भूखे रहकर महीनों तक चुनाव में पार्टी के लिए मेहनत करते थे।

रमेश सर्राफ धमोरा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

कभी चाल, चरित्र, चेहरे की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अब पूरी तरह से बदल गई है। सत्ता के लालच ने भाजपा का चरित्र ही बदल कर रख दिया है। देश में कम्युनिस्ट पार्टियों के बाद अनुशासन के मामले में सख्त मानी जाने वाली भाजपा का अनुशासन अब तार-तार हो गया है। भाजपा में वफादारी की बात करना अब बेमानी हो गया है। सत्ता के लालच में पार्टी के नेता कब कौन सा कदम उठा ले किसी को पता नहीं है। 2014 के बाद तो भाजपा पूरी तरह बदल गयी है। इस समय की भाजपा सत्ता की इतनी भूखी हो गई है कि सत्ता मिलते देख वह अपने जन्मजात दुश्मनों को भी गले लगाने से परहेज नहीं कर रही है।

जब 1980 में जनता पार्टी से अलग होकर भाजपा का गठन किया गया था। उस समय राजनीतिक रूप से तो भाजपा कमजोर थी मगर चारित्रिक रूप से बहुत मजबूत थी। भाजपा के अनुशासन व संगठन को लेकर सभी राजनीतिक दलों में चर्चाएं होती थी। अपने वफादार कार्यकताओं के बल पर भाजपा हर समय संघर्ष करने को तैयार रहती थी। पार्टी नेताओं के एक इशारे पर पार्टी कैडर मरने मारने पर उतारू हो जाता था। पार्टी के कार्यकर्ता भूखे रहकर महीनों तक चुनाव में पार्टी के लिए मेहनत करते थे।

मगर अब नजारा पूरी तरह से बदल गया है। आज भाजपा का कार्यकर्ता सुविधा भोगी हो गया है। सबको सत्ता का लालच आ गया है। पार्टी का हर कार्यकर्ता पांच सितारा जिंदगी में जीना चाहता है। भाजपा का छुटभैया नेता भी आज बड़ी-बड़ी लग्जरी गाड़ियों में घूम रहा है। एक समय पाई पाई के लिए मोहताज रहने वाले पार्टी कार्यकताओं के पास अचानक ही लग्जरी लाइफस्टाइल बिताने के लिए इतना धन कहां से आया इस बात से पार्टी के बड़े नेताओं को कोई मतलब नहीं रहता है। सत्ता पाने की होड़ में पार्टी आलाकमान उस बात से भी आंख मूंद लेती है जिससे पार्टी की छवि खराब हो रही है।

पार्टी की स्थापना करने के बाद अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी, नानाजी देशमुख, विजय राजे सिंधिया, भैरोंसिंह शेखावत, कुशाभाऊ ठाकरे, सुंदर सिंह भंडारी, कल्याण सिंह, मुरली मनोहर जोशी, शांता कुमार, सुंदरलाल पटवा, श्यामाचरण सकलेचा, मदन लाल खुराना, जगदीश प्रसाद माथुर, विजय कुमार मल्होत्रा, जाना कृष्णमूर्ति, एम वेंकैया नायडू, सूरजभान जैसे बहुत से नेताओं ने पार्टी को बनाने में अपना सब कुछ खफा दिया था। पार्टी में इन वरिष्ठ नेताओं का जब तक दबदबा रहा तब तक पार्टी सत्ता पाने की दौड़ में शामिल नहीं हुई थी।

अटल, आडवाणी युग में भाजपा ने अपने को जमीनी स्तर पर बहुत मजबूत किया था। जिसका ही नतीजा है कि आज भाजपा देश में शासन कर रही है। एक समय था जब अटल बिहारी बाजपेई ने सिद्धांतों से समझौता नहीं कर के प्रधानमंत्री का पद गंवा दिया था। उस दौर में पार्टी के लिए सत्ता से बड़े सिद्धांत होते थे। मगर अब सब कुछ बदल गया है। आज के समय में सत्ता हासिल करना ही पार्टी का मुख्य उद्देश्य बन गया है।

2014 में जब नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने और अमित शाह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने उसके बाद से पार्टी में पुराने नेताओं, पुराने कार्यकताओं को धीरे-धीरे पीछे धकेला जाने लगा। उनके स्थान पर फाइव स्टार कल्चर के नए-नए लोगों को आगे बढ़ाए जाने जाने लगा। भाजपा के बारे में माना जाता था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का पार्टी पर पूरा नियंत्रण रहता है। संघ की इजाजत के बिना पार्टी में पत्ता भी नहीं हिल सकता है। मगर मौजूदा परिस्थितियों में लगता है कि संघ का पार्टी पर से नियंत्रण समाप्त हो गया है। संघ के पदाधिकारी भी आज मौन रहकर पार्टी के सत्ता लोलुप स्वरूप को देख रहे हैं। पार्टी की नीतियों में हस्तक्षेप करने की संघ में भी हिम्मत नहीं रह गई है। इसीलिए भाजपा के बड़े नेता मन मुताबिक फैसले लेकर काम कर रहे हैं।

आज भाजपा में दूसरे दलों से आए नेताओं का बोलबाला हो रहा है। पार्टी के शासन वाले बहुत से राज्यों में दूसरे दलों से आए नेताओं को मुख्यमंत्री, मंत्री बनाया गया है। ऐसे ही संगठन में दूसरी पार्टी से आए नेता प्रमुख पदों पर बैठे हुए हैं। हाल ही में पंजाब भाजपा के अध्यक्ष बनाए गए सुनील जाखड़ तो कुछ माह पूर्व ही भाजपा में शामिल हुए थे। कांग्रेस पार्टी में तवज्जो नहीं मिलने के चलते सुनील जाखड़ भाजपा में आ गए थे। पूर्व में वह पंजाब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इसी तरह असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन वीरेंन सिंह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होकर राज कर रहे हैं। उन प्रदेशों में जो पार्टी कैडर के कार्यकर्ता थे उनका आज पता ठिकाना भी नहीं है कि वो लोग कहां गुमनामी में खो गए हैं।

भाजपा के मौजूदा नेतृत्व ने जब 2015 में जम्मू कश्मीर में जम्मू कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के मुफ्ती मोहम्मद सईद फिर उनकी बेटी महबूबा मुफ्ती के साथ मिलकर सरकार बना ली थी उसी दिन से भाजपा के सभी सिद्धांत समाप्त हो गए थे। सत्ता के लिए मुफ्ती मोहम्मद सईद व महबूबा मुफ्ती जैसे भारत विरोधी विचारधारा के कट्टरपंथी नेताओं के साथ सरकार बनाना भाजपा द्वारा अपने सभी सिद्धांतों को तिलांजलि देने के समान था।

इसके साथ ही भाजपा जहां चुनाव नहीं जीत सकती वहां जोड़-तोड़ कर सरकार बनाना शुरू कर दिया। अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर इसके पहले शिकार हुए। उसके बाद 2018 में कर्नाटक व मध्य प्रदेश में विधानसभा का चुनाव हार जाने के बाद भाजपा ने वहां दलबदल करवाकर अपनी सरकार बना ली थी। उसी का नतीजा है कि पिछले दिनो संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को कर्नाटक में करारी हार झेलनी पड़ी थी। इसी तरह महाराष्ट्र में भी भाजपा ने पहले शिवसेना में और अब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में तोड़फोड़ करवा कर अपनी सरकार बनायी है।

हालांकि भाजपा के नेताओं को भी पता लग गया है कि जोड़-तोड़ कर बनाई सरकार को मतदाता स्वीकार नहीं करते हैं। मतदाताओं को जब भी कर्नाटक की तरह मौका मिलता है वह बुरी तरह हरवा देते हैं। इसी साल के अंत में मध्यप्रदेश विधानसभा के चुनाव होने हैं। मौजूदा परिस्थितियों से वहां भाजपा कि स्थिति सही नहीं लग रही है। इसी तरह महाराष्ट्र में भी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में भाजपा सहित कई दलों की सरकार चल रही है। मगर सरकार में शामिल दलों कि आपसी खींचतान के चलते महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में बहुत से पद खाली पड़े हैं।

भाजपा आलाकमान ने यदि अपनी नीति नहीं बदली तो आने वाले समय में पार्टी के वफादार लोग पार्टी से दूर होते चले जाएंगे। फिर भाजपा में सिर्फ दलबदलू व मौकापरस्त लोगों का जमावड़ा रह जाएगा। जिनके बल पर भाजपा लंबे समय तक नहीं चल पाएगी। भाजपा के कमजोर होते ही दूसरे दलों से आए सत्यपाल मलिक, यशवंत सिन्हा, कीर्ति आजाद, नाना पटोले, यशपाल आर्य, मुकुल राय, स्वामी प्रसाद मौर्य, अवतार सिंह भडाना, हरीशचंद मीणा, दारासिंह चौहान, धरमसिंह सैनी, बाबुल सुप्रियो, सुदीपराय बर्मन, सुब्रह्मण्यम स्वामी जैसे दलबदलू नेता मौका पाकर भाजपा छोड़कर अपना नया ठिकाना ढूंढने लगेंगे।

ना भुतो, ना भविष्यति, इस्सयोग आध्यात्मिक क्राँन्ति

मै अपने को बड भागी मानता हुँ कि मुझे सद्गुरू के रूप में महात्मा सुशील कुमार व ममतामयी करूणा की जीती जागती मुर्ति माँ विजया जी मिली है। लेकिन श्रृष्टि के रचियता, पालन कर्त्ता के संदर्भ मे कुछ कहने या उनके संदर्भ मे कुछलिपिबद्ध करना एक अति कठिन कार्य है, ठीक वैसे जैसे सम्पूर्ण विश्व को, अपने दिव्य प्रकाश से प्रकाशित करने वाले भुवन भास्कर को माचिस की एक छोटी सी प्रज्वलित तीली से प्रकाश दिखाने की तुच्छकोशिश है। आज मै अपने आप को असहाय पा रहा हुँ। धन्य वह धरा जहाँ पति पावनी गंगा सदियों से निरंतर र्निविघ्न बह रही है। इस पवित्र को अनेक संत महापुरुषों नें विभिन्न युग में स्वयं अवतरित हो कर जगत का कल्याण कराया है। इसी क्रम में आज आप के समक्ष ऐसे महा पुरुष की चर्चा करने जा रहा हूँ जिन्होंने संपूर्ण मानव जाति को कल्याण हेतू एक सहज सरल सुगम पथ ना केवल निमार्ण किया बन्कि सम्पूर्ण मानव जाति को त्रितापों से त्राण दिलाने हेतु, इस्सयोग साधना पथ विना किसी भेद भाव आम आदमी सौगात स्वरूप उपलब्ध कराया है।

विनोद तकियावाला
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

आदि काल से ही हमारे यहाँ गुरु शिष्य की परम्परा है। इसी श्रंखला मे अपने जीवन के कुछ स्वर्णीम पल मुझे अपने सद्गुरू देव-माँ के सात्धिय में बिताने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यहाँ पर उल्लेख करना जरूरी है कि जब गुरु के रूप स्वयं सद्गुरु ही आप के समक्ष आपका हाथ थाम लेता है, तो बात ही कुछ अलग होती है। मै अपने को बड भागी मानता हुँ कि मुझे सद्गुरू के रूप में महात्मा सुशील कुमार व ममतामयी करूणा की जीती जागती मुर्ति माँ विजया जी मिली है। लेकिन श्रृष्टि के रचियता, पालन कर्त्ता के संदर्भ मे कुछ कहने या उनके संदर्भ मे कुछ लिपिबद्ध करना एक अति कठिन कार्य है, ठीक वैसे जैसे सम्पूर्ण विश्व को, अपने दिव्य प्रकाश से प्रकाशित करने वाले भुवन भास्कर को माचिस की एक छोटी सी प्रज्वलित तीली से प्रकाश दिखाने की तुच्छकोशिश है। आज मै अपने आप को असहाय पा रहा हुँ। धन्य वह धरा जहाँ पति पावनी गंगा सदियों से निरंतर र्निविघ्न बह रही है। इस पवित्र को अनेक संत महापुरुषों नें विभिन्न युग में स्वयं अवतरित हो कर जगत का कल्याण कराया है। इसी क्रम में आज आप के समक्ष ऐसे महा पुरुष की चर्चा करने जा रहा हूँ जिन्होंने संपूर्ण मानव जाति को कल्याण हेतू एक सहज सरल सुगम पथ ना केवल निमार्ण किया बन्कि सम्पूर्ण मानव जाति को त्रितापों से त्राण दिलाने हेतु, इस्सयोग साधना पथ विना किसी भेद भाव आम आदमी सौगात स्वरूप उपलब्ध कराया है। एक दिव्य और चमत्कारिक शक्ति और औषधि देने वाले कोई साधारण संत नही बल्कि इस युग मे सद्गुरुदेव महात्मा सुशील कुमार जी के रूप अवतरित हुए।

जुलाई माह का आगमन हो गया है। यह माह हम इस्सयोगी भाई-बहन के लिए विशेष महत्व का मास है। यह परम चैत्यन का मास है। क्योकि 13 जुलाई का यानि आध्यात्मिक क्रान्ति के प्रेण्यता का महात्मा सुशील कुमार जी का अवतरण दिवस है !आप का जन्म बिहार प्रांत के भोजपुर ज़िला निवासी ब्रहमलीन महापुरुष श्री श्रीशचंद्र शास्त्री एवं कर्पूर कमला के एक मात्र पुत्र के रूप में 13जुलाई 1938 को हुआ था। इन्होंने 1961 में बी एस सी इंजीनियरिंग (सिविल) तथा 1971में ह्यबैचलर औफ लौह्ल की उपाधि प्राप्त की। आप बिहार सरकार के पथ निर्माण विभाग में विभागाध्यक्ष के पद से1998में सेवा निवृत हुए। सर्वोतकृष्ट कार्यों एवं उपलब्धियों के लिए, आपको ह्यइंदिरा गाँधी प्रिय दर्शिनी सम्मान 1997ह्ल से विभूषित भी किया गया था। महात्मा जी को अध्यात्म विरासत में मिला था। उनके पिता प्रातःस्मरणीय शास्त्री जी चारों वेदों के ज्ञाता और भाष्य-कार थे। वे कठोर कर्म-कांडी और सपत्नी पक्के आर्य समाजी थे। आर्य समाज के आचार्य के रूप में, उनकी समाज में बड़ी प्रतिष्ठा थी तथा वे भारत सरकार की ओर से विदेशों में (थाईलैंड, श्रीलंका आदि देशों में)संस्कृत एवं वेदों की शिक्षा देने हेतु सादर भेजे जाते थे। शास्त्री जी ने गभार्धान से लेकर महात्मा जी के आगे के सभी संस्कार वेदोक्त विधि से कराए थे। उनकी माता पूजनीयाँ कर्पूर कमला जी, सामाजिक सरोकारों से जुड़ीं विदुषी और तेजस्वीनी महिला थीं। अस्तु बाल्य काल से हीं, महात्मा जी में आध्यात्मिक संस्कार पड़ने लगे थे। शिशु पर वैदिक संस्कार पड़े, इस हेतु, पिताश्री किंचित लोभ देकर गायत्री मंत्र आदि रटाते थे। शास्त्री जी ने उन्हें कह रखा था कि, जबह्लगायत्री-मंत्रह्ल का पाठ किया जाता है, तो सभी इच्छित फल प्राप्त होते हैं। उन्हें किसी वस्तु की इच्छा होती थी तो उनसे यह कहा जाता था कि, ह्लआँखों को बंद कर ह्यगायत्री मंत्रह्ल का जप करो, तुम्हें वह अवश्य प्राप्त होगा।ह्ल महात्मा जी तदनुसार करते थे, फिर उनके हाथों में वह वस्तु पड़ी मिलती। (इच्छित वस्तु पिताश्री तैयार रखा करते थे।)। वयस्क होने पर महात्मा जी में स्वतंत्र विचार आने लगे तथा उनका आध्यात्मिक- चिंतन बदलने और परिष्कृत होने लगा। वय और अनुभूतियों के बढ़ने के साथ-साथ, ह्यपरम-तत्त्वह्ल की खोज की अभिलाषा उत्कंठा बनती गयी और उन्होंने जीवन के कर्मों का निबटारा करते हुए ह्यसत्य की खोजह्ल जारी रखी। जैसा कि पूर्व में निवेदन किया जा चुका है कि, महात्मा जी ने सिविल अभियंत्रण में स्नातक की उपाधि प्राप्त की थी, सो अपनी लौकिक वृति 1963 में बिहार सरकार के लोक निर्माण विभाग में अवर प्रमंडल पदाधिकारी के पद से प्रारम्भ की। 1963से 65तक वे बिहारशरीफ में रहे तथा1966 से69 तक राँची में। तब बिहार का विभाजन नही हुआ था। पटना-हाजीपुर को जोड़ने के लिए बनाए जा रहे गंगा सेतु (महात्मा गाँधी सेतु) के निर्माण में उन्होंने निमार्ता-कंपनी ह्यगैमन इंडियाह्ल के साथ अपना विशेष योगदान 1970-71 में दिया था। वर्ष 1972 से 74तक बोकारो में एच एस सी एल में जोनल इंजीनियर के पद पर उन्होंने कार्य किया और इस काल का उल्लेखनीय पक्ष यह था कि आप हीं के नेतृत्व में अत्यंत महत्वाकांक्षी ह्यकोल्ड रोलिंग मिल की कमीशनीगह्ल संपन्न हुई थी। इसके बाद से, 1979 तक आपने राजधानी (पटना)के विभिन्न कार्य-प्रक्षेत्रों में, अपना उल्लेखनीय योगदान दिया। इसके बाद आपको, आपके कुशल प्रशासनिक और प्रभावकारी व्यक्तित्व के महत्त्व को रेखांकित करते हुए आपको नक्सल प्रभावित उन क्षेत्रों में विशेष कार्यों के लिए भेजा गया, जहाँ से दूसरे अधिकारी और विशेषज्ञ परहेज रखना चाहते थे। लेकिन आप भला किससे भय रखते !आपने सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर अपने कर्तव्य पूरे किए तथा इस दौरान अनेक स्थानों पर हरिजन-छात्रावास एवं शैक्षणिक संस्थानों के निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों को पूरा किया। 1998 में अपने विभाग के अध्यक्ष पद से सेवा निवृत होने से पहले आपने पटना क्षेत्रीय प्राधिकार के ट्रिब्यूनल में अपनी सेवाएँ दी। यह प्रमाणित हो कि महात्मा जी, जो कहते थे, वह अपने जीवन में पालन भी करते थे। उन्होंने संसार को पूरा जिया, और वहीं पूरी तरह विरक्त भी रहे। आध्यात्मिक धारा में बहते हुए भी, संसार छोड़ने की बात कभी नहीं की। वे कहा करते थे कि, सत्य की खोज और तत्त्व-ज्ञान के लिए संसार को छोड़ना अनावश्यक है। सच्चा मार्ग और सच्चा गुरु पाकर गृहस्थ जीवन में हीं आध्यात्मिक उपलब्धियाँ पायी जा सकती है। गृहस्थ-आश्रम साधना का श्रेष्ठ आश्रम है। इसी तरह उन्होंने, समय आने पर विवाह भी किया। वर्ष 1963 के 18मई को जब आपका विवाह संपन्न हुआ, उस समय आपकी नव-परिणीता आदरणीया विजया जी (माँ विजया जी)अभी-अभी इंटर की परीक्षा दी थीं।

जल प्रलय प्रकृति कम, गलत योजनायें व भ्रष्टाचार अधिक जिम्मेदार

निर्मल रानी

इस समय उत्तर भारत के दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान जैसे राज्य व केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ पिछले दिनों लगातार कई दिनों तक हुई मूसलाधार बारिश की वजह से अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहे हैं। कई राज्यों में तो जल प्रलय जैसी स्थिति बनी हुई है। सैकड़ों लोग बाढ़, भूस्खलन की भेंट चढ़ चुके हैं। हजारों गांव पूरी तरह डूबे पड़े हैं। दर्जनों पुल ध्वस्त हो चुके हैं अनेक तटबंध टूट चुके हैं, दर्जनों राजमार्ग या तो बाढ़ के कारण कट चुके हैं या कई जगह जनता ने पानी निकालने के लिये स्वयं काट दिये हैं। न जाने कितने मकान होटल, व्यवसायिक केंद्र विभिन्न राज्यों में बह गये या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये हैं। यह हालात इस समय उपरोक्त राज्यों में विशेषकर हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ जैसे देश के विकसित व संपन्न राज्यों में देखने को मिल रहे हैं। तमाम ट्रेन स्थगित हैं, मार्ग अवरुद्ध हो जाने के कारण अनेक रूटस की बस सेवाएं रद्द कर दी गयी हैं। तमाम जगहों पर तेज जल प्रवाह के चलते गाड़ियां बह गयीं। लोगों के घरों के अंदर पानी प्रवेश कर गया। यहां तक कि तमाम बहु मंज़िला इमारतों की निचली मंजिल तक डूब गयी। विभिन्न राज्यों में स्कूल कॉलेज अनिश्चित काल के लिये बंद कर दिये गए। मौसम विशेषज्ञों द्वारा बताया जा रहा है कि जहाँ इस भीषण वर्षा का कारण पहाड़ों पर वेस्टर्न डिस्टरबेंस है वहीं पंजाब और हरियाणा में साइक्लोनिक सकुर्लेशन भी इसका मुख्य कारण है। अत्यधिक मानसून ट्रफ मध्य भारत से चलकर पंजाब हरियाणा की ओर आया है। गोया तबाही का अभूतपूर्व दृश्य इस समय देखा जा रहा है। और आधुनिक संसाधनों पर अपना नियंत्रण रखने वाले करोड़ों लोग इस समय इस विपदा के आगे बेबस और लाचार नजर आ रहे हैं। निःसंदेह इस तबाही का असर देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। परन्तु लगभग प्रत्येक वर्ष देश के किसी न किसी राज्य व क्षेत्र में वर्षा के दौरान होने वाले जल प्रलय व बाढ़ के बाद इस बार भी यह सवाल कुछ अधिक ऊँचे स्वर में पूछा जाने लगा है कि इस तबाही की जिम्मेदार क्या केवल प्रकृति ही है? या फिर सरकार की गलत योजनायें और व्यवस्था में व्याप्त आकंठ भ्रष्टाचार भी इसके लिये जिम्मेदार है? उदाहरण के तौर पर देश में असम और बिहार जैसे राज्यों की गिनती निश्चित रूप से सबसे अधिक बाढ़ प्रभावित राज्यों में की जाती है। असम और बिहार की भौगोलिक स्थिति भी ऐसी है कि नदी प्रधान इन राज्यों में लगभग प्रत्येक वर्ष बाढ़ आती ही रहती है। हजारों करोड़ रुपए सरकारों द्वारा नदियों के तटबंधों के निर्माण पर खर्च किये जाते हैं। परन्तु नदियों का जलस्तर बढ़ते ही इनमें से तमाम तटबंध टूट जाते हैं और उसी जल प्रवाह में बह जाते हैं। इसी तटबंध के निर्माण के नाम पर एक बड़ा घोटाला दशकों से नेताओं, अधिकारीयों व ठेकेदारों की सांठ गाँठ से होता आ रहा है। इसी तरह यह सवाल भी पूछा जाता है कि नदियों पर निर्मित नये पुल या कुछ वर्षों पूर्व बनाये गये वे पुल आखिर क्यों बह जाते हैं जिन्हें ढोल पीटकर धार्मिक विधि विधान के साथ ह्यमंत्रियों के करकमलोंह्ल से उद्घाटित किया जाता है? जबकि देश में हजारों ऐसे पुल अभी भी मौजूद हैं जो अठारवीं शताब्दी में अंग्रेजों के द्वारा बनाये गए हैं?

आज जल प्रलय वाले तमाम इलाकों में अधिकांश रेल व भूमिगत अंडर पास पूरी तरह डूबे पड़े हैं। क्या जल भराव के कारण बंद पड़े ऐसे अंडर पास के योजनाकारों से यह सवाल नहीं पूछा जाना चाहिये कि यह अंडर पास जल भराव से सुरक्षित क्यों नहीं रह पाते? गौर तलब है कि वर्षा ऋतू के अतिरिक्त भी देश के तमाम भूमिगत मार्ग सिर्फ इसलिये भरे रहते हैं क्योंकि या तो जमीन के नीचे से जलस्त्राव होता रहता है या फिर इनमें पानी की निकासी का समुचित प्रबंध नहीं किया गया है। ऐसे अंडर पास पर खर्च किये गये जनता के पैसों की बबार्दी का कौन जिम्मेदार है? आज अनेक राजमार्ग व बाईपास जनता को या तो काटने पड़े या स्वयं बह गये। दोनों ही स्थिति में जिम्मेदारी सरकार और योजनाकारों की ही है। ऐसे मार्गों का निर्माण करते समय मार्ग के दोनों तरफ की जल निकासी की व्यवस्था योजनाकारों को करनी चाहिये ताकि अतिरिक्त जल की निकासी दूसरी तरफ हो सके। परन्तु ऐसा न होने की स्थिति में ही बढ़ से डूबने वाले मार्ग भ्रष्टाचार की छाया में निर्मित होने के चलते स्वयं बह जाते हैं और जहां गलत योजनाओं के चलते समुचित जल निकासी नहीं हो पाती वहां इलाके के लोग अपने घर गांव व आबादी को बचाने के लिये स्वयं काट देते हैं।

इसी तरह शहरी इलाकों में यहां तक कि दिल्ली व गुड़गांव जैसे महानगरों तक में, जहां की जनता भारी टैक्स देती है और देश को आधुनिकता की ओर ले जाने में जिसका जबरदस्त योगदान है वहां के भी अनेक भूमिगत पास जलमग्न हैं। यहाँ तक कि कुछ समय पूर्व ही जनता को समर्पित किया गया दिल्ली के प्रगति मैदान का अंडर पास जल भराव का शिकार है।

संक्षिप्त खबरें

कई कांडों का फरार अभियुक्त सूरज गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने कई कांडों में बांछित किंतु फरार चल रहे आरोपी आयुष कुमार उर्फ सूरज को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। यह टाप -20 का बांछि अपराधकर्मी बताया जा रहा है। सीतामढ़ी नगर थाना कांड संख्या 333/23 एवं 683/21तथा अहियापुर थाना, कांड संख्या630/15में पुलिस इसकी तलाश कर रही थी।यह जानकारी देते हुए एसएसपी राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कुख्यात अपराधकर्मी आयुष कुमार उर्फ सूरज कुमार, पिता उमेश प्रसाद सा० द्रोणपुर बेलहिया, थाना-अहियापुर, जिला-मुजफ्फरपुर को द्रोणपुर स्कूल के पास देखा गया है। आयूष कुमार वर्फ सूरज कुमार सीतामही जिला का टाप 20 वांछित फरार अपराधकर्मी है। प्राप्त सूचना के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरपुर के निर्देशन में एसटीएफ एवं मुजफ्फरपुर जिला पुलिस की विशेष टीम द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए अपराधकर्मी आयूष कुमार तर्फ सूरज कुमार को द्रोणपुर स्कूल के पास से रंगे हाथ अवैध अग्नेयास्त्र एवं जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इसके पास से एक देशी कट्टा ,2 जिन्दा कारतूस और मोबाइल बरामद किया गया है।

रहिका पुलिस अपहरण व शराब मामलों में तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

मधुबनी जिला मुख्यालय से सटे रहिका थाना पुलिस ने अलग अलग कांड अपहरण व शराब मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सतलखा गांव निवासी सनीचर सहनी को पूर्व के शराब मामले व जितवारपुर गांव के भोगी चौधरी के पुत्र विजय कुमार चौधरी को 80 बोतल देसी नेपाली शराब के साथ तीसरा अभियुक्त राजन कुमार पासवान को नवालिग लड़की को शादी का झांसा देकर अपहरण मामले में जितवारपुर गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। बताते चलें कि एक माह पूर्व जितवारपुर गांव निवासी पप्पू भंडारी ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर कर शादी करने के नीयत से अपहरण कर लेने मामले में गांव के ही राजन पासवान एवम् अन्य चार के खिलाफ रहिका थाना में प्राथमिकी दर्ज कराए थे जिसमे अभियुक्त फरार चल रहे थे। गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया है।

भीषण टक्कर मारने से साइकिल सवार एव बाइक चालक बुरी तरह जख्मी

मधुबनी खजौली थाना क्षेत्र के मनियरवा गांव स्थित बजरंगवली मंदिर के पास मुख्य पक्की सड़क पर सेलरा गांव निवासी साइकिल सवार मिश्रीलाल सिंह को गुरुवार को शराबे गांव निवासी वाइक सवार चालक विक्रम कुमार द्वारा साईकिल में भीषण टक्कर मारने से साइकिल सवार एव वाइक चालक बुरी तरह जख्मी हो गया. सभी जख्मी को स्थानीय लोगो की मदद से सीएचसी खजौली में भर्ती कराया गया. सीएचसी में डियूटी पर तैनात डा. विकास कुमार ने सभी घायलों को प्राथमिकी इलाज किया गया. वही गंभीर रूप से घायल साइकिल सवार मिश्री लाल सिंह एव वाइक चालक विक्रम पासवान को गंम्भीर हालत देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए सदर हास्पिटल मधुबनी रैफर कर दिया गया. वही सीएचसी के डॉक्टर विकास कुमार ने इलाज के दौरान साइकिल सवार मिश्री लाल सिंह से पूछताछ करने पर उन्होंने कहा कि मैं साइकिल से मनियरवा गांव के खजौली रेलवे गुमटी की ओर आ रहा था. उसी समय विपरीत दिशा से एक वाइक पर तीन व्यक्ति सवार चालक द्वारा मंदिर के पास साइकिल में जोरदार ठोकर मारने से घायल हो गया. वही दो घायल व्यक्ति लोकेश पासवान एव सोनू कुमार को सीएचसी में इलाज चल रहा है. वे दोनों व्यक्ति खतरे से बाहर है।

शिक्षकों ने शिक्षण कार्य का काला बिल्ला लगाकर किया विरोध

मंसूरचक, बेगूसराय। राज्य संघ के आह्वान पर प्रखंड के सभी नियोजित शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालय में काला बिल्ला लगाकर नियमावली 2023 का विरोध किया। शिक्षक संघ ने कहा कि राज्य सरकार 2023 में सुधार कर बगैर कोई शर्त सभी नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिये जाने, पुरानी पेंशन को लागू किये जाने एवं शारीरिक शिक्षा स्वास्थ्य अनुदेशको को समान शिक्षक के तरह समान वेतन दिये जाने जैसी अन्य मांग शामिल बतलाया। शिक्षक संघ ने कहा कि शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव शिक्षकों पर दंडात्मक कार्रवाई करने जैसी तुगलकी फरमान को शीघ्र वापस करें, नही तो और तेज आंदोलन करने को बाध्य होंगे। शिक्षक दंडात्मक कार्रवाई जैसी फरमान से डरने वाली नही हैं। शिक्षक अपना कर्म कर्तव्य का पालन निष्ठापूर्वक ईमानदारी के साथ कर रहें हैं।

तेज रफ्तार पिकअप ने पांच वर्षीय बालक को कुचला, मौके पर दर्दनाक मौत

●घटना वाले दिन ही बालक का था पांचवा जन्मदिन

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के रहिका थाना क्षेत्र के जयनगर से दरभंगा जाने वाली मुख्य सड़क एनएच 105 बसौली खपरपुरा के बीच लगभग 8 बजे सुबह में 5 वर्षीय बालक को तेज रफ्तार पिकअप ने कुचलते हुए फरार हो गया। जिससे बालक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गया। बालक अपने नाना के पास 12 तारीख को आए थे।और अगले दिन सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है।मृत बालक की पहचान खपरपुरा गांव वार्ड नंबर 6 निवासी महेंद्र मंडल के नाती प्रिंस कुमार के रूप में किया गया है। सड़क दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने मुख्य सड़क को जाम कर हंगामा करने लगे हंगामा कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि प्रिंस कुमार कल देर शाम अपने नाना के घर आए। और आज उनका जन्मदिन मनाने को लेकर घर में परिजन तरह तरह का तैयारी कर रहे थे। लेकिन खुशी गम में बदल गया। मृतक प्रिंस भाई में अकेले थे और एक बहन है। ग्रामीणों ने बताया कि 3 महीने के अंदर यह तीसरा सड़क हादसा हुआ है।जो कहीं ना कहीं प्रशासन की लापरवाही है। उक्त सड़क किनारे लगभग 100 से 150 घर बसे हुए है। जो घर के आगे ब्रेकर का निर्माण कराना अत्यंत जरूरी है। ब्रेकर नहीं रहने के कारण 3 महीने में सड़क दुर्घटना में 3 लोगों की दर्दनाक मौत हो चुकी है।सड़क दुर्घटना की सूचना रहिका थाना पुलिस को दिया गया सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे रहिका थाना पुलिस। ग्रामीनो ने प्रशासन से मांग की है कि ब्रेकर का निर्माण व मुवावज जल्द करवाया जाए अन्यथा आगे हम लोग सड़क जामकर हंगामा करेंते रहेंगे।रहिका पुलिस के द्वारा पिकअप वाहन को जप्त कर लिया गया है,जबकि चालक मौके से फरार हो गया।

शराब के साथ कार को पुलिस ने किया जप्त, शराब तस्कर फरार

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी रहिका थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पखरौनी चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर जयनगर की ओर से आ रही एक लाल कलर के कार चालक पुलिस को देख कार को छोड़कर फरार हो गया चेकिंग अभियान चला रहे रहिका पुलिस के द्वारा कार को जप्त कर लिया गया। जप्त कार की तलाशी लेने पर कार से 900 बोतल नेपाली देसी शराब 115 बोतल नेपाली इंग्लिश शराब के साथ एक मोबाइल बरामद कर लिया गया है जबकि शराब तस्कर गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहे। रहिका थाना अध्यक्ष राज किशोर कुमार ने बताया कि लाल कलर की स्विफ्ट कार को जप्त कर थाना परिसर लाया गया कार के चालक और मालिक के विरूद्ध उत्पाद मद्य निषेध अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है फरार मालिक और चालक के गिरफ्तारी को लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सतलखा पुल नदी में तैरता हुआ मिला 30 वर्षीय युवक का शव

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिला मुख्यालय से सटे रहिका थाना क्षेत्र के सतलखा पुल मछली बाजार के पास नदी में एक 30 वर्षीय युवक का तैरता हुआ शव मिलने की खबर पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई। इसकी सूचना रहिका थाना पुलिस को दी गई सूचना पाते ही रहिका थाना पुलिस अपने दलबल के साथ सतलखा नदी पर पहुंची नदी में तैरते हुए लाश को बाहर निकालने का प्रयास करने लगे।वही शव को नदी से बाहर निकाल कर शव की पहचान करने के लिए वहा पर मौजुद लोगो से पूछताछ करने लगे जिसके बाद मृतक की पहचान रहिका मोमिन टोल वार्ड नं 05 निवासी मरहूम उवेदुल रहमान का पुत्र 30 वर्षीय मो.हवेदुल रहमान के रूप में हुई है। मृतक युवक चार भाइयों में सबसे छोटा भाई था मोस्मात बूढ़ी मां घर पर है वहीं परिवार वालों की रो-रो कर बुरा हाल है गांव में मातमी पसरा हुआ है लोगों में तरह तरह की चचाएं हो रही थी कोई कह रहे थे कि मारकर फेक दिया पानी में तो कोई कह रहे थे पानी में डूबा कर मार दिया तरह तरह के चर्चा हो रहे थे ।आक्रोशित ग्रामीणों ने रहिका बेनीपट्टी मुख्य मार्ग पर शव को रख सड़क जाम कर मुवावजे कि मांग करने लगे।

मृतक के चाचा रजाउल्लह व परिजन अफसाना खातून ने बताया कि कल शाम 7 बजे से ही लड़का गायब है हम लोग काफी खोजबीन कर रहे थे तो नहीं मिला आज जानकारी मिला कि लड़का को किसी ने मार कर पानी में फेंक दिया है। मौके पर पहुंचे रहिका अधिकारी अंचलाधिकारी रंधीर कुमार रमण,प्रखंड विकास पदाधिकारी निरंजन कुमार रहिका थानाध्यक्ष राजकिशोर कुमार ने रहिका पंचायत के मुखिया पति मो चुन्नू जिला परिषद सदस्य उमर अंसारी के साथ अन्य ग्रामीणों से बात कर लोगों से सरकार द्वारा दी जाने वाली उचित मुआवजे को लेकर आश्वासन दिया और लोगों को समझा-बुझाकर जाम छूराया। थानाध्यक्ष राजकिशोर कुमार से पूछने जाने पर बताया कि शव को देखने से प्रथम दृष्टया पानी में डूबने से मौत होने की बात बताया तथा उन्होंने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी सदर अस्पताल भेजा जा रहा है घटना को लेकर हमारे पुलिस बल जांच में जुट गए हैं।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता लग जाएगा। मौके पर एसआई राहुल कुमार एएसआई नंद कुमार राजेश कुमार मो मोइन चंदन कुमार सिंह के साथ अन्य पुलिस बल तैनात थे।

महिलाओं की दशा-दिशा एवं राजद के प्रति विश्वास पैदा करने की चलाई जा रही मुहिम: रितु

प्रात: किरण संवाददाता

बेगूसराय। राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल बुधवार को बेगूसराय पहुंची, जहां सदर प्रखंड के चांदवाड़ा गांव में राजद प्रखंड अध्यक्ष सहजानंद यादव के आवास पर आयोजित अभिनंदन समारोह व एक दिवसीय राजद महिला प्रकोष्ठ के संगठन को लेकर बैठक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राजद की जिलाध्यक्ष प्रेमलता कुमारी यादव, राजद की प्रदेश सचिव सावित्री देवी, प्रदेश महासचिव अनिता चौधरी, ब्यूटी देवी, इंदिरा परमार, प्रखंड महासचिव सुमनलता, सदर प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, राजद जिलाध्यक्ष मोहित यादव, प्रधान महासचिव रामसखा महतो ने राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल को बुके, अंगवस्त्र व फूल माला देकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जायसवाल ने कहा पूरे प्रदेश के सभी जिला में मैं भ्रमण पर निकली हूं। इस अभियान में महिलाओं की दशा-दिशा एवं उनमें राजद के प्रति विश्वास पैदा करने का मुहिम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजद नेता सह डिप्टी सीएम तेजस्वी प्रसाद का स्पष्ट विजन है, कि महिलाओं का मान-सम्मान एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाए बगैर कोई भी समाज तरक्की नहीं कर सकता है। मुझे डिप्टी सीएम ने महिलाओं को सशक्त करने का दायित्व दिया है, जिसे हर हाल में पूरा करना है। हम राजद के महिला संगठन को प्रखंड से लेकर पंचायत तक के हर बूथ स्तर तक मजबूत बनाएंगे। इस मौके पर उन्होंने बीजेपी की केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बीजेपी बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाए गए संविधान को बदलने पर आमादा है। लोकतांत्रिक प्रणाली को समाप्त कर देश में राजतंत्र थोपने का प्रयास जारी है। आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में देश की जनता भाजपा को केंद्र से बेदखल करने का मूड पूरा बना चुकी है। इस अवसर पर राजद जिला अध्यक्ष मोहित यादव ने कहा कि राजद को बूथ लेवल तक सशक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजद बेगूसराय लोकसभा सीट पर उम्मीदवार देने की मांग पार्टी से करेगी। हालांकि उन्होंने कहा कि महागठबंधन से जो भी पार्टी लड़ेगी राजद एकजुट होकर उसे समर्थन देगी। इस अवसर पर राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता भारती, जिलाध्यक्ष प्रेमलता कुमारी यादव, राजद की प्रदेश नेत्री सावित्री देवी, अनिता चौधरी, ब्यूटी देवी, सुमनलता, इंदिरा परमार के अलावे राजद महिला प्रकोष्ठ सदर प्रखंड की अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, चेरिया बरियारपुर की किरण देवी, वीरपुर की अनीता सहनी, बरौनी की नीतू देवी, बखरी की राम कुमारी देवी, साहेबपुर कमाल की जुगनू कुमारी, मंसूरचक की हदीसा खातून सहित सैकड़ों राजद के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नहर में मिला झाड़ी में फंसे युवक का शव, मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

●काला शर्ट एवं पैंट में था मृतक

प्रात: किरण संवाददाता

रक्सौल। शहर के सरस्वती विद्या मंदिर के सामीप से होकर बहने वाली घोड़ासहन नहर में एक अज्ञात युवक की शव को देखकर लोगों में हड़कंप मच गया, जिसके बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

मिली सूचना के बाद पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंच उक्त शव को बरामद कर नहर के बाहर से निकाल, उसे थाना लाया गया। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल मोतिहारी भेज दिया गया। अब तक शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस द्वारा शव के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। वैसे प्रत्यक्षदर्शियों का मानना है कि नहर में पानी का बहाव तेज है, जिससे अनुमान लगया जा रहा है कि शव कही और से बह कर यहां तो नही आ गई। ऐसा माना जा रहा है कि देखने पर शव 30 से 35 वर्ष का युवक प्रतीत हो रहा है। युवक के सर पर जख्म का निशान भी प्रतीत हो रहा है। मृत युवक काला पैन्ट व काला शर्ट ही पहना है।

उक्त बाबत थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि नहर में पानी होने के चलते शव बह कर यहां पहुचा है। शव को मोतिहारी पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। शव की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

डीएम के नेतृत्व में जिला निरीक्षण समिति ने जिले के बाल देख रेख संस्थानों का किया निरीक्षण

बाल गृहों के बेहतर संचालन को लेकर डीएम ने दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिला निरीक्षण समिति बिहार किशोर न्याय नियमावली 2017 के तहत डीएम की अध्यक्षता में गठित निरीक्षण समिति ने जिले में संचालित बाल गृहों का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम समिति ने डीएम अरविन्द कुमार वर्मा के नेतृत्व में संतु नगर स्थित बालिका गृह का निरीक्षण किया डीएम ने बालिका गृह में आवासित बालिकाओं सेबातचीत कर व्यवस्थाओं का फीड बैक भी लिया। उपस्थित शिक्षिकाओं से भी बच्चों के पढ़ाई के सम्बंध में कई प्रश्न पूछे। बालिका गृह के सभी कमरों बाथरूम रसोईघरआदि भी का जायजा लिया। डीएम ने अधीक्षिका को बच्चों की अच्छी तरह से देखभाल के लिए कई दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने बाल गृह की समुचित साफ-सफाई को लेकर भी अधीक्षक को निर्देश दिए। डीएम ने बालिका गृह के संचालन पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण समिति ने आदर्श नगर कॉलनी स्थित बाल गृह का निरीक्षण किया बाल गृह में आवासित बालकों और कर्मियोंसे डीएम अरविंद कुमार वर्मा ने बातचीत कर उपलब्ध सुविधाओ का फीड बैक भी लिया। इसके उपरांत निरीक्षण समिति द्वारा हवाई अड्डा के पास स्थित दत्तक ग्रहण केंद्र का भी जायजा लिया गया।गौरतलब हो कि दत्तक ग्रहण केंद्र में जीरो से छह वर्ष तक के बच्चे आवासित है। डीएम ने दत्तक ग्रहण संस्थान की दाह-सफाई सहित उपलब्ध सुविधाओ का भी जायजा लिया। उन्होंने बाल गृह संस्थानों के निरीक्षण के क्रम में कहा कि बच्चों के प्रति पूरी संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करे।निरीक्षण के क्रम सहायक निदेशक साहब रसूल बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष बिन्दु भूषण ठाकुर पुलिस इंस्पेक्टर संजय कुमार सिविल सर्जन मधुबनी सहित डॉक्टर कुणाल किशोर डीपीओ स्थापना शिक्षा सोशल वर्कर संजीव कुमार प्रमोद कुमार सहित कई अधिकारी थे। गौरतलब हो कि डीएम की अध्यक्षता में गठित समिति जिले में संचालित सभी बाल गृहों का तीन माह पर निरीक्षण कर समाज कल्याण निदेशालय को प्रतिवेदित करती है।

डीएम ने किया नगर निगम कार्यालय में प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन प्लांट का उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता

बेगूसराय। जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा ने नगर निगम कार्यालय में प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन प्लांट का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में आरके झा कार्यपालक निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख, बरौनी रिफाइनरी, महापौर पिंकी देवी एवं नगर आयुक्त मनोज कुमार उपस्थित थे। इस मशीन का अधिष्ठापन आईओसीएल बरौनी रिफाइनरी, बेगूसराय के कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी फंड से किया गया है। उप महापौर अनिता देवी, वार्ड संख्याझ्र14 के पार्षद विनय कुमार मिश्रा, 27 के पार्षद गौरव राणा, वार्ड संख्याझ्र37 के पार्षद विपिन पासवान, वार्ड संख्याझ्र20 के पार्षद ललन राज, वार्ड संख्याझ्र02 के पार्षद लालचंद कुमार, वार्ड संख्याझ्र01 के पार्षद राकेश कुमार, वार्ड संख्याझ्र33 के पार्षद उमेश राय, वार्ड संख्याझ्र45 की पार्षद गोलकी देवी, वार्ड संख्याझ्र34 की पार्षद सीता देवी, वार्ड संख्याझ्र03 की पार्षद गुलशन खातुन, वार्ड संख्या-21 की पार्षद पूजा कुमारी, वार्ड संख्याझ्र17 के पार्षद वशिष्ठ शर्मा, वार्ड संख्या-28 के पार्षद राजदीप कुमार, पूर्व महापौर संजय कुमार, नगर प्रबंधक राजीव रंजन सिंह, आईओसीएल के पदाधिकारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

मालीघाट में हुआ मुजफ्फरपुर मोबाइल वाणी का प्रशिक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान द्वारा मालीघाट में संस्थान के संयोजक लोक कलाकार सुनील कुमार के नेतृत्व में ह्लमुजफ्फरपुर मोबाइल वाणीह्व का प्रशिक्षण राजकीय प्राथमिक विद्यालय चतर्भुज स्थान, राजकीय मध्य विद्यालय मालीघाट (नगर क्षेत्र) एवं आदर्श राजकीय उत्कर्मित मध्य विद्यालय पुलिस लाइन बी. एम. पी.6 में दिया गया। इस अवसर पर पटना से आए मोबाइल वाणी के पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि देश व समाज में जो हो रहा है उस पर आम जनता अपनी बात रख पाएं इसके लिए ग्रामवाणी ने मुजफ्फरपुरवासियों के लिए ह्लमुजफ्फरपुर मोबाइल वाणीह्व एक जरिया दिया है। लोकल कम्यूनिटी नेटवर्क की ताकत जिसने स्थानीय लोगों को अपनी आवाज सत्ता-प्रशासन में बैठे लोगों तक पहुँचा पाने का एक विश्वास देने के उद्देश्य से मुजफ्फरपुर मोबाइल वाणी सुविधा उपलब्ध कराई है। जिस पर लोग अपना संदेश मोबाइल के माध्यम से रिकॉर्ड कर सकते हैं और यह संदेश प्रारंभिक जांच के बाद प्रसारित कर दिया जाता है।

नौ सूत्री समेत अन्य मांगों को लेकर आशा कर्मिगण का धरना जारी

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर अनुमंडल अस्पताल परिसर में नौ सूत्री समेत अन्य मांगों को लेकर आशा के द्वारा दिया गया धरना जारी रहा। बिहार राज्य आशा एवं आशा फैसिलिटेटर संघ व सीटू के आह्वान पर नौ सूत्री समेत अन्य मांगों को लेकर बुधवार से ही सभी आशा कमीर्यों ने जयनगर अनुमंडल अस्पताल पर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठी हुई हैं। जिला मंत्री मंजुली देवी की अध्यक्षता में आयोजित धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरकार जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं करती तब तक धरना जारी रहेगा। मुख्य मांगो में आशा कार्यकर्ता आशा फैसिलिटेटर को राज्य निधि से देय एक हजार मासिक संबंधी सरकारी संकल्प लें अंकित पारितोषिक शब्द को बदलकर नियत मासिक भत्ता मानदेय किया जाना चाहिए। इसे बढा कर दस हजार रुपये किया जाए। सरकारी संकल्प के अनुरूप इस मदद का वित्तीय वर्ष 19-20 का मासिक एक हजार बकाया राशि का भुगतान जलद किया जाए।अश्विन पोर्टल से भुगतान शुरू शुरू होने के पूर्व का सभी बकाया राशि का भुगतान जल्द किया जाने की बात कहते हुए कहा कि पैसे के अभाव के कारण आशा कर्मी को अब तक निराशा हाथ लग रही है। धरना स्थल पर मंजुली देवी , उषा सिन्हा , रीता देवी, आशा देवी, रामपरी देवी, रेखा कुमारी, संगीता देवी, रेणु देवी, मंजू कुमारी , मुमताज बेगम, ममता कुमारी, शकुंतला देवी, अंजू कुमारी, अनिता देवी, तारा देवी, मीना देवी सूर्यकला देवी समेत अन्य आशा कर्मिगण मौजूद थीं।

पंचायत समिति सदस्या के घर पर हमला, एसपी से लगाई गुहार

प्रात: किरण संवाददाता

बेगूसराय। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लाखो पचपन टोला में 20 असामाजिक तत्वों ने पंचायत समिति सदस्या भारती कुमारी के घर पर हमला कर दिया। हमले में सभी लोग बाल-बाल बच गये। लेकिन बदमाशों की करतूत सीसीटीवी में कैद हो गया। बदमाशों ने पंसस भारती कुमारी के सास के साथ मारपीट की तथा घर व वाहन की तोड़फोड़ की। इस संबंध में पंसस भारती कुमारी ने एसपी को आवेदन देकर गुहार लगाई है। पंसस ने भारती कुमारी ने बताया कि देर रात करीब 12 बजे गांव के पंकज सिंह अपने परिजन एवं 20 अज्ञात लोगों के साथ लाठी-डंडा से लैस होकर पहले मेरे निमार्णाधीन मकान में पहुंचा। जहां मेरी सास के साथ मारपीट की और उसके पति संतोष कुमार को खोजबीन किया। पति के नहीं मिलने पर अपराधी घर पर आ गए। इस दौरान सीसीटीवी में नजर आ जाने से हमने पुलिस को फोन कर दिया। इस बीच बदमाशों ने दरवाजे पर लगे बोलेरो, ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल, सीसीटीवी कैमरा, कांच की खिड़की, वाशिंग मशीन की तोड़फोड़ की। घर में रखे 60 हजार रुपये एवं करीब डेढ़ लाख का सोना का चेन लूट लिया।रंगदारी टैक्स के रूप में एक लाख रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी है। अपराधी मेरे पति को मारने के लिए खोज रहे थे। लेकिन सामने नहीं आने के कारण उनकी जान बच गई। पंसस भारती कुमारी ने आरोप लगाया कि इन लोगों ने पहले भी बदमाशी किया था। जिसको लेकर 2018 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पूर्व मुखिया राजेश कुमार के इशारे पर उसके रिश्तेदार घटना को अंजाम दे रहे हैं। इस संबंध में एसपी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच का आदेश दे दिया गया है, जो भी दोषी होंगे उनपर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि एक-दूसरे के बीच काफी दिनों से विवाद चलने की बात सामने आई है।

बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ ने की कार्रवाई की निंदा

प्रात: किरण संवाददाता

बेगूसराय। बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ शाखा बेगूसराय के प्रधान सचिव रामकल्याण पासवान ने सरकार के आदेश की कड़ी आलोचना कर कार्रवाई की निन्दा की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संवैधानिक अधिकार अनुच्छेद 19(1) के तहत विचार की अभिव्यक्ति का अधिकार है। इसके तहत कोई भी नागरिक समस्या सामाधान के लिए अपनी आवाज उठाने के लिए पत्र लिखना, ज्ञापन देना, धरना, जुलूस, हड़ताल, हस्ताक्षर अभियान, कोर्ट मे केस करना, सत्याग्रह आदि तरीकों का उपयोग करती है, तो इसे लोकतंत्र में नागरिक की भागीदारी निभाना माना जाता है। इन तमाम बातों को बिहार सरकार द्वारा वर्ग छह की कक्षा के लिए निर्धारित पाठ्यपुस्तक सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन की अध्याय 5 ह्लहमारी सरकारह्व के पृष्ठ संख्या 56 में बच्चों को हम शिक्षक पढ़ाते हैं। शिक्षकों और शिक्षक नेताओं पर कार्रवाई करनेवाले तमाम पदाधिकारियों को कक्षा छह का उक्त पाठ का पृष्ठ संख्या 56 का अध्ययन कार्रवाई करने से पहले करना चाहिए था। बिहार विधानसभा में मानसून सत्र के दरम्यान पूर्व से नियुक्त नियोजित शिक्षक हकमारी के खिलाफ बिना शर्त राज्यकर्मी के रूप में समायोजन को लेकर लोकतांत्रिक तरीके एवं संवैधानिक अधिकार के तहत प्रशासनिक अनुमति मिलने के बाद धरना प्रदर्शन किया। जिसमें बिहार के सभी जिले से शिक्षक एवं शिक्षक नेता आकस्मिक अवकाश का उपभोग कर धरना प्रदर्शन में शामिल हुए और नेतृत्व किए। धरना प्रदर्शन में आकस्मिक अवकाश लेकर शामिल शिक्षकों एवं शिक्षक नेताओं पर विभागीय कार्रवाई करने का आदेश निर्गत करना संवैधानिक अधिकार का हनन एवं लोकतंत्र की हत्या है। बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ बेगूसराय इसकी घोर निंदा एवं कड़ी भर्त्सना करती है।

राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पदक विजेता सुमन कुमारी का हुआ भव्य स्वागत

प्रात: किरण संवाददाता

बेगूसराय। शिमोगा (कर्नाटक) में ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 07 से 09 जुलाई तक तीन दिवसीय 40वां राष्ट्रीय जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में बेगूसराय की सुमन कुमारी ने ओडिशा, गोवा, पुडुचेरी तथा मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों को पराजित करते हुए रजत पर कब्जा किया। पदक विजेता सुमन समेत तमाम खिलाड़ियों के बेगूसराय रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने बेगूसराय ताइक्वांडो संघ की ओर से विशेष रूप से आकांक्षा कुमारी का भी भरपूर स्वागत किया। इस अवसर पर सुमन ने कहा कि इस सफलता का श्रेय मैं अपने माता पिता, बीहट के निवासी, जिला ताइक्वांडो संघ के पदाधिकारी, प्रशिक्षक, खिलाड़ियों को देती हूं तथा जिलेवासियो को अपार स्नेह हेतु आभार प्रकट करती हूं।

बेगूसराय ताइक्वांडो संघ के सचिव सह प्रशिक्षक नंदु कुमार ने खिलाड़ियों को बुके एवम माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया। लेट्स इंस्पायर बिहार कॉर्डिनेटर बिंदु चौधरी ने बीहट की बेटी सुमन को और भी आगे अपना तथा जिले का नाम रौशन करने की शुभकामना प्रदान की। समाजसेवी अशोक सिन्हा ने खिलाड़ियों को उत्साह वर्धन किए तथा भविष्य के लिए शुभकामना दिए। मौके पर सुमन के कोच नीरज कुमार, बेगूसराय एकलव्य सेंटर प्रशिक्षक बिपुल कुमार, बरौनी ताइक्वांडो क्लब कोच मो फुरकान, प्रशिक्षक श्याम कुमार राज, अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी सौरभ कुमार, राष्ट्रीय खिलाड़ी विकेश कुमार, सूरज कुमार आदि ने भी खिलाड़ियों का स्वागत किया। वहीं जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष रजनीश रंजन, बीटीएमयू के अतिरिक्त महासचिव संजीव कुमार, वरीय उपाध्यक्ष संजय प्रसाद सिंह, उप महासचिव साइमन मूर्म, कल्याण केन्द्र सचिव भोगेंद्र कुमार कमल, उपाध्यक्ष वागीश आनंद, संयुक्त सचिव विजय कुमार शर्मा , हरवेन्द्र कुमार, पर्यावरण विद् शिव प्रकाश भारद्वाज, विकास चन्द्र झा समेत जिले के कई गणमान्यों ने सुमन को स्वर्णिम सफलता पर बधाई दी है।

संक्षिप्त खबरें

72 लीटर शराब के साथ शराब कारोबारी गिरफ्तार

मुंगेर। मंगलवार के देर शाम वाहन चेकिंग के दौरान पांच नंबर रेलवे गुमटी के निकट 72 लीटर महुआ शराब के साथ तीन शराब कारोबारी को पूरब सराय ओपी पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूरब सराय ओपी पुलिस ने जिन तीन शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया उसमें मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कल्याण चक गांव निवासी मंगल उर्फ गोलू कुमार बरियारपुर थाना क्षेत्र के चिरैया वाद गांव निवासी गौरव कुमार और साहिल कुमार शामिल है। इस संबंध में ओपी प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान इन तीनों शराब कारोबारी को एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है जबकि दो शराब कारोबारी भागने में सफल रहा। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। इस मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत सभी पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

9 सूत्री मांगों को लेकर गुरुवार को भी जारी रहा धरना प्रदर्शन

टेटिया बंबर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा कार्यकताओं गुरुवार को भी अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन जारी रखा। आशा कार्यकर्ता द्वारा अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल बुधवार से धरना पर बैठे हुए हैं। धरनार्थियों ने अपनी मांगों को लेकर कहा कि पूर्व के बकाए मानदेय का भुगतान लंबित पड़ा हुआ है और आशा कार्यकताओं को राज्य कर्मियों का दर्जा देने हेतु हड़ताल किए गए हैं मौके पर उपस्थित आशा फैसिलिटेटर आशा देवी रेनू देवी अंजूदेवी एवं सभी आशा कार्यकताओं ने सरकार से अपनी मांग मनवाने को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। टेटिया बंबर प्रखंड के आशा कर्मियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई है।

अवैध हथियार के साथ दो कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

पूर्णिया। जिले के बनमनखी थाना अंतर्गत अवैध हथियार के साथ दो कुख्यात अपराधकर्मी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अपराधी के पास से एक देसी हथियार भी बरामद किया गया है। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक पूर्णिया आमिर जावेद के द्वारा जिले के सभी थानाध्यक्ष, ओपी प्रभारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को अपराध नियंत्रण एवं अवैध शराब बरामदगी हेतु प्रभावी गस्ती करने का निर्देश दिया गया है। दिए गए निर्देश के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बनमनखी हुलाश कुमार के नेतृत्व में थानाध्यक्ष बनमनखी एवं अन्य पुलिस बल के सहयोग से गस्ती के क्रम में राजहाट के पास संदेह के आधार पर दो व्यक्तियों की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में उक्त व्यक्ति के पास से, एक लोडेड देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया है। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

नवनियुक्त 40 अमीनों को डीएम ने विभिन्न कार्यालयों में किया पदस्थापित

पूर्णिया। नवनियुक्त 40 अमीनों को जिला पदाधिकारी कुन्दन कुमार द्वारा जिला पदाधिकारी कार्यालय वेश्म में सॉफ्टवेयर रेंडमाइजेशन के द्वारा विभिन्न अंचलों एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता के कार्यालय में पदस्थापित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी नवनियुक्त अमीनो को समाहरणालय सभाकक्ष में नियुक्ति सह पदस्थापन पत्र हस्तगत कराया गया। मौके पर उपस्थित सभी नवनियुक्त अमीनो को जिलाधिकारी द्वारा निष्पक्ष एवं इमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्य एवं दायित्व का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी अमीनो को बिचौलियों से सावधान रहने के साथ-साथ उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिए। मौके पर अपर समाहर्ता केडी प्रौज्ज्वल, प्रभारी पदाधिकारी स्थापना राजीव रंजन, निर्देशक डीआरडीए -सह-गोपनीय प्रभारी नीरज नारायण पांडेय एवं संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

डीएम ने नगर आयुक्त एवं कार्यपालक अभियंता के साथ किया बैठक

पूर्णिया। पथ निर्माण विभाग द्वारा जीरोमाइल से मरंगा तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य नगर निगम क्षेत्र में कराया जा रहा है। जिसमें स्ट्रीट लाइट का प्रोविजन नहीं दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल पूर्णिया को स्ट्रीट लाइट का प्रोविजन कराने का निर्देश दिया गया था। लेकिन इसमें स्ट्रीट लाइट का प्रावधान नहीं किया गया। इसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी कुन्दन कुमार द्वारा नगर आयुक्त नगर निगम पूर्णिया एवं कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग के साथ अपने कार्यालय वेश्म में बैठक कर आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि स्ट्रीट लाइट का प्रावधान शहरी क्षेत्र में आवश्यक है। फोर्ड कंपनी से मरंगा तक स्ट्रीट लाइट के अधिष्ठापन हेतु प्राक्कलन तैयार कर अधीक्षण अभियंता नगर निगम के द्वारा तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

64 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया

समारोह को लेकर हुआ भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। टीएमबीयू का 64वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. जवाहरलाल ने किया। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षकेतर कर्मचारियों के साथ-साथ वर्तमान में बेहतर काम करने वाले कर्मियों को भी सम्मानित किया गया है।

वही कार्यक्रम की शुरूआत के पूर्व तिलकामांझी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। उसके बाद कुल ध्वजारोहण किया गया, साथ ही उपस्थित अतिथियों के द्वारा सामूहिक रूप से विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रति कुलपति एवं पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से विधिवत दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। वही कार्यक्रम के दौरान कुलगीत, स्वागत गान के साथ आगन्तु अतिथियों का सम्मान एवं स्वागत भाषण की प्रस्तुति की, साथ ही मंचासीन अतिथियों ने अपने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में जो स्थिति विश्वविद्यालय की रही हैं। उसे जल्द से जल्द सुदृढ़ करने की तैयारियां की जा रही हैं। समय के साथ शिक्षा के क्षेत्र में थोड़ी परेशानी रही हैं लेकिन उसे जल्द ही पटरी पर लाने की कोशिश की जा रही हैं। वही कार्यक्रम के क्रम में कुलपति प्रो जवाहर लाल ने कहा कि अवकाश प्राप्त कर्मचारियों का हमेशा सहयोग मिलता रहा है, जिसके लिए उनको विश्वविद्यालय की ओर से हमेशा सहयोग मिलता रहेगा, उनके ही कर्तव्यों का परिणाम है कि आज हम सभी एक साथ होकर विश्वविद्यालय की स्थापना समारोह का हिस्सा बन पाये है। वही अवकाश प्राप्त कर्मचारियों को कुलपति ने सम्मानित किया, साथ ही श्रेष्ठ कर्मचारियों का भी पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम के क्रम में नवनिर्वाचित अधिसद सदस्य का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह किया गया। इसके बाद कुलपति द्वारा अध्यक्षीय भाषण से कार्यक्रम की शुरूआत हुई कार्यक्रम के दौरान कुलसचिव डॉ. गिरिजेश नंदन कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कुलपति ने अपने उद्बोधन में विश्वविद्यालय के इतिहास से लेकर बजट और शैक्षणिक सत्र की कई जानकारियां दी, एवं विश्वविद्यालय को और सुदृढ़ और विकासशील बनाने के लिए कई बातें कही गई। तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के 64वें स्थापना दिवस पर लगभग सभी महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक नृत्य गीत संगीत की प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ./प्रो. जवाहर लाल, कुलसचिव डॉ. गिरिजा नंदन कुमार, छात्र कल्याण के अध्यक्ष प्रो./डॉ. योगेंद्र के अलावे सभी विश्वविद्यालय के प्रशासनिक पदाधिकारी कर्मी सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

कोसी नदी का रौद्र रूप में कटाव होता देख ग्रामीण हुए भयभीत

प्रात: किरण ब्यूरो



भागलपुर। नवगछिया पुलिस जिला अंतर्गत इन दिनों लगातार हो रही बारिश के कारण कोसी नदी ने अपना रौद्र रूप धारण कर लिया है। नवगछिया पुलिस जिले के खरीक प्रखंड क्षेत्र स्थित सिंहकुण्ड गांव का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। मामले को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मिली जानकारी के तहत बताया जा रहा है कि कोसी नदी में जल स्तर अत्यधिक वृद्धि के साथ नदी बहाव की धारा गाँव की ओर मुड़ गई है और कटाव की रफ्तार तेज हो गई है। तेज रफ्तार से हो रही कटाव और कोसी के विकराल रूप को देखते हुए इलाके में रहने वाले ग्रामीण भयभीत चल रहे हैं। वहीं कोसी नदी में तेज रफ्तार से हो रही कटाव को लेकर ग्रामीणों के बीच में राज्य सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति आक्रोशित दिखाई दे रहा है। क्षेत्र इलाके में वर्षो से हो रही कोसी नदी में कटाव लगातार जारी है। वही गाँव आवागमन का एक ही मात्र संसाधन मार्ग शेष नाव रह गया है, लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि सुध लेने तक ग्रामीणों के बीच नही पहुंच पा रहे हैं। अभी कोसी के जलस्तर में बढ़ोतरी होना शुरू ही हुआ है और हालात बिगड़ने लगी है। जलस्तर में तेजी से हो रही बढ़ोतरी के बाद हालात और भी बद से बदत्तर स्थिति में पहुंच गया है जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के बीच घर मकान कटाव की भेंट चढ़ने का खतरा सताने लगा है। वही ग्राउंड जीरो स्तर पर हालात डराने वाली स्थिति में ही देखने को मिल रही हैं। ज्ञात हो कि विगत कुछ साल पूर्व भी यही हालत बनी हुई थी जिसे लेकर स्थानीय प्रशासन की अनदेखी के कारण कई गांव के लोगों का घर मकान कटाव की भेंट चढ़ गया था जिसके बाद राज्य सरकार के नेतृत्व में कई हजार करोड़ रुपये की लागत से कटाव रोधी कार्य शुरू कराया गया था लेकिन विचौलियों और भ्रष्टाचार की जद्दोजहद में उक्त कटावरोधी कार्य पुनः पानी में समाहित होने की कगार पर पहुंच गया है।

कंप्यूटर व अन्य कलाकृति प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरूआत : मेयर

प्रात: किरण ब्यूरो।

भागलपुर। मां आनंदी संस्था द्वारा बरसों से महिला उत्थान, महिला सशक्तिकरण एवं अन्य सामाजिक कार्यो को लेकर कार्य करते आ रही है। वही संस्था ने कई असहाय और जरूरतमंद लोगों को स्वरोजगार की ओर अग्रसर कर रोजगार मुहैया करने का सराहनीय कार्य किया है। इसी कड़ी में संस्था ने निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण, ब्यूटीशियन कोर्स सिलाई कढ़ाई कोर्स के साथ-साथ अन्य कई प्रकार के प्रशिक्षण दिये जाने की शुरूआत की है। वही प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मेयर डॉ. वसुंधरा लाल, पूर्व मेयर डॉ. बिना यादव, रेणु सिंह एवं मां आनंदी संस्था की संस्थापिका प्रिया सोनी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर प्रशिक्षण ले रही महिलाओं को मुख्य अतिथि मेयर डॉ. वसुंधरा लाल ने कहा कि मां आनंदी संस्था की यह पहल समाज को एक नई दिशा देगी। इस कार्य के लिए में संस्था के संस्थापक प्रिया सोनी को धन्यवाद देती हूं और ऐसे कार्य के लिए मैं उन्हें प्रोत्साहन भी करती रहूंगी। वहीं संस्था के संस्थापिका प्रिया सोनी ने कहा कि आज के दौर में समाज की स्थिति को देखते हुए मैंने इस निशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रोग्राम की शुरूआत की है, जिससे हमारा समाज शिक्षित हो और स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बने और सशक्त बनाने के साथ मजबूत हो, और जब हमारा समाज मजबूत होगा, तब राज्य मजबूत होगा और जब राज्य मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा। इसी उद्देश्य को लेकर आज एक निशुल्क प्रशिक्षण सेंटर का शुभारंभ हुआ है। वही इस कार्यक्रम में बारी बारी से सभी वार्डो में निशुल्क प्रशिक्षण सेंटर की शुरूआत कर लोगों को प्रशिक्षित करने के साथ स्वरोजगार के लिए प्रेरित करूंगी, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर हो सशक्त बनाने में सहायक हो सके।

ट्रक चालक पति की तलाश में पत्नी काट रही, थाने के चक्कर

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। नवगछिया पुलिस जिला परिक्षेत्र स्थित खरीक थाना क्षेत्र अन्तर्गत ध्रुवगंज के रहने वाले संतोष दास विगत 10 दिनों से लापता चल रहा है। लापता ट्रक ड्राइवर की तलास में परिजन लगातार इर्दगिर्द भटकते नजर आ रहे हैं। वही मामले को लेकर लापता ट्रक चालक संतोष की पत्नी सविता देवी ने अपने पति की खोजबीन की गुहार स्थानीय खरीक थाने से लेकर भागलपुर के लोदीपुर थाने के साथ-साथ जिले के वरीय पुलिस अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर काट रही है, लेकिन ना तो पुलिस ने मामला दर्ज किया और ना ही उनके पति ट्रक चालक की खोजने की कोई मुहिम शुरू की है। वही मामले को लेकर पीड़ित पत्नी का कहना है कि उनका पति ट्रक चालक है और एक प्राइवेट ट्रांसपोर्ट की गाड़ी चलाता है। वही पीड़ित पत्नी ने शंका जताई है कि लोदीपुर थाना क्षेत्र में एक ढाबा चलाने वाली संजू नाम की महिला से उसके पति संतोष की बात लगातार मोबाइल फोन पर होती थी। वही उन्होंने शंका जाहिर करते हुए कहा कि उसके पति को गायब करने में उक्त महिला का हाथ है, लेकिन वरीय पुलिस अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर काटने के बावजूद भी लापता होने के 10 दिन बीत जाने के बावजूद आज तक थाने में मामला दर्ज नहीं किया जा सका है। वही लापता ट्रक चालक के परिजन किसी अनहोनी की आशंका से परेशान है। अब देखने वाली बात है कि पुलिस जहां लोगों के प्रति जागरूक रहने की हमेशा ढोलकी वाहवाही लूटने का काम करते रही हैं क्या लापता ट्रक चालक की बरामदगी कर पाने में सफल हो पाती हैं ये सबसे बड़ा सवाल बन गया है क्या पीड़िता की फरियाद अनसुनी कर दी जायेगी, पुलसिंग कार्रवाई को लेकर ये सवाल खड़े हो रहे।

मेले में कांवरियों की दे रहे भरपूर सहयोग सेवा कार्य

शाहकुंड (भागलपुर)। सुल्तानगंज नगर परिषद क्षेत्र में आयोजित मेला की शुरूआत के बाद से ही लगातार प्रत्येक दिन लाखों कांवरिया अजगैबीनाथ धाम गंगा तट से जल भर कर देवघर स्थित बाबा नगरी के लिए रवाना हो रहे हैं। वही कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने काफी पुख्ता इंतजाम किये हैं, चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे के साथ साथ अतिरिक्त पुलिस बल के साथ क्षेत्र निगरानी व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सात जगहों पर अस्थाई थाने बनाए गए हैं, सभी कांवड़िया कांवर उठाने से पहले गंगा नदी में स्नान करने के साथ गंगाजल भर कर पूजा अर्चना के साथ बाबा धाम के यात्रा पर रवाना होते हैं, इसी क्रम में किसी तरह की घटना ना हो इसके लिए एसडीआरएफ की टीम लगातार मुस्तैदी से अपना काम कर रही है। विगत दिन पूर्व दो कांवड़िया पटना से चलकर सुल्तानगंज पहुंचे थे, जहां जल भरने के दौरान डूबने लगे थे, वही एसडीआरएफ की टीम ने अपनी तत्परता दिखाते हुए दोनों कांवरिया को डूबने से बचा लिया गया। वही देखा गया कि एसडीआरएफ की बोट के इंजन में कुछ गड़बड़ हो गई हैं वही जब मामले को लेकर एसडीआरएफ टीम के नेतृत्वकर्ता कमांडर गणेश ओझा से पूछा गया तो उन्होंने बताया यह इंजन जल्द ही दुरुस्त कर दिया जाएगा।

रिजल्ट को लेकर छात्र-छात्राओं ने किया हल्ला बोल प्रदर्शन

टीएमबीयू परिसर पहुंच छात्र छात्राओं ने कॉपी दिखाये जाने की मांग

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। टीएमबीयू परिसर में आगामी कुछ दिन पूर्व पीएचडी के लिए एंट्रेंस परीक्षा आयोजित की गई थी। उक्त परीक्षा का परिणाम विगत 1 जुलाई को घोषित किया गया था। वही जब पेट के परीक्षार्थी अपने परीक्षा परिणाम के प्रोग्रेस रिपोर्ट को देखने के लिए विश्वविद्यालय परिसर पहुंचे, तो उन्हें रिजल्ट कहीं भी नहीं दिखाया गया ना ही टीएमबीयू साइट पर जारी किया गया था, उसके बाद उक्त परीक्षा का प्रोग्रेस के रिजल्ट घोषित रिपोर्ट को विगत 3 जुलाई को प्रकाशित किया गया। वही परीक्षा में शामिल हुए जितने भी पेट के परीक्षार्थी थे, वह काफी आक्रोशित दिखाई दे रहे थे, उनका साफ तौर पर कहना था कि रिजल्ट में घोर धांधली हुई है, जिसके चलते कई विद्यार्थियों का रिजल्ट के परिणाम अच्छे नहीं निर्गत किये गए है, कई वर्षो से परीक्षा के कॉपी दिखाएं जाते थे, लेकिन इस बार नहीं दिखाए जा रही हैं, हमें परीक्षा की कॉपी दिखाई जाय अन्यथा यह समझा जाएगा कि विश्वविद्यालय में रिजल्ट को लेकर धांधली हुई है। जबतक विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा हम लोगों की मांगे नहीं पूरी की जाती है, तबतक हम लोग प्रदर्शन यू ही जारी रखेंगे। वहीं प्रदर्शन के दौरान दर्जनों छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के परीक्षा नियंत्रण कक्ष के सामने हल्ला बोल प्रदर्शन करते दिखे है। वही स्थानीय विश्वविद्यालय थाना पुलिस छात्रों के जारी प्रदर्शन को देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी है।

अपनी मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ता दूसरे दिन भी सदर अस्पताल के मुख्य द्वार पर किया धरना प्रदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर बिहार राज्य आशा संघ के आह्वान पर गुरुवार के दिन भी जिले के सभी आशा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटी रही।

हड़ताल का नेतृत्व सदर अस्पताल में बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ गोपगुट की अध्यक्ष उषा देवी एवं जिला सचिव जुली कुमारी कर रही थीं। आशा कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में सदर अस्पताल पहुंच कर ओपीडी एवं टीकाकरण कार्य को बाधित की ,इमरजेंसी सेवा छोड़ कर अन्य सेवा भी बाधित करने का प्रयास किया। जिला सचिव जुली कुमारी ने कहा कि सरकार सरकारी पत्र में पारितोषिक राशि को बदल कर मानदेय राशि भुगतान करे। संध की अध्यक्ष ने बताया अपने हक और अधिकार को लेकर कर्मियों की हड़ताल की है। आशा कर्मी को स्थाई कर्मचारी का दर्जा देकर नियुक्ति पत्र, न्यूनतम 21000 मानदेय व कोरोना संकट के दौरान लॉकडोंउन अवधि से आशा कर्मियों को 1000 मासिक अलग से दिए जाने सहित 9 सूत्री मांग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान सदर अस्पताल के मुख्य द्वार पर धरना-प्रदर्शन किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष कल्याणी कुमारी, सचिन रंजना कुमारी मीना सरकार, सुनीता कुमारी, प्रीति कुमारी, शीला देवी, शोभा देवी, सुजाता कुमारी, फुलबती देवी, रंजन बानो, आशा फैसलेटर लक्ष्मी कुमारी क्षेत्र की सभी आशा उपस्थिति रही।

फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी करने वाले शिक्षक को किया गया सेवामुक्त

मई में फर्जी शिक्षक के वेतन पर लगाया गया था रोक, अब गयी नौकरी

प्रात: किरण संवाददाता

पूर्णिया/बड़हरा कोठी। प्रखंड अंतर्गत पंचायत शिक्षक नियोजन इकाई ग्राम पंचायत राज मुलकिया द्वारा जालसाजी कर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी करने वाले शिक्षक जुबैर इमाम को सेवामुक्त कर दिया गया है। जानकारी देते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बड़हरा कोठी ने बताया कि पंचायत नियोजन इकाई द्वारा पारित आदेश की कॉपी प्राप्त हो चुका है। इससे पूर्व 4 मई 2023 को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बड़हरा कोठी द्वारा पीठासीन पदाधिकारी जिला अपीलीय प्राधिकार पूर्णिया के आदेश के आलोक में पंचायत शिक्षक नियोजन इकाई के फलाफल निर्णय तक मध्य विद्यालय मुड़बल्ला में कार्यरत शिक्षक जुबैर इमाम का वेतन स्थगित करते हुए विद्यालय संचालन पर रोक लगाया गया था। बताते चलें कि मध्य विद्यालय मुड़बल्ला में 2003 से नियोजित शिक्षक मो जुबैर इमाम के द्वारा शिक्षक की नौकरी पाने में किये गए जालसाजी के संबंध में ग्रामीण कमलेश्वरी प्रसाद यादव द्वारा वर्ष 2019 में ही जिला अपीलीय प्राधिकार में वाद दायर किया गया था कि मो जुबैर इमाम पिता अताउल हक और मो जुबैर आलम दोनों एक ही व्यक्ति है जो अलग अलग वर्ष में अलग अलग नाम से भिन्न भिन्न जन्म तिथि डाल कर मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण किये हैं। जिला अपीलीय प्राधिकार के निर्देश पर फरवरी 2020 में तत्कालीन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बड़हरा कोठी द्वारा परिवादी के साक्ष्य और उपलब्ध अभिलेख के जांच के क्रम में शिकायत कर्ता का आरोप सत्य पाया गया। जांच के क्रम में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा वर्ष 1983 में निर्गत प्रमाण पत्र में नाम मो जुबैर आलम जन्म तिथि 08 जनवरी 1966 तथा वर्ष 2001 में निर्गत प्रमाण पत्र में नाम मो जुबैर इमाम जन्मतिथि 31 दिसंबर 1981 पाया गया। जांच के क्रम में पाया गया कि मो जुबैर इमाम वर्ष 2001 के वार्षिक परीक्षा के प्रमाण पत्र के आधार पर शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं जबकि इन्होंने वर्ष 1983 के वार्षिक परीक्षा में ही उत्तीर्णता प्राप्त कर लिया था। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बड़हरा कोठी द्वारा जिला अपीलीय प्राधिकार को सौंपे जांच प्रतिवेदन में उद्धृत किया गया कि वर्ष 1983 में मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण हुए व्यक्ति जिनकी जन्मतिथि 08 जनवरी 1966 है वह व्यक्ति बाद में वर्ष 1981 में जन्म नहीं ले सकता। स्पष्ट रूप से शिक्षक द्वारा जानबूझ कर जालसाजी का काम किया गया है। इसके लिए आवश्यक कार्यवाही आवश्यक है।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला अपीलीय प्राधिकार द्वारा आदेश पारित कर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को उचित कार्यवाही का निर्देश दिया गया था। लेकिन कोई कार्यवाही नही होने पर परिवाद द्वारा पुनः 2023 में बाद दायर किया गया। 2023 के दायर बाद पर प्राधिकार द्वारा 03 अप्रैल को सुनवाई के क्रम में 2019 में दायर परिवाद संख्या 02/2019 में पारित आदेश का अनुपालन करते हुए प्रतिवेदन समर्पित करने का आदेश प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बड़हरा कोठी को दिया गया।

डीएम के निदेर्शों का हुआ अवहेलना कच्ची कांवरिया पथ पर खुलेआम बिक रहा, कई प्रकार के नशीले पदार्थ

प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर(मुंगेर)।विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला का रंग अब धीरे धीरे कच्ची काँवरिया पथ पर चढ़ने लगा हैं। सुलतानगंज से लेकर बाबा बैधनाथ धाम देवघर तक केसरिया रंगों से पट चुका है। बोलबम का नारा हैं बाबा एक सहारा हैं। बाबा नगरिया दूर हैं जाना जरूर हैं सहित हर हर महादेव के नारे से सम्पूर्ण वातावरण गुंजायमान हो रहा हैं। ध्वनि विस्तारक यंत्र पर बज रहे काँवर भजन से पूरे कच्ची काँवरिया पथ सहित देवघर सुलतानगंज सड़क मार्ग में भोलेनाथ की भक्ति की बयार बह रही हैं। परंतु भोलेनाथ के भक्त कच्ची काँवरिया पर अनेक असुविधायों को नजरअंदाज कर भक्ति एवं आस्था के इस पावन पर्व में बाबा का नाम लिए कांधे पर गंगा जल और मुख में बोलबम का नारा लगाते हुए आगे बढ़े जा रहें हैं। बुधवार को प्रखंड के 12 किलोमीटर कच्ची काँवरिया पथ में अनेकों प्रशासनिक कुव्यवस्था देखने को मिला। कच्ची काँवरिया पथ के विभिन्न जगहों पर नियुक्त दंडाधिकारी सहित पुलिस कर्मी मूकदर्शक बनी हुई हैं। प्रखंड के मनिया स्थित सरकारी धर्मशाला के आगे कावरियों की वाहन इस कदर जाम किया हुआ हैं कि धर्मशाला के अंदर काँवरिया को प्रवेश करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। बिहार के समस्तीपुर जिला से काँवर यात्रा पर निकले प्रमोद शर्मा सुधांशु सिंह अशोक झा आदि ने बताया कि धर्मशाला से आगे इस प्रकार घंटों तक वाहन का ठहराव किये जाने से कावरियों को काँवर लेकर धर्मशाला के अंदर जाने में जल वाहन में सट जाता हैं। जो पवित्रता के दृष्टिकोण से सही नहीं हैं। वहीं जब कच्ची काँवरिया पथ होते हुए गोविंदपुर पहुँचा तो वहाँ लगे दुकान जिला पदाधिकारी के आदेश कर खुलेआम धज्जियां उड़ाते देखा गया जहां जिलाधिकारी द्वारा कच्ची काँवरिया पथ पर पूरी तरह से नशीले पदार्थ के बिक्री और सेवन की बात को बर्जित रहने की बात कही गई थी। वही इसके विपरीत कच्ची काँवरिया पथ पर लगे पान के दुकान पर कई प्रकार के गुटखा एवं पान मसाला दुकान की शोभा बढ़ाते पाया गया। फिलवक्त कच्ची काँवरिया पथ पर तमाम प्रशासनिक कुव्यवस्थाओं को झेलते हुए कांवरिया बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है का नारा लगाते हुए आगे बढ़े जा रहे हैं।

समान नागरिक संहिता को किसी ने बताया देशहित में तो किसी ने विध्वंसकारी

प्रात: किरण संवाददाता

पूर्णिया। एक देश एक कानून अर्थात समान नागरिक संहिता को लागू करने को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जैसे ही आह्वान किया गया, पूरे देश में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति शुरू हो गयी। समान नागरिक संहिता के मुद्दे को लेकर सत्ता पक्ष पूरी तरह गोरबंद दिखाई पड़ रहे हैं, वही आम आदमी पार्टी को छोड़ विपक्षी दल इस मुद्दे को लेकर पुरजोर विरोध कर रहे हैं। हालांकि सर्वोच्च अदालत ने इस मुद्दे को लेकर हरी झंडी दे दी है, इसके बावजूद विरोधी खेमे के लोग इस मुद्दे को भाजपा का राजनीतिक एजेंडा बताकर जोरदार विरोध कर रही है। समान नागरिक संहिता सचमुच देश हित में है या नहीं साथ ही विरोधी खेमे के द्वारा इसकी पुरजोर विरोध को देखते हुए समान नागरिक संहिता जैसे मुद्दे पर लॉ कमीशन ने आम लोगों से राय मांगी है।

इस मुद्दे को लेकर आइए जानते हैं की आम लोगों की क्या राय है। समान नागरिक संहिता को लेकर डॉक्टर प्रोफेसर सतीश कुमार साहा ने कहा कि समान नागरिक संहिता के लागू होने से सामाजिक व्यवस्था में समरूपता आएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति तभी संभव है जब एक राष्ट्र एक कानून होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बातों का समर्थन करते हुए कहा कि जब एक घर में दो कानून व्यवस्था नहीं हो सकती है, तो फिर एक देश में दो कानून व्यवस्था कैसे चलेगी। उन्होंने कहा कि एक देश में दो कानून व्यवस्था देश की कामयाबी और प्रगति के मार्ग पर रोड़ा उत्पन्न कर सकती है। कुल मिलाकर समान नागरिक संहिता राष्ट्र हित में है। वहीं समान नागरिक संहिता को लेकर विश्वविद्यालय बनाओ संघर्ष समिति के संस्थापक आलोक राज ने कहा कि यह कानून अल्पसंख्यकों के अधिकारों का हनन है। केंद्र सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए इस तरह के अशांतिरुपी कानून लाकर जनहित से जुड़े मुद्दे से लोगों का ध्यान भटकाना चाह रही है। उन्होंने कहा कि इस कानून से देश में अराजकतावादी व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होगी जिससे एक साफ सुथरी लोकतांत्रिक वादी छवि पूरी दुनिया में धूमिल होगी।

विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गयी आशा कार्यकर्ता

प्रात: किरण संवाददाता

पूर्णिया/बड़हरा कोठी। प्रखंड क्षेत्र के आशा कार्यकताओं ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का आगाज करते हुए बड़हरा कोठी पीएचसी परिसर में धरना दिया। धरना का नेतृत्व करते हुए आशा संघ के प्रखंड अध्यक्ष माला कुमारी ने बताई की बिहार राज्य आशा एवं आशा फेसिलेटर संघ के आह्वान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू किया गया है। मांगों के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताई कि सर्वप्रथम हमलोगों को राज्य निधि से देय 1000 रुपया मासिक संबंधी राशि को सरकारी संकल्प में अंकित पारितोषिक शब्द को बदलकर मासिक मानदेय किया जाय और इसे बढ़ाकर दस हजार रुपये किया जाय। आशा कार्यकताओं एवं फेसिलेटरों का सारा बकाया राशि जल्द से जल्द भुगतान किया जाय तथा भुगतान में पारदर्शिता एवं एकरूपता लायी जाय। आशाओं के भुगतान में व्याप्त भ्रष्टाचार कमीशनखोरी पर रोक लगाया जाए। कोरोना काल मे ड्यूटी के लिए सभी आशा कार्यकताओं फेसिलेटरों को 10 हजार रुपया कोरोना भत्ता भुगतान किया जाय।

आशा कार्यकताओं को देय पोषाक में साड़ी के साथ ब्लाउज, पेटीकोट एवं ऊनी कोट की व्यवस्था की जाय एवं इसके लिए अद्यतन भुगतान किया जाय साथ ही फेसिलेटरों का पोषक निर्धारण एवं उसकी राशि भुगतान की शीघ्र व्यवस्था की जाय। फेसिलेटरों को 20 दिन की जगह पूरे माह का भ्रमण भत्ता दैनिक 500 रु प्रतिदिन के डर से भुगतान किया जाय। कोरोना के दौरान मृत आशाओं एवं फेसिलेटरों को राज्य योजना का 4 लाख एवं केंद्रीय बीमा योजना का 50 लाख का भुगतान किया जाय। आशा कार्यकताओं एवम फेसिलेटरों को सामाजिक सुरक्षा योजना एवं पेंशन योजना का लाभ दिया जाय जबतक योजना का लाभ नही दिया जाता तबतक रिटायरमेंट पैकेज के रूप में एकमुस्त 10 लाख का भुगतान किया जाय। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि जबतक हमलोगों के मांगों को पूर्णतः मान नही लिया जाता तबतक हड़ताल जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन में आशा संध प्रखंड अध्यक्ष माला कुमारी, जिला मंत्री पुनम कुमारी, आशा देवी, चंदन देवी, रीना देवी, कवीता देवी, मीना देवी, रीता देवी, पुनम देवी, मीरा देवी, जयमाला देवी, रंगमाला देवी, बीणा भारती, डोली कुमारी सहित दर्जनों आशा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

संक्षिप्त खबरें

पड़ोसियों ने एक ही परिवार के पांच लोगों को मारकर किया घायल

जमुई। टाउन थाना क्षेत्र के सुग्गी गांव में बुधवार की देर रात आपसी विवाद को लेकर दबंग पडोसियो ने एक ही परिवार के पांच लोगों को मारकर बुरी तरह घायल कर दिया।सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में दीपक कुमार, राजेश पासवान, सुनील पासवान, जयप्रकाश पासवान व एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं। बताया जाता है कि जयप्रकाश पासवान का जमीन गांव के ही रंजीत पासवान के घर के पास है। जिसके फसल को हमेशा रंजीत पासवान व उनके अन्य परिवार वालों के द्वारा छती पहुंचाया जाता है। फसल नुकशान करने से मना करने पर रंजीत पासवान व अन्य लोगों के द्वारा गाली- गलौज किया जाता है। इसी रंजिश में गुड्डू पासवान उनके घर की ओर से बाइक लेकर जा रहा था। इसी बीच अचानक जयप्रकाश पासवान के घर के पास बने मिट्टी के डेहरी को तोड़कर अचानक गाली- गलौज करने लगा। जिसको लेकर जयप्रकाश पासवान के द्वारा डायल 112 की पुलिस टीम को सूचना दी गई उसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम को देख सभी लोग फरार हो गए।

रतनपुर में नामांकन के लिए बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी

प्रखंड अंतर्गत पड़ने वाले प्लस टू अखिलेश्वर उच्च विद्यालय रतनपुर में प्रभारी प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार सिन्हा की देखरेख में विशेष नामांकन अभियान के तहत प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी विद्यालय परिसर से शुरू की गई तथा रतनपुर चौक से होते हुए पूरे गांव का भ्रमण करते हुए पुनः विद्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। इस मौके पर प्रधानाध्यापक श्री सिन्हा ने कहा कि विभागीय निदेर्शानुसार अब तक जो भी छात्र छात्राएं कक्षा अष्टम उत्तीर्ण है एवं कक्षा नवम में नामांकन नहीं करवाएं हैं। वैसे छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक इस विशेष नामांकन अभियान के तहत विद्यालय में नामांकन करवा ले। प्रभात फेरी शिक्षक गौरव कुमार के नेतृत्व में निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि शिक्षा बहुत जरूरी है। इसके प्रति गंभीरता दिखाए। इस मौके पर छात्रा सृष्टि कुमारी, प्रिया कुमारी, अमृता कुमारी, खुशी कुमारी सहित दर्जनों छात्रा मौजूद थे।

दहेज हत्या आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सिकंदरा। दहेज हत्या मामले में सिकंदरा पुलिस ने कैयार गांव से मृतक नवविवाहिता के आरोपित सास एवं ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।जानकारी देते हुए सिकंदरा थानाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि 1 दिसंबर 2022 को कैयार गांव में दहेज को लेकर नवविवाहिता मोकामा थाना क्षेत्र के चिंतामनचक गांव निवासी स्वर्गीय मुकुंद मुरारी प्रसाद सिंह की पुत्री स्वाति कुमारी हत्या की गई थी। जिसके बाद मृतक के भाई अभिलाश कुमार उर्फ रौनक पिता स्वर्गीय मुकुंद मुरारी प्रसाद सिंह के द्वारा सिकंदरा थाने में मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ित करते हुए की गई हत्या का आरोप लगाते हुए मृतक स्वाति कुमारी के पति सोनू कुमार, ससुर संजीव सिंह एवं सास रंजू देवी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की देर शाम कैयार गांव से संजीव सिंह एवंइसकी पत्नी रंजू देवी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार दोनों आरोपी को गुरुवार को जमुई न्यायालय भेज दिया गया।

चंदे की राशि से हो सका गरीब मजदूर का दाह संस्कार

(जमुई):-गुरुवार को एक मजदूर की मौत हो जाने के बाद उसका दाह संस्कारस्थानीय जनप्रतिनिधि,थानाध्यक्ष एके आजाद व ग्रामीणों के सहयोग से हो पाया।बताया जाता है कि बरहट पंचायत के में गुरुवार को महादलित टोला गांव निवासी 46 वर्षीय मजदूर कार्तिक मांझी इलाज अभाव में मौत हो गई।मृतक मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है।घटना की सूचना के बाद मुखिया प्रतिनिधि समाजसेवी फौजदारी मांझी व बरहट थानाध्यक्ष एके आजाद मृतक,एएसआई विजय कुमार दल बल के साथ घर पहुंचकर मामले की जांच की। इसमें पाया गया कि मजदूर की मौत गरीबी व इलाज के अभाव में हुई है।बताया जाता है कि कार्तिक मांझी पिछले एक सप्ताह से बीमार चल रहे थे।घर की माली हालत खराब होने के कारण अपना सही तरीके इलाज नहीं करवा सके।गुरुवार को अचानक तबियत बिगड़ने पर उनकी पत्नी चिंता देवी पैसे के इंतजाम के लिए घर से बाहर गई हुई थी।तभी उसे सूचना मिली कि उसके पति की मौत हो गई हैं।पत्नी चिंता देवी ने बताया कि पति के मजदूरी के पैसे से ही घर चलता था।उनकी मौत हो जाने के बाद छह बच्चों के भरण पोषण की समस्या हो गई हैं।

भोजपुरी साहित्य की समृद्ध परम्परा के प्रतिनिधि है महेन्द्र मिसिर : कुलपति

प्रात: किरण संवाददाता

आचार्य दुर्गाशंकर प्रसाद सिंह 'नाथ'
सभागार
स्नातकोत्तर भोजपुरी विभाग
वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा
लोकार्पण समारोह

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर भोजपुरी विभाग के समारोह में भोजपुरी के चर्चित कवि गीतकार महेन्दर मिसिर की प्रतिनिधि कविताओं का लोकार्पण समारोह आयोजित हुआ। समारोह की शुरूआत में भोजपुरी विभाग के छात्र अविनाश पाण्डेय और प्रीति पाण्डेय ने महेंदर मिसिर के गीतों को मधुर आवाज में सुनाया।

चर्चित लोकगायिका और विभाग की छात्रा अंकिता पंडित ने महेन्दर मिसिर रचित शिव विवाह गीत को सुनाया और कवि की रचनाओं में स्त्री विमर्श की चर्चा की। समारोह में मुख्य अतिथि कुलपति शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी ने महेन्दर मिसिर के रचनाकर्म को याद करते हुए उन्हें भोजपुरी की समृद्ध साहित्य परम्परा का प्रतिनिधि रचनाकार बताया। साथ ही उन्होंने भोजपुरी की संवैधानिक मान्यता से जुड़ी बातों की चर्चा की तथा छात्रों से भोजपुरी भाषा के गौरव को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। वरिष्ठ पत्रकार गुंजन सिन्हा ने अपने सम्बोधन में भोजपुरी साहित्य के अन्य भाषाओं में अनुवाद करने का आग्रह किया जिससे भोजपुरी साहित्य की पहचान वैश्विक स्तर पर और मजबूत हुआ। पूर्व विभागाध्यक्ष रविन्द्र नाथ राय ने महेन्दर मिसिर की कविताओं में रागात्मकता, आध्यमिकता क्व तत्त्वों पर प्रकाश डाला। संग्रह के प्रकाशक सारव प्रकाशन के अध्यक्ष और जे पी विवि छपरा के पूर्व प्राध्यापक पी राज सिंह ने महेन्दर मिसिर के गीतों के संकलन और प्रकाशन से जुड़े अनुभवों को साझा किया। साथ ही उन्होंने संग्रह के संपादक सुरेश कुमार मिश्र के रिकॉर्डेड संदेश को सुनाया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में हिंदी भोजपुरी के विभागाध्यक्ष ने महेन्दर मिसिर के गीतों में भक्ति, प्रेम और निर्गुण तीनों धाराओं की चर्चा की और गायकों संगीतकारों से महेन्दर मिसिर के गीतों को महेंद्र संगीत कहकर चिन्हित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में भोजपुरी आंदोलन से जुड़े कई गणमान्य व्यक्तियों के अलावा अर्थशास्त्र विभाग के नीरज वर्मा, अंग्रेजी विभाग के विजय राज कुमावत, आनंद भूषण पाण्डेय, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष अवध बिहारी सिंह, हिंदी विभाग के नवनीत राय, मुकेश कुमार, नीलम्बुज सिंह के अलावा सीनेटर और पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष बलिराज ठाकुर, आकाशवानी पटना के प्रदीप भास्कर, भोजपुरिया जनमोर्चा के कुमार शीलभद्र, भोजपुरी विकास एवं शोध संस्थान के कृष्ण कुमार कृष्णेन्दु, वरिष्ठ पत्रकार भीम सिंह भवेश, नरेन्द्र सिंह प्रमुख थे। मंच संचालन विभाग की छात्रा आकृति विज्ञ अर्पण तथा धन्यवाद ज्ञापन शोधछात्र रवि प्रकाश सूरज ने किया। लोकार्पण समारोह के सफल आयोजन में विभाग के शोधार्थियों एवं छात्रों संजय कुमार, सोहित सिन्हा, शुभम ओझा का उल्लेखनीय योगदान रहा।

अनुसूचित जनजाति प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रवक्ता ने लाठी चार्ज की घोर निदा : अशोक भारती

प्रात : किरण संवाददाता

गया।पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान से निकलकर बिहार विधानसभा पैदल मार्च में शामिल होने के लिए बिहार प्रदेश भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद भारती के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में शामिल होकर पहुंचे लेकिन बिहार सरकार के द्वारा शांति मार्च कर रहे नेताओ कारकर्ताओ को बुरी तरह से लाठी चार्ज कर पीटा गइससे कई नेता कार्यकर्ता जख्मी हो गए इस लाठी चार्ज का बिहार प्रदेश अनुसूची जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अजीत चौधरी एवं महामंत्री राजीव पासवान ने कड़ा विरोध करते हुए कहा शांति पैदल मार्च पर बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज करना लोकतंत्र की हत्या के बराबर है पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम था लेकिन कार्यक्रम को विफल करने के लिए लाठी चार्ज किया गया भाजपा कार्यकर्ता लाठी और गोली से नहीं डरता है पुनः हमलोग भाजपा परिवार विरोध करते रहेंगे।आज के पैदल मार्च में उपाध्यक्ष मिलन रजक,भोला भास्कर,महामंत्री सुनील रविदास,बिनोद पासवान,सुनीता पासवान गया जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता,जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर,रामप्रवेश सिंह,नरेश दास, ई अमित पासवान,सुमित कुमार,सुनील रविदास गोपाल प्रसाद सहित भारी संख्या में शामिल हुए हैं।

जनता की वाजिब मांगों को दबाने का प्रयास किया है निक्कमी सरकार डा प्रेम कुमार

प्रात: किरण संवाददाता

गया।बिहार भाजपा के वरीय नेता व पूर्व कृषि मंत्री ने बिहार पुलिस के लाठीचार्ज के बाद कहा कि जनता के विभिन्न मांगों को लेकर हमारा शांतिपूर्ण मार्च आज था। शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा मिले।नई शिक्षक बहाली नियमावली को रद्द करे,जल्द से जल्द राज्य सरकार 10,00,000 स्थाई नौकरी दे।

20,00,000 लोगों को रोजगार दे। चार्जशीटेड राज्य के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का मंत्रिमंडल से बर्खास्त हो, किसान सलाहकार को भीएलडब्लू का दर्जा मिले। भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा राज्य के दर्जनों पुल के दोषी को सजा मिले। सूद सहित,लागत मूल्य राशि की गिरे पुल के दोषी व्यक्ति से वसूली हो। लॉ एंड ऑर्डर दुरुस्त की जाए। आदि मांगों के लिए शांति मार्च कर रहे हमारे लाखों कार्यकताओं को,हमारे सांसद को,हमारे विधायक को, हमारे विधान परिषद सदस्यों को,संगठन के पदाधिकारियों को,जिस तरह से नीतीश सरकार की पुलिस ने दौरादौरा कर बर्बरता पूर्वक पिटाई की है। यह निंदनीय है। लोकतंत्र की हत्या है। सरकार के इस लाठीचार्ज के कारण जहानाबाद के हमारे जिला महामंत्री विजय कुमार सिंह की लाठी से सिर फोड़ कर हत्या कर दी गई है। 12 विधायक को पीट-पीटकर घायल किया गया है। 2324 कार्यकताओं को भी घायल किया गया है। किसी का सिर फटा,किसी के हाथ टूटे। किसी के पैर टूटे। किसी के पीठ फटा है। मेरे हाथ और पैर में भी चोट आई है। जबकि भाजपा गांधी मैदान से विधानसभा तक शांति मार्च कर रही थी। इसकी पूर्व सूचना प्रशासन को दे दी गई थी। ना कोई कार्यकर्ता कार्यकर्ता ने पत्थरबाजी की।ना धक्का-मुक्की की। ना कोई तोड़फोड़ की गई। फिर भी चाचाभतीजे की सरकार ने मिलकर विपक्ष को कुचलने का प्रयास किया है। जनता की वाजिब मांगों को दबाने का प्रयास किया है निक्कमी सरकार। लोकतंत्र की हत्या की गई है। ऐसी हत्यारी सरकार के खिलाफ,भ्रष्ट और बेईमान सरकार के खिलाफ भाजपा लड़ती रहेगी। जब तक ऐसी हत्यारी सरकार को उखाड़ कर हम फेंक नहीं देते हमारी लड़ाई जारी रहेगी।भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता संघर्ष करता रहेगा। कार्यकर्ता की एक-एक बूंद खून का हिसाब महा गठबंधन सरकार को चुकाना होगा। भाजपा चुप बैठने वाली नहीं है। जनता की आवाज को लेकर हम सड़कों पर उतरते रहेंगे। सदन में अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे। देखते हैं कितना दम है हत्यारी सरकार को लोकतंत्र को कुचलने में है।

तेज रफ्तार बाइक की ठोकर से शिक्षिका हुई घायल

जमुई। सोनो थाना क्षेत्र के अमेठीयाडीह मोड़ के पास गुरुवार को तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर एक शिक्षिका को जोरदार ठोकर मार दी।जिससे शिक्षिका बुरी तरह घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल शिक्षिका को इलाज के लिए सोनो स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां शिक्षिका की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया।घायल शिक्षिका की पहचान अमेठीया डीह गांव निवासी दिवाकर पांडेय की पत्नी पांडेय ज्ञान माला के रूप में हुई है।बताया जाता है कि शिक्षिका उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुहिला में कार्यरत है।वह हमेशा कीतरह गुरुवार को भी स्कूल जा रहीथी।इसी दौरान अमेठीया डीह मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक आई और नियंत्रित होकर जोरदार ठोकर मार दी।जिससे शिक्षिका घायल हो गई। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा बाइक सवार को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया।

हजारों कार्यकर्ता भाजपा बिहार प्रदेश द्वारा आयोजित विधानसभा मार्च पटना पहुंचे

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। भारतीय जनता पार्टी, आरा विधानसभा के हजारों कार्यकर्ता सैकड़ों वाहनों में सवार होकर भाजपा बिहार प्रदेश द्वारा आयोजित विधानसभा मार्च में नगर अध्यक्ष जीतु चौरसिया और ग्रामीण अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में पटना गांधी मैदान के लिए प्रस्थान किया। गांधी मैदान पटना से बिहार के पूर्व कृषि मंत्री सह आरा विधायक श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में उत्साहित कार्यकत्ताओं के साथ बिहार विधानसभा के लिए मार्च किया। जिसमें राज्य सरकार के गुण्डे पुलिसकर्मियों के द्वारा डाक-बंगला चौराहे पर बर्बर तरीके से सिर पर व्यक्ति चिन्हित कर लाठी चार्ज किया गया जिसमें एक कार्यकर्ता की मौत और सैकड़ों कार्यकर्ता घायल हुए, जिसमें आरा के माननीय विधायक श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह भी चोटिल हुए हैं उन्हें पेर के साथ ही अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगी है। श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि लोकतंत्र को खतरे में बताने वाले नीतीश कुमार के राज्य में शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकताओं पर बेरहमी से लाठीचार्ज कर जलियांवाला बाग कांड को भी पीछे छोड़ कर बिहार में लोकतंत्र को समाप्त कर दिया है। मुख्यमंत्री मे सहयोगियों के अवगुण आ गयें है और उन्होंने सत्ता में बने रहने का हक खो दिया है। संवेदनहीन सरकार को अब एक भी मिनट सत्ता में रखने का हक नहीं है।कई नेता और कार्यकर्ता आईसीयू में भर्ती है। बिहार में लोकतंत्र खतरे में है जिसमें राज्य सरकार के पुरुष पुलिसकर्मियों के द्वारा महिलाओं पर लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले छोडं कर लोकतंत्र को कलंकित किया है। इस घटना की भर्त्सना करता हूं और मांग करता हूं कि हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के द्वारा न्यायिक जांच हो और दोषी पुलिस कर्मी और पदाधिकारी को मुअत्तल किया जायें।

शौच करने गये वृद्ध की गिरकर हुई मौत

अलीगंज । चंद्रदीप थाना क्षेत्र अंतर्गत बेला गांव निवासी सौदागर मांझी (65) वर्ष की मौत हो गया है। जानकारी के अनुसार स्व पुनीत मांझी का 65 वर्षीय पूत्र सौदागर मांझी बीते बुधवार की देर शाम शौच करने के लिए अपने गांव के दक्षिण नाटा नदी किनारे गया था। और उसी क्रम मे नदी किनारे गड्ढे मे गिरने से उसकी मौत हो गया। देर रात तक नही आने पर परिवार के लोग खोजबीन करने लगा तो पता चला कि शव उसका नदी किनारे पडा है। तब परिजनो ने शव की पहचान कर थानाधयक्ष को जानकारी दी। तब पुलिस आकर शव की पहचान कर कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल जमूई भेज दिया है। मृतक के परिजन केदार मांझी ने बताया कि देर शाम घर से निकले थे। लेकिन देर रात तक घर नही आने पर परिजन खोजबीन करने लगा। तब किसी के द्वारा नाटा नदी किनारे शव होने की सूचना दी। शव देखने से लगता है कि नदी किनारे मिट्टी के ढेर पर से शरक कर नदी किनारे मे गिरने से हुई है।

सत्ता में रहते भाजपा को नहीं दिखता था शिक्षकों का दर्द एवं बेरोजगारों का रोजगार : विनय कुशवाहा

प्रात: किरण संवाददाता

गया।राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता बिहार प्रदेश के सचिव विनय कुशवाहा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिहार के युवाओं एवं शिक्षकों को गुमराह करने के लिए भाजपा सिर्फ राजनीति कर रही है। विनय कुशवाहा कहां की बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने शिक्षकों एवं युवाओं के लिए जितना अच्छा काम किया है उसे इस राज्य के युवाओं को देखना चाहिए। शिक्षकों का 10 साल पहले कितना वेतन कम था बिहार के माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षकों का सम्मानजनक वेतनमान दिया। भाजपा ने तो सिर्फ राजनीति का केंद्र बनाया। 9 साल पहले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुले मन से इस देश के युवाओं के लिए घोषणा किया था कि 2 करोड युवाओं को प्रतिवर्ष रोजगार देने का वादा किया था। 9 वर्षो में 18 करोड़ रोजगार होता है। लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार ने 18हजार भी युवाओं को रोजगार नहीं दिया। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब एवं मध्यम वर्ग को लाखों की संख्या में रोजगार देने वाला रेलवे को बेच दिया है। एयर इंडिया, बीएसएनएल, जैसे सरकारी उपक्रमों को नरेंद्र मोदी ने बेचने का काम किया इससे देश में युवाओं को नौकरी मिलना भी दुभर हो गया है। आखिर किस मुंह से भारतीय जनता पार्टी रोजगार देने की बात करती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बिहार में विभिन्न विभागों में रिक्तियां को मंगाकर लाखों की संख्या में युवाओं को रोजगार देने का काम किया है।

बीपीएससी द्वारा शिक्षक नियुक्ति की लाखों की संख्या में भर्ती प्रक्रिया चल रही है विभिन्न विभागों में पहले नियुक्ति हो चुकी है ऐसी परिस्थिति में भाजपा का राजभवन मार्च मात्र बिहार के युवाओं के साथ धोखा एवं छलावा है। भारतीय जनता पार्टी सिर्फ राजनीति कर रही है। विनय कुशवाहा ने युवाओं एवं शिक्षकों से निवेदन करते हुए कहा कि भाजपा के झांसे में नहीं आए हैं। क्योंकि जब सत्ता में भाजपा थी तब उस समय बेरोजगार युवाओं एवं शिक्षकों का दर्द का पता क्यों नहीं चलता था सत्ता में रहते हैं शिक्षकों एवं युवाओं के लिए रोजगार क्यों नहीं दिया? केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार 9 वर्षो से चल रही है कितना युवाओं को रोजगार दिया? झूठ बोलकर सरकार चलानी वाली भारतीय जनता पार्टी देश के लोगों को गुमराह कर अपना राजनीति रोटी सेकती है। देश के प्रधानमंत्री ने काला धन वापस लाया? 15 लाख देश के किसी गरीब के खाते में आया? 2022 में देश के सभी गरीबों को पक्का मकान देने की घोषणा करने वाला है नरेंद्र मोदी गरीबों को पक्का मकान दिया? अच्छे दिनों के सपना दिखाने वाले देश के प्रधानमंत्री ने गैस सिलेंडर का दाम 13 सौ, पेट्रोल डीजल का दाम 100 से ऊपर, खाने की सामग्री पर टैक्स लगाने वाला, दवा से लेकर कफन तक की वस्तुओं पर टैक्स लगाने वाले नरेंद्र मोदी की सरकार को 2024 में उखाड़ फेंके। सिर्फ झूठ नफरत की राजनीति करते हैं और सत्ता में आते हैं शिक्षकों एवं बेरोजगार युवाओं को देखना तक भूल जाते हैं ऐसी सरकार को उखाड़ फेकें।

नगर आयुक्त ने पितृपक्ष मेला क्षेत्र के पिण्ड स्थलों की सफाई का निगम कर्मचारियों को दिए निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता

गया । गया नगर निगम आयुक्त अभिलाषा गया नगर निगम द्वारा पितृपक्ष मेला क्षेत्र के पार्किंग स्थल कॉलरा अस्पताल, देव घाट, अक्षय वट, गया कॉलेज खेल परिसर, रामशिला रामकुण्ड आदि स्थानों का स्थल निरीक्षण किया गया है।

इस निरीक्षण के समय गया नगर निगम के सभी उप नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक, सभी सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता, सभी वार्ड निरीक्षक एवं अन्य कर्मी मौजूद थे

कॉलरा अस्पताल परिसर का निरीक्षण के क्रम में देवनंदन प्रसाद कनीय अभियंता को नाले पर अतिक्रमण कर बनाए गए बाथरूम को तोड़ने ,ड्रेसिंग कराने, लेवलिंग कराने का निर्देश दिया गया है। परिसर की कल से ही सफाई एवं कचरे का उठाव एवं नाला की सफाई कराने का निर्देश नोडल पदाधिकारी सफाई को दिया गया है जिससे दुबारा निरीक्षण में कार्य किया हुआ पाया जाए।वही देवनन्दन प्रसाद कनीय अभियंता को चांद चौरा मोड़ के आगे अहिल्याबाई रोड में कचरा पॉइंट के पास ढलाई कराने का निर्देश दिया गया है। देव घाट के निरीक्षण के क्रम में देव घाट जाने वाले मार्ग पर से कचरा को हटाने एवं डस्टबिन रखने का निर्देश दिया गया है। देव घाट में टूटे हुए टाइल्स को मरम्मती कराने का निर्देश दिनकर प्रसाद कनीय अभियंता को दिया गया है।नोडल पदाधिकारी सफाई को टाइल्स में जमे गंदगी को रगड़कर साफ करवाने, सफाई कराकर धुलवाने का निर्देश दिया गया, पी. एच. ई. डी के शौचालय एवं स्नानागार को हैंड ओवर लेने का निर्देश दिया गया है जिससे नगर निगम द्वारा कराए गए रख रखाव के टेंडर से मेंटेनेंस की कारवाई की जा सकेगी, पी. एच. ई. डी द्वारा देव घाट पर पाइपलाइन हेतु बनाए गए चैंबर को उनसे समन्वय स्थापित कर स्लैब से ढकवाने का निर्देश दिया गया है।नोडल अधिकारी प्रकाश व्यवस्था को सभी लाइटों की जांच कराकर कार्यरत कराने एवं झुक गए पोल को सीधा कराने का निर्देश दिया गया है।सूर्यकुण्ड तालाब के निरीक्षण के क्रम में पानी की सफाई हेतु पी. एच. ई. डी से समन्वय स्थापित कर मशीन से पानी को साफ कराने का निर्देश दिया गया है ।नोडल पदाधिकारी सफाई को झाड़ी, पेड़ की टहनी को कटवाने एवं नियमित सफाई कराने का निर्देश दिया गया है।खराब हुए पेंटिंग को सही करने एवं पेंट करने का निर्देश दिया गया है।

नगर प्रबंधक को टीम द्वारा आवारा पशुओं को पकड़कर रखने एवं इसके लिए पितृपक्ष मेला क्षेत्र के सफाई वाहनों पर पशु पालकों को अपने पशुओं को बांध कर रखने एवं यैसा नही करने पर दंड शुल्क लगाने एवं प्राथमिकी दर्ज करने संबंधी प्रचार प्रसार कराने का निर्देश दिया गया है।अक्षय वट के निरीक्षण के क्रम में किशोर प्रसाद कनीय अभियंता को अक्षय वट में टूटे टाइल्स, शौचालय आदि के मरमती कराने का निर्देश दिया गया है टाइल्स में लगी गंदगी को रगड़कर साफ कराने का निर्देश दिया गया, प्याऊ में नल लगाने एवं सभी लाइटों की जांच कर कार्यरत कराने का निर्देश दिया गया है।सभी कनीय अभियंता को निर्देशित कार्यो का एस्टीमेट तैयार कर जल्द प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है ।आवश्यक जगहों पर मिनी हाईमास्ट लगाने हेतु प्रकाल्लन एवं प्रस्ताव तैयार कर आगामी बोर्ड की बैठक में रखने हेतु बिनोद प्रसाद सहायक अभियंता को निर्देश दिया गया है। गया कॉलेज खेल परिसर के निरीक्षण के क्रम में जल जमाव नही हो, इसके लिए लेवलिंग कराने एवं स्टोन डस्ट गिरवाने का निर्देश दिया कि साफ सफाई कराने का निर्देश दिया गया है। वही रामकुंड के निरीक्षण के क्रम में पाया गया की रामकुंड की पानी गंदा है।वहां पर पी. एच. ई. डी द्वारा पंपिंग कर पानी को निकालकर पानी डाला जाता है परंतु उनके द्वारा पंप चालू नहीं कराया जाता है।

श्राद्धकर्म के मौके पर स्व.नवल किशोर प्रसाद को दी गयी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। शहर के मीरगंज बड़ी पानी टंकी के समीप बुधवार को रिटायर डीएसपी स्व. नवल किशोर प्रसाद के श्राद्धकर्म के मौके पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। उस अवसर पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गयी। उपस्थित लोगों ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि स्व. नवल किशोर प्रसाद बड़े पर्यावरण प्रेमी और धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। हमेशा दीन-दुखियों की सेवा में लगे रहते थे। वे पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए पेड़-पौधे लगवाते रहते थे। आज की युवा पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेने की जरुरत है। इस मौके पर उनके पुत्र वरीय पत्रकार डॉ .कृष्ण कुमार ने कहा कि पिताजी के अधूरे कार्यो को पूरा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर दूरदराज से आए लोगों को अंग वस्त्र प्रदान किया गया। श्रद्धांजलि सभा में आरा नगर निगम की महापौर इंदु देवी, मुख्यालय डीएसपी विनोद कुमार, नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार, डीआईयू प्रभारी शंभू भगत, दारोगा ददन कुमार, रंजीत कुमार, भाजपा नेता प्रेम पंकज उर्फ ललन, चिकित्सक डॉ. केएन सिन्हा, डॉ. विकास सिंह, डॉ. मदन मोहन द्विवेदी, डॉ. रोहित तिवारी, लोजपा (आर) के जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान, भाकपा (माले) नेता अमित कुमार बंटी, गोपाल प्रसाद, दीना जी, व्यावसायी नेता चंद्रभानु गुप्ता, नीलेश्वर उपाध्याय, राजू रंजन श्रीवास्तव, पप्पू चौबे, आरा रंगमंच के दीपू कुमार, कोरन डिहरी पंचायत के मुखिया रामसुभग सिंह, भरत सिंह, पीपरा जगदीश के पूर्व मुखिया भिखारी साह, व्यवसायी दारोगा साह, अरुण सिंह, पवन जयसवाल, सुनील कुमार, मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के सचिव अरविंद पांडेय, कोषाध्यक्ष श्रवन जलान, महंत रंगनाथ मिश्रा, राजू मेहता, संतोष कुमार सिंह, विनोद कुमार, संभावना स्कूल के निदेशक कुमार द्विजेंद्र, होटल पार्क व्यू के रोहित सिंह, होटल समृद्धि के सोनू राय, होटल आरा ग्रांड के अभिषेक कुमार उर्फ बब्लू, होटल

रीगल के कन्हैया प्रसाद, पत्रकार भीम सिंह भवेश, मिथिलेश कुमार सिंह, कंचन किशोर सुशील सिंह, प्रशांत कुमार बंटी, प्रियरंजन मिश्र, प्रवीण कुमार, आशुतोष पांडेय, सोनू सिंह, विशाल कुमार, अभिनय प्रकाश, लावारिस सेवा केंद्र के डीएन सिंह, रामेश्वर तिवारी, अवधेश कुमार सिन्हा, वीर बहादुर शर्मा, गुप्तेश्वर प्रसाद, रामानुज सिंह, अधिवक्ता विजय भारती समेत सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

भोजपुर जिला के नेता और कार्यकर्ता हुए घायल

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा राजव्यापी आंदोलन 'विधानसभा मार्च' मे पुलिस द्वारा बर्बरता रुप से लाठीचार्ज और आँसू गैस के प्रहार करने पर भारतीय जनता पार्टी भोजपुर के नेताओं और कार्यकताओ द्वारा घोर निंदा की गई।

भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज सहित सभी नेताओं ने उक्त विभत्स घटना जिसमे जहानाबाद के जिला महामंत्री का मृत्यु भी हो गया का निंदा करते हुए कहा कि बिहार सरकार पूर्ण जंगलराज चला रही है। भोजपुर जिला से हजारो कार्यकर्ता विधानसभा मार्च मे शामिल हुए।सभी कार्यकर्ता शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए आगे बढ रहे थे,लेकिन निकम्मी, भ्रष्ट, गुंडाराज की सरकार ने कार्यकताओं पर लाठियां , आंसू गैस ,पानी की बौछार से हत्या करने की कोशिश की जिसमे एक कार्यकर्ता की मृत्यु भी हो गई और हजारों कार्यकर्ता घायल हो गए। इस निकम्मी सरकार ने महिलाओं को भी नही बख्शा और उन्हे दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। उक्त शांति प्रदर्शन के दौरान भोजपुर जिला के भी कार्यकताओ को गंभीर चोटे आयी है,जिसमे जिला उपाध्यक्ष मीरा यादव का हाँथ टुट गया।इसके अलावा जिले के नेताओं और कार्यकताओ को भी चोट लगा है। जिलाध्यक्ष ने उक्त घटना की निंदा करते हुए जिले मे आंदोलन करने की बात कही। नेताओं ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता नीतीश कुमार के जंगलराज से डरनेवाली नही है।जिस प्रकार प्रतिदिन यह सरकार जनता को पिटवाने का काम कर रही है उससे जनता उन्हे सबक सिखाने को ठान ली है और उन्हे बिहार से उखाड़ फेकेगी।

पेड़ व पौधा लगायेंगे प्रदूषण को दूर भगायेंगेके संकल्प के साथ जेल परिसर में किया गया पौधारोपण

प्रात: किरण संवाददाता

बेगूसराय। गुरुवार की सुबह माया कौशल्या फाउंडेशन के द्वारा जेल परिसर के अंदर जेल अधीक्षक आवास के अगल बगल वृक्षारोपण किया गया। युवाओं ने अधीक्षक आवास जाने वाली सड़क के दोनों ओर पौधा लगाने का काम किया। सर्वप्रथम जेल अधीक्षक राजेश कुमार राय, डॉ. राहुल कुमार ने संयुक्त रूप से पीपल का पौधा लगाकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद अपनी देखरेख में शेष पौधा लगवाने का काम किये। युवाओं को उत्साहित करते हुए जेल अधीक्षक राजेश कुमार राय ने संस्था के द्वारा किए जा रहे इस कार्यक्रम की सराहना की और पौधा लगाने हेतु परिसर में पुनः जगह उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। वहीं डॉ राहुल ने बढ़ते प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मनुष्य अपनी भौतिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपने मूलभूत आवश्यकता जैसे पेड़, पौधा एवं अन्य प्रकृति प्रदत्त चीजों का दुरूपयोग करने लगा और भूलने लगा। उस दौर में माया कौशल्या फाउंडेशन के युवा कार्यकताओं के द्वारा किया जा रहा वृक्षारोपण का कार्य सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। माया कौशल्या फाउंडेशन के सचिव रौशन कुमार और रिटायर सीआरपीएफ के जवान अर्जुन सिंह ने युवाओं के सहयोग की सराहना की और अधिक से अधिक पौधा लगाने व उसकी देखभाल हेतु युवाओं से अपील की।

नगर आयुक्त ने मोहर्रम पर्व पर ताजीया गुजरने वाले मार्गो पर गड्ढे को भरने के दिया निर्देश

गया । गया शहर में आगामी मुहर्रम पर्व को देखते हुए नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा गया नगर निगम द्वारा आगामी मुहर्रम पर्व को ध्यान में रखते हुए करबला एवं इसके आस पास स्थल का स्थल निरीक्षण किया गया है इस निरीक्षण के समय गया नगर निगम के सभी उप नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक, सभी सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता, सभी वार्ड निरीक्षक अन्य कर्मी एवं वार्ड संख्या 06 के पार्षद प्रतिनिधि एवं करबला के व्यवस्थापक मौजूद थे। मुहर्रम पर्व के अवसर पर लगने वाले अत्यधिक भीड़ के मद्देनजर सफाई, चूना, ब्लीचिंग का छिड़काव पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया है।मुहर्रम पर्व दिनांक 26.7.23 से 30.7.23 तक मनाई जाएगी।अतः बिनोद प्रसाद सहायक अभियंता को प्रकाश की वैकल्पिक व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया है। शौचालय के लिए जगह चिन्हित करने का निर्देश बिनोद प्रसाद सहायक अभियंता को दिया गया है। करबला के पास दो स्थानों पर पानी टैंकर एवं आवश्यकतानुसार मोबाइल टॉयलेट भी रखवाने का निर्देश दिया गया है।

सेंसेक्स
65506.74 पर बंद
निफ्टी
19401.40 पर बंद

सोना
59,261
चांदी
73,896

महंगाई के मोर्चे पर झटका, जून में खुदरा महंगाई बढ़कर 4.81 प्रतिशत पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी। खाद्य उत्पादों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर तीन महीनों के उच्चस्तर 4.81 प्रतिशत पर पहुंच गई। सरकार ने बुधवार को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी किए। मई में खुदरा मुद्रास्फीति 4.31 प्रतिशत रही थी जबकि साल भर पहले जून, 2022 में यह सात प्रतिशत थी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जून में खाद्य उत्पादों की मुद्रास्फीति 4.49 प्रतिशत रही जबकि मई में यह 2.96 प्रतिशत थी। सीपीआई में खाद्य उत्पादों का भारांक लगभग आधा होता है। जून में खुदरा मुद्रास्फीति की दर बढ़ने के बावजूद यह भारतीय रिजर्व बैंक के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर के नीचे है।

सरकार ने रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत तक सीमित रखने का दायित्व सौंपा हुआ है। रिजर्व बैंक खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े को ध्यान में रखते हुए द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा करता है। रिजर्व बैंक ने पिछले महीने की मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा था। इसके साथ ही उसने अप्रैल-जून तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति के 4.6 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताया था।

टमाटर की बढ़ती कीमतों के बीच केंद्र ने उठाया बड़ा कदम, कम होंगी कीमतें

टमाटर की कीमतें जल्द ही कम हो सकती है। इसके लिए केंद्र सरकार ने सुपर प्लान तैयार कर लिया है। सरकार ने अपने इस प्लान में नेशनल एग्रीकल्चारल कॉरपोरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन यानी नेफेड और नेशनल कॉरपोरेटिव कंज्यूमर फोरम यानी एनसीसीएफ को भी शामिल कर दिया है। दोनों संगठनों को सरकार की ओर से आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र की मंडियों से टमाटर खरीदने और उन्हें उन प्रमुख कंज्यूमर सेंटर्स में डिस्ट्रीब्यूट करने का निर्देश दिया है, जहां रिटेल सेल ज्यादा होती है। कंल्यूमर मामलों के डिपार्टमेंट ने बयान में कहा कि पिछले एक महीने में कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि देखने को मिली है। 14 जुलाई तक दिल्ली-एनसीआर एरिया में कंज्यूमर्स को सस्ती दरों पर रिटेल दुकानों के माध्यम से टमाटर डिस्ट्रीब्यूट किए जाएंगे।

सरकार के अपने आंकड़ों के मुताबिक, पिछले एक महीने में टमाटर की कीमतें 326.13 फीसदी बढ़ी हैं। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों में लगातार बारिश के कारण स्थिति खराब हो गई है, जो राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में रसोई के प्रमुख सामान और अन्य सब्जियों का प्राइमरी स्पलायर है। टमाटर उन क्षेत्रों में डिस्ट्रीब्यूट किए जाएंगे जहां पिछले एक महीने में खुदरा कीमतें ऑल इंडिया एवरेज से ऊपर हैं।

इन महीनों में सबसे ज्यादा होती है कटाई

भारत में टमाटर का उत्पादन अलग-अलग मात्रा में लगभग सभी राज्यों में होता है। सबसे ज्यादा प्रोडक्शन भारत के दक्षिणी और पश्चिमी क्षेत्रों में होता है, जिनका कुल प्रोडक्शन में योगदान 56 फीसदी से 58 फीसदी के आसपास है। दक्षिणी और पश्चिमी क्षेत्र में सरप्लस प्रोडक्शन की वजह से प्रोडक्शन सीजन के बेस पर देश के दूसरे बाजारों में सप्लाई करते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में प्रोडक्शन सीजन भी अलग-अलग होते हैं। सबसे ज्यादा टमाटर की कटाई दिसंबर से फरवरी तक होती है। विभाग ने एक बयान में कहा कि जुलाई-अगस्त और अक्टूबर-नवंबर के दौरान टमाटर का प्रोडक्शन कम होता है।

देश का औद्योगिक उत्पादन मई में 5.2 प्रतिशत बढ़ा है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन पिछले साल मई में 19.7 प्रतिशत बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन इस साल मई में 5.7 प्रतिशत बढ़ा। आंकड़ों के अनुसार, खनन क्षेत्र के उत्पादन में आलोच्य महीने में 6.4 प्रतिशत और बिजली उत्पादन में 0.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

प्रेस्टीज ग्रुप ने 704 करोड़ रुपये में 2.3 एकड़ जमीन खरीदी

डीबी रियल्टी फर्म ने अपना कर्ज चुकाने के लिए जमीन बेची है

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रेस्टीज ग्रुप ने डीबी रियल्टी फर्म से 704 करोड़ रुपये में 2.3 एकड़ जमीन खरीदी है। यह जमीन मुंबई में खरीदी गई है। यहां पर कंपनी की ओर से फ्लैट बनाए जाएंगे। जानकारों के मुताबिक, जब जमीन इतनी महंगी खरीदी गई है तो इसपर बनने वाले फ्लैटों की कीमत करोड़ों में हो सकती है। रियल एस्टेट डेटा एनालिटिक्स फर्म सीआरई मैट्रिक्स द्वारा उपलब्ध कराए गए पंजीकरण दस्तावेजों के मुताबिक, डीबी रियल्टी की सहायक कंपनी ने भूमि पर एक आवासीय परियोजना विकसित करना शुरू कर दिया था, लेकिन इसे मुंबई नगर निगम द्वारा अप्रूव नहीं किया गया था। कंपनी ने संपत्ति पर एडलवाइस एसेट कंस्ट्रक्शन, रेयर एसेट कंस्ट्रक्शन और एडलवाइस फिनवेस्ट जैसे लैंडर्स से लोन लिया था। ऐसे में कर्ज चुकाने और अपने बकाया को कम करने के लिए कंपनी ने जमीन बेच दी है। इस तरह से जुटाए गए रुपयों का इस्तेमाल लोन को चुकाने के लिए किया जा रहा है।

बता दें कि इस परियोजना में करीब 20 फ्लैट बेचे गए थे, लेकिन खरीद रद्द कर दी गई है और फ्लैट धारकों को एकत्र की गई राशि वापस कर दी गई है। डीबी रियल्टी ने बैंकों का कर्ज चुकाने में देर की है। पिछले सप्ताह एक्सचेंजों को दी गई जानकारी में कंपनी ने अपना कुल बकाया लोन 1,000 करोड़ रुपये बताया था।

बीते मई महीने में प्रेस्टीज एस्टेट्स ने मुंबई में दो ज्वाइंट कमर्शियल प्रोजेक्ट्स में डीबी रियल्टी की हिस्सेदारी 1,176.5 करोड़ रुपये में खरीदी थी। ये परियोजनाएं बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स और महालक्ष्मी के व्यावसायिक जिले में हैं।

प्रेस्टीज एस्टेट्स ने 2021 में मुंबई में इंट्री की थी। एफवाय23 में रिपोर्ट की गई 13,000 करोड़ रुपये की बिक्री में से लगभग 21 प्रतिशत का योगदान मुंबई से था। ग्रुप को उम्मीद है कि आगे चलकर मुंबई में और ज्यादा बिक्री हो सकती है। इसी के चलते प्रेस्टीज एस्टेट्स अपनी दो परियोजनाएं मुंबई में लॉन्च के लिए आ रही हैं। इसमें मुलुंड में एक मौजूदा परियोजना का अगला चरण है।

इंडिया मोबाइल कांग्रेस का 7वां संस्करण 27 से 29 अक्टूबर तक होगा

Curtain Raiser
12 July, 2023 New Delhi
#IMC2023
G20
COAI
INDIA MOBILE CONGRESS

नयी दिल्ली एजेंसी। एशिया की प्रीमियर डिजिटल टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) के सातवें संस्करण का आयोजन इस साल नयी दिल्ली के प्रगति मैदान में 27 से 29 अक्टूबर के बीच दूरसंचार विभाग और सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) की संयुक्त मेज़बानी में किया जाएगा।

ष्लोबल डिजिटल इन्नोवेशनष् थीम के साथ आईएमसी उद्योग, सरकार, अकादमिक क्षेत्र और प्रौद्योगिकी पारितंत्र में अन्य प्रमुख भागीदारों के लिए एक आदर्श मिलन बिंदु और प्रदर्शन केंद्र है। इस प्रतिष्ठित आईएमसी 2023 आयोजन में एक लाख से अधिक भागीदार, 5000 से अधिक सीएक्सओ स्तर के प्रतिनिधि, 350 से अधिक वक्ता और 400 से अधिक प्रदर्शनी लगाने वाले शामिल होंगे। वर्ष 2017 में अपनी शुरूआत के बाद से ही आईएमसी ने भारत की स्थिति उन्नत की है और भारत की अगुवाई में डिजिटल नवप्रवर्तन की अगली लहर डिजाइन करने के लिए वैश्विक चिंतकों के लिए एक प्रमुख मंच के तौर पर काम किया है। पिछले वर्ष, आईएमसी को उद्योग की ओर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी जहां माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में 5जी लांच किया था।

इस वर्ष, प्रमुख कार्यक्रम 6जी, 5जी नेटवर्क में उन्नति, दूरसंचार में एआई के बढ़ते उपयोग और अन्य क्षेत्रों जैसे एज कंप्यूटिंग, इंडस्ट्री 4.0 एवं इंडिया स्टैक के उद्भव पर प्रकाश डालेंगे। आईएमसी 2023 एलेसिना, आईईएसए, इस्पा, डीएफआई जैसे विभिन्न संगठनों के साथ साझीदारी के जरिये प्रसारण, सैटकॉम, विनिर्माण, सेमीकंडक्टर्स जैसे टेक्नोलॉजी क्षेत्रों का विस्तार भी करेगा। आईएमसी 2023 ने कई बी2जी और बी2बी फोरम और उद्योग गोलमेज बैठकें भी शुरू करने की योजना बनाई है जहां बड़े विश्वविद्यालय के विद्यार्थी और ग्लोबल बायर फोरम भी होंगे। सीओएआई के चेयरमैन श्री पीके मित्तल ने इस अवसर पर एकत्र हुए लोगों का स्वागत किया और आश्वासन दिया कि इस साल का एशिया का सबसे बड़ा दूरसंचार आयोजन भारत के तेजी से बढ़ रहे टेक्नोलॉजी उद्योग के लिए मील का पत्थर साबित होगा। दूरसंचार विभाग (डॉट) के अपर सचिव श्री वी.एल. कांता राव ने कहा, श्आईएमसी इस उद्योग और सरकार के लिए एक प्रतिष्ठित आयोजन है। पिछले आईएमसी से अब तक काफी काम हुआ है। इस साल हम उम्मीद कर रहे हैं कि बड़ी संख्या में विश्व से लोग आएंगे और अन्य उद्योगों को भी इसमें शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है। इस साल हम उस चीज़ को बहुत अधिक महत्व देने का प्रयास कर रहे हैं जो हमारा देश 5जी के मोर्चे पर कर रहा है जिसमें उपयोग मामले शामिल हैं और हम विभिन्न राज्यों और मंत्रालयों को भी व्यापक स्तर पर इसमें शामिल करना भी सुनिश्चित करेंगे। पिछले वर्ष आईएमसी में प्रधानमंत्री ने 5 जी क्रांति की शुरूआत की थी और मुझे विश्वास है कि इस बार अक्टूबर में देश आईएमसी 2023 में एक अन्य क्रांति के लिए तैयार है।

बाबा रामदेव 18 फीसदी डिस्काउंट पर बेच रहे अपनी कंपनी के शेयर, 14 जुलाई तक का है मौका

स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि

नई दिल्ली, एजेंसी। बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि फूड्स ने ऑफर फॉर सेल लॉन्च करने का ऐलान किया है। इस ऑफर फॉर सेल के तहत कंपनी के प्रमोटर अपनी 9 फीसदी हिस्सेदारी बेचेंगे। इस हिस्सेदारी को इसके मौजूदा बाजार भाव से करीब 18.36 फीसदी कम भाव पर एक हजार रुपये प्रति शेयर के भाव पर बेचा जाएगा। बाबा रामदेव की अगुवाई वाली पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड शेयर बाजारों में अपनी समूह की कंपनी पतंजलि फूड्स लिमिटेड के 2.53 करोड़ शेयर या सात प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी। कंपनी यह कदम सूचीबद्धता जरूरतों को पूरा करने के लिए उठाने जा रही है। खाद्य तेल और अन्य खाद्य उत्पाद कंपनी पतंजलि फूड्स के शेयर की बिक्री ओएफएस के जरिए होगी। इस ऑफर फॉर सेल की न्यूनतम कीमत 1,000 रुपये प्रति शेयर तय की गई है। यह पेशकश 13 जुलाई को खुलकर 14 जुलाई को बंद होगी।

शेयरों में आई गिरावट

शेयर बाजारों को भेजी सूचना में पतंजलि फूड्स ने कहा है कि न्यूनतम कीमत पर वह इस शेयर बिक्री से कम से कम 2,530 करोड़ रुपये जुटा सकेगी। बीएसई पर बुधवार को पतंजलि फूड्स का शेयर मामूली बढ़त के साथ 1,228.05 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी का बाजार पूंजीकरण 44,454.78 करोड़ रुपये रहा। ओएफएस लॉन्च करने के ऐलान के बीच पतंजलि फूड्स लिमिटेड के शेयरों में भारी गिरावट देखी जा रही है। आज पतंजलि फूड्स के शेयर 5 फीसदी की गिरावट के साथ लोअर सर्किट पर ट्रेड कर रहे हैं। अभी पतंजलि फूड्स के शेयर 1,165.10 रुपये के भाव पर हैं। कल तक यह 1241 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहे थे। वहीं पिछले एक महीने की बात करें तो पतंजलि फूड्स के शेयरों में 11 फीसदी से ज्यादा का उछाल आया है।

ट्रेडिंग के लिए अलग विंडो खुला

बता दें कि पतंजलि फूड्स प्रमोटर की ओर से न्यूनतम शेयर होल्डिंग नियमों के मानदंडों को पूरा करने के लिए ओएफएस ला रही है। 13 जुलाई से शेयर बाजार में एक अलग ट्रेंडिंग विंडो खुल गया है। हालांकि पहले दिन यानी 13 जुलाई को सिर्फ गैर-रिटेल निवेशक ही इसके लिए बोली लगा सकते हैं।

टाटा के शेयर ने 1 लाख को बनाया 7 करोड़, एक्सपर्ट बोले- अब 3200 के पार जाएगा शेयर

नई दिल्ली, एजेंसी। अगर आप टाटा ग्रुप के शेयरों पर दांव लगाने की सोच रहे हैं तो आप टाइटन के शेयर पर फोकस रख सकते हैं। ब्रोकरेज के मुताबिक, टाइटन के शेयर में तेजी आने वाली है और इसकी कीमत 3200 रुपये के पार जा सकती है। टाइटन के शेयर आज गुरुवार को मामूली तेजी के साथ 3,109.65 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। टाइटन के शेयरों पर 3242 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। उन्होंने लिखा है, हम संरचनात्मक रूप से सकारात्मक बने हुए हैं, लेकिन हाल ही में स्टॉक की कीमत में बढ़ोतरी के बाद हमारी रेटिंग को खरीदें से घटाकर एक्युमुलेट कर दिया गया है। टाटा समूह की कंपनी- टाइटन के शेयर पर ग्लोबल ब्रोकरेज मॉर्गन स्टेनली ने डाउनग्रेड दिया है। कंपनी ने स्टॉक की रेटिंग को अधिक वजन से घटाकर समान वजन कर दिया और टारगेट प्राइस 3,207 रुपये तय किया।

कंपनी के शेयरों का हाल

टाइटन के शेयर आज 3,109.65 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। पिछले पांच दिन में यह शेयर 2.74 प्रतिशत गिरा है। इस साल यह शेयर 21.10 प्रतिशत चढ़ा है। सालभर में टाइटन के शेयरों में 47.16 प्रतिशत की तेजी है। पांच साल में यह शेयर 270.48 प्रतिशत चढ़ा है। टाइटन के शेयर का मैक्सिमम रिटर्न 72,668.15 प्रतिशत का है। 23 साल में इसकी कीमत 4.27 रुपये से बढ़कर वर्तमान प्राइस तक पहुंच गई है। यानी इस दौरान एक लाख का निवेश बढ़कर 7.28 करोड़ रुपये हो जाती।

कंपनी का फ्यूचर प्लान

टाटा समूह की कंपनी टाइटन चालू वित्त वर्ष के दौरान अपने आभूषण ब्रांड तनिष्क के 18 नए अंतरराष्ट्रीय स्टोर खोलने की तैयारी कर रही है। इनमें से ज्यादातर स्टोर खाड़ी क्षेत्र में खोले जाएंगे। इससे कंपनी के अंतरराष्ट्रीय स्टोर की संख्या 25 पर पहुंच जाएगी। टाइटन कंपनी लि. की सालाना रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ नए क्षेत्रों में स्टोर खोलने की परिचालन जटिलताओं के बावजूद कंपनी ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) और अमेरिकी बाजार में तनिष्क ब्रांड के आभूषणों की उपभोक्ता मांग के मद्देनजर 'आक्रामक तरीके' से विस्तार की रणनीति बनाई है। टाइटन ने कहा, ''कंपनी वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक 25 अंतरराष्ट्रीय स्टोर का लक्ष्य लेकर चल रही है।'' तनिष्क ने वित्त वर्ष 2022-23 में अपने अंतरराष्ट्रीय तनिष्क स्टोर की संख्या को दो से बढ़ाकर सात कर ली है।

सेबी बिशाल ग्रुप ऑफ कंपनीज, एनवीडी सोलर की 22 संपत्तियों की नीलामी करेगा

नई दिल्ली, एजेंसी। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को कहा कि वह 14 अगस्त को बिशाल ग्रुप ऑफ कंपनीज और एनवीडी सोलर की 22 संपत्तियों की नीलामी करेगा। इसके जरिए निवेशकों से अवैध तरीके से जुटाए गए धन की वसूली की जाएगी। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के एक एक सार्वजनिक नोटिस के मुताबिक, इन संपत्तियों की नीलामी लगभग 37 करोड़ रुपए के आरक्षित मूल्य पर की जाएगी। इन 22 संपत्तियों में 17 बिशाल ग्रुप ऑफ कंपनीज (बिशाल अबासन इंडिया लिमिटेड, बिशाल डिस्टिलर्स लिमिटेड, बिशाल एग्री-बायो इंडस्ट्रीज लिमिटेड, बिशाल हॉर्टिकल्चर एंड एनिमल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड) की हैं और पांच एनवीडी सोलर की हैं। इन संपत्तियों में पश्चिम बंगाल स्थित भूखंड, फ्लैट और एक आवासीय भवन शामिल हैं। एड्रोइट टेक्निकल सर्विसेज को ई-नीलामी सेवा प्रदाता के रूप में नियुक्त किया गया है।

टीसीएस का शुद्ध लाभ जून तिमाही में 16.83 प्रतिशत बढ़कर 11,074 करोड़ रुपए पर

मुंबई एजेंसी। देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का शुद्ध लाभ जून तिमाही में 16.83 प्रतिशत बढ़कर 11,074 करोड़ रुपए रहा है। टाटा समूह की कंपनी का शुद्ध लाभ एक साल पहले इसी तिमाही में 9,478 करोड़ रुपए था। जबकि इससे पिछली तिमाही जनवरी-मार्च में कंपनी ने 11,392 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा कमाया था। टीसीएस की परिचालन आय सालाना आधार पर चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 12.55 प्रतिशत बढ़कर 59,381 करोड़ रुपए रही। यह पिछली मार्च तिमाही के 59,162 करोड़ रुपए के मुकाबले मामूली अधिक है। कंपनी का कुल व्यय आलोच्य तिमाही में बढ़कर 45,789 करोड़ रुपए रहा जो एक साल पहले 2022-23 की अप्रैल-जून तिमाही में 40,771 करोड़ रुपए था।

बच्चों के इलाज के लिए अपोलो ने लॉन्च किया देश का सबसे एडवांस नेटवर्क

Apollo
Apollo Children's

नयी दिल्ली एजेंसी। देश की भावी पीढ़ी को बेहतर उपचार मुहैया कराने के लिए अपोलो ने अपनी 40 साल से भी ज्यादा पुरानी विरासत को आगे बढ़ाया है दुनिया के सबसे बड़े एकीकृत स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले अपोलो ने आज देश का सबसे एडवांस नेटवर्क अपोलो चिल्ड्रेन्स लॉन्च किया जहां विभिन्न बीमारियों को लेकर बच्चों की देखभाल जांच उपचार और एक बेहतर भविष्य दिया जा सकता है देश में मौजूद 40 से ज्यादा अस्पताल इस नेटवर्क का हिस्सा होंगे यहां 25 से ज्यादा विशिष्ट देखभाल के लिए 400 से ज्यादा विशेषज्ञ डॉक्टर अपने अनुभव और ज्ञान के जरिए बाल चिकित्सा को एक नए मुकाम पर लेने जाने का प्रयास करेंगे 900 से ज्यादा बिस्तरों की क्षमता वाले इस नेटवर्क में सातों दिन 24 घंटे बच्चों के लिए बेहतर चिकित्सा उपलब्ध होगी। इतना ही नहीं आपातकालीन सेवाएं भी संचालित होगीं।

इस अवसर पर देश में बच्चों से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव पर जोर देते हुए अपोलो के अध्यक्ष डॉ. प्रताप सी रेड्डी ने कहा बाल चिकित्सा देखभाल की बात करें तो पिछले 40 वर्ष में अपोलो एक शानदार प्रतिष्ठा बनाने में सक्षम रहा है। हमारे प्रयासों के चलते अपोलो में न केवल भारत बल्कि 50 से अधिक देशों के बच्चों को विश्व स्तरीय देखभाल दी जा रही है। हमारे कुशल बाल रोग विशेषज्ञों के साथ अपोलो चिल्ड्रेन्स को एक वन-स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में डिजाइन किया है जहां बच्चों को उनके स्वास्थ्य के सभी पहलुओं में उच्चतम गुणवत्ता वाली देखभाल मिलेगी। बच्चों के विकास के पूरे स्पेक्ट्रम को कवर करने की आवश्यकता है। इसलिए हमारा लक्ष्य बच्चों को बहुआयामी और सबसे उन्नत देखभाल प्रदान करना है ताकि नए मानक स्थापित किए जा सकें।

वहीं, अपोलो की कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ. प्रीता रेड्डी ने कहा अपोलो में हम जो भी मेहनत करते हैं उसका मूल केंद्र रोगी और उसकी देखभाल रहती है। बाल रोग विशेषज्ञों की सबसे बड़ी संख्या, हमारी विरासत और सर्वोत्तम तकनीक के साथ भारत में बाल चिकित्सा देखभाल के क्षेत्र में एक क्रांति लाने के लिए हम पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने यहां तक कहा है कि अपोलो चिल्ड्रेन्स में अलग अलग बीमारियों के विशेषज्ञ होंगे और एक ऐसा बुनियादी ढांचा होगा जहां बच्चे और उनके माता पिता की चिकित्सा यात्रा को आसान बनाते हुए भारत की बेहतरीन स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं होगीं। अपने व्यापक दृष्टिकोण, अत्याधुनिक तकनीक और परिवार-केंद्रित देखभाल पर जोर देते हुए हम देश में सर्वोत्तम बाल चिकित्सा देखभाल प्रदान करने में सबसे आगे बने रहेंगे।

अपोलो की प्रबंध निदेशक सुश्री सुनीता रेड्डी ने कहा, हमारा प्राथमिक उद्देश्य बच्चों के अनुकूल माहौल को बढ़ावा देना है जो व्यक्तिगत ध्यान और उच्चतम स्तर की देखभाल सुनिश्चित करता है। हम मामूली सर्दी-जुकाम से लेकर बड़ी सर्जरी तक, हर कदम पर व्यापक बाल चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम भारत और अन्य देशों के बाल चिकित्सा नैदानिक उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते हैं। हम सभी मामलों को संभालने के लिए क्षमता रखते हैं, जिनमें बहु-विषयक विशेषज्ञता, उपचार और बुनियादी ढांचे की आवश्यकता होती है। हमारा विशेष दृष्टिकोण बच्चों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करता है और हम अपने युवा रोगियों को विश्व स्तरीय देखभाल के लिए निपुण चिकित्सा पेशेवरों व अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ उठाना जारी रखेंगे।

अपोलो हॉस्पिटल्स के दक्षिणी क्षेत्र की सीओओ सिन्दूरी रेड्डी ने कहा अपोलो चिल्ड्रेन्स प्राथमिक, माध्यमिक, तृतीयक और चतुर्धातुक सभी स्तर ही चिकित्सा देखभाल प्रदान करेगा, जिससे यह 24’7 बाल चिकित्सा देखभाल के लिए सबसे पसंदीदा स्थान बन जाएगा। अपोलो चिल्ड्रेन्स 25 से अधिक विशिष्टताएं हैं जिनमें बाल चिकित्सा एंड्रोक्रायनोलॉजी, बाल हृदय प्रत्यारोपण, बाल गहन देखभाल, बाल चिकित्सा ऑन्कोलॉजी, बाल चिकित्सा रोबोटिक्स, यूरोलॉजी, नियोनेटोलॉजी इत्यादि शामिल हैं।

अपोलो हॉस्पिटल्स के ग्रुप मेडिकल डायरेक्टर और वरिष्ठ पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. अनुपम सिब्बल ने कहा बाल चिकित्सा को लेकर अपोलो का अपना एक इतिहास रहा है। मरीज और उनके परिजनों से मिले विश्वास के दम पर ही अपोलो आज बाल चिकित्सा देखभाल में अग्रणी है। दिल्ली का अपोलो इंद्रप्रस्थ अस्पताल साल 1998 में सफल बाल लिवर प्रत्यारोपण करने वाला देश का पहला अस्पताल बना। तब से लेकर अब तक 500 से ज्यादा बच्चों के लिवर प्रत्यारोपण किए जा चुके हैं। अत्यधिक जटिल बाल चिकित्सा रोबोटिक, बाल चिकित्सा और नवजात हृदय सर्जरी, बोनमैरो प्रत्यारोपण, किडनी प्रत्यारोपण के कई दुर्लभ मामलों में अपोलो अस्पताल ने सफलता हासिल की है जिन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित किया गया। अपोलो चिल्ड्रेन्स के लॉन्च के साथ हमें विश्वास है कि हम देश में समग्र नवजात शिशु, बाल चिकित्सा और किशोर देखभाल प्रदान करने के तरीके पर गहरा प्रभाव डालेंगे। जानकारी के अनुसार, अपोलो चिल्ड्रेन को जो बात अलग बनाती है, वह है 24/7 बाल चिकित्सा आपातकालीन और बाल गहन देखभाल सेवाओं के प्रति इसकी अटूट प्रतिबद्धता। समर्पित आपातकालीन विभाग विशेषज्ञ बाल रोग विशेषज्ञों से सुसज्जित है और यहां उन्नत जीवन रक्षक उपकरण मौजूद हैं जो बाल चिकित्सा आपात स्थिति का तत्काल और कुशल प्रबंधन सुनिश्चित करता है। माता-पिता भरोसा कर सकते हैं कि उनके बच्चों को अचानक बीमारी, चोट या किसी अन्य चिकित्सीय आपात स्थिति के समय त्वरित और विशेषज्ञ देखभाल मिलेगी।

प्रातः किरण राष्ट्रीय दैनिक
स्पोर्ट्स
पटना, शुक्रवार, 14 जुलाई, 2023

विश्व चैम्पियनशिप में

भारतीय अभियान की अगुआई करेंगी मीराबाई चानू

ग्रेटर नोएडा (एजेंसी)

स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू सितंबर में सऊदी अरब के रियाद में होने वाली विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में फिर भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी। दो बार की पदक विजेता चानू (49 किग्रा) के अलावा राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता बिंदियारानी देवी (55 किग्रा) और अचिंता शेयुली (73 किग्रा), शुभम टोडकर (61 किग्रा) और नारायण अजीत (73 किग्रा) भी इस विश्व प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। टोडकर को छोड़कर यही टीम एशियाई खेलों में भाग लेगी। मई में एशियाई चैम्पियनशिप में छठे स्थान पर रहने के बाद यह तोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता चानू की पहली प्रतियोगिता होगी। चानू और बिंदियारानी इस समय पूर्व भारोत्तोलक से फिजियोथेरेपिस्ट और 'स्ट्रेंथ एंव कंडिशनिंग कोच बने डा आरोन होर्शिग के मार्गदर्शन में 65 दिन के शिविर के लिए अमेरिका में हैं। राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा भी इस वक्त अमेरिका में हैं, उन्होंने पीटीआई से कहा, ''मीरा चोटिल नहीं है, हम उसके मजबूत पक्षों पर काम कर रहे हैं। वह विश्व चैम्पयनशिप और एशियाई खेलों में हिस्सा लेंगी। विश्व चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों के बीच काफी कम समय का अंतर है। विश्व चैम्पियनशिप आमतौर पर साल के अंत में नवंबर और दिसंबर में कराई जाती है, लेकिन इस बार यह चार सितंबर से शुरु हो रही है और एशियाई खेल 20 दिन के अंदर चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से शुरु होंगे। एशियाई खेल 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट नहीं है और चानू के पदकों में केवल एशियाड पदक की कमी है। पूर्व विश्व चैम्पियन चानू पिछले साल दिसंबर में विश्व चैम्पियनशिप के पिछले चरण में एक रजत पदक जीता था। लेकिन 2024 ओलंपिक क्वालीफिकेशन नियम के अंतर्गत 2023 विश्व चैम्पियनशिप और 2024 विश्व कप में हिस्सा लेना अनिवार्य है। इन दोनों के अलावा एक भारोत्तोलक को 2022 विश्व चैम्पियनशिप, 2023 महाद्वीपीय चैम्पियनशिप, 2023 ग्रां प्री 1, 2023 ग्रां प्री 2 और 2024 महाद्वीपीय चैम्पियनशिप में से तीन में शिरकत करना होता है। भारतीय टीम ः महिला ः मीराबाई चानू (49 किग्रा), बिंदियारानी देवी (55 किग्रा) पुरुष ः अचिंता शेयुली (73 किग्रा), शुभम टोडकर (61 किग्रा) और नारायण अजीत (73 किग्रा)।

अमरीकी ओपन सुपर 300

सिंधु और लक्ष्य पहले दौर में जीते, साई प्रणीत हारे

काउंसिल ब्लफ्स (अमरीका) (एजेंसी)। ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने यहां अमरीकी ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग के पहले दौर में जीत दर्ज की।

सिंधु ने भारतीय मूल की अमरीकी खिलाड़ी दीक्षा गुप्ता को महज 27 मिनट में 21-15, 21-12 से पराजित किया तो सेन ने फिनलैंड के काले कोलजोनेन को 30 मिनट के अंदर 21-8, 21-16 से हरा दिया। पुरुष एकल के एक अन्य मैच में एस एस सुब्रमण्यम ने पहले दौर में आयरलैंड के प्रतिद्वंद्वी नहाट एनगुएन को 44 मिनट में 21-11, 21-16 से शिकस्त दी।

बी साई प्रणीत को हालांकि दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी लि शि फेंग से तीन गेम तक चले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। एक घंटे 14 मिनट तक चले मैच में चीन के दूसरे वरीय शि फेंग ने प्रणीत को 16-21, 21-14, 21-19 से हराया। एक अन्य महिला एकल मैच में भारत की 61वीं रैंकिंग की रूतविका शिवानी को हार मिली।

मंगलवार को राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व चैम्पियन पी कश्यप अपने दूसरे मैच में रिटायर्ड हो गए थे। उन्होंने पहले मैच में इंग्लैंड के रोहन मिधा को हराया था। कृष्णा प्रसाद गारागा और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला की पुरुष युगल जोड़ी भी पहले दौर की बाधा पार नहीं कर सकी, उन्हें चीनी ताइपे के लिन यु चिए और सु लि वेई से सीधे गेम में 14-21, 14-21 से हार मिली।

भारत-वेस्टइंडीज पहला टेस्ट

रवि अश्विन को मिले 5 विकेट, वेस्टइंडीज 150 पर ऑलआउट

INDvsWI
1st Test

डोमिनिका (एजेंसी)। डोमिनिका के मैदान पर टीम इंडिया खिलाफ खेलते हुए विंडीज की टीम पहले टेस्ट के पहले ही दिन 150 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। इसके बाद टीम इंडिया ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 80/0 का स्कोर बनाया और रोहित शर्मा (30) व ओपनर यशस्वी जायसवाल (40) क्रीज पर टिके हैं। टीम इंडिया के लिए रविचंद्रन अश्विन पांच विकेट निकालने में सफल रहे। इससे पहले विंडीज कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया था। लेकिन भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इसे गलत साबित कर दिया। अश्विन ने सबसे पहले तेगनारायण चंद्रपाल को पवेलियन की राह दिखाई जोकि तेगनारायण मशहूर विंडीज प्लेयर शिवनारायण चंद्रपाल के बेटे हैं।

अश्विन इसी के साथ टेस्ट फार्मेट में बाप और बेटे की विकेट लेने वाले पहले प्लेयर भी बन गए। अश्विन यही नहीं रुके। उन्होंने विंडीज कप्तान क्रेग ब्रैथवेट को 20 रन पर रोहित के हाथों कैच आऊट कराया। शार्दुल ठाकुर ने जहां रीफर को 2 रन पर आऊट किया तो वहीं, रविंद्र जडेजा ने खतरनाक नजर आ रहे ब्लैकवुड को पवेलियन लौटाया। लंच तक विंडीज की टीम ने 28 ओवरों में चार विकेट गंवाकर 68 रन बना लिए थे।

लंच के बाद भी अश्विन ने विंडीज प्लेयरों को चैन की सांस नहीं लेने दी। दूसरे छोर पर जडेजा ने कसी हुई गेंदबाजी की। विंडीज मध्यक्रम में जोशुआ डीसिल्वा 2, जेसन होल्डर 18 तो अल्जारी जोसेफ 4 रन बनाकर आऊट हो गए। एलिक अथानाज़े ने 99 गेंदों पर 47 रन बनाकर विंडीज टीम को 100 स्कोर के पार पहुंचाया। विंडीज को पुछल्ले बल्लेबाजों में सिर्फ रहकीम कॉर्नवाल का सहारा मिला। कॉर्नवाल ने 34 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 19 रन बनाए और टीम का स्कोर 150 तक ले गए। वह अंत तक नाबाद रहे। जबकि केमर रोच और जोमल वेरीकेन 1-1 रन बनाकर आऊट हुए।

बता दें कि भारतीय टीम 12 साल बाद डोमिनिका में विंडीज टीम के खिलाफ टेस्ट खेल रही है। विंडीज कप्तान क्रेग ब्रैथवेट ने कहा कि वह घरेलू परिस्थितयों का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। वहीं, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उनके गेंदबाज लय में हैं, यह अच्छा टेस्ट होने की उम्मीद है। बता दें कि इस टेस्ट से भारत की ओर से दो डैब्यू हो रहे हैं। यशस्वी जायसवाल के अलावा विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी ईशान किशन को दी जा रही है।

दिलीप ट्राफी फाइनल

खिताबी मैच में फ्लॉप हुए सूर्यकुमार यादव, पृथ्वी शॉ ने खेली धमाकेदार पारी

नईदिल्ली (एजेंसी)। दुलीप ट्रॉफी 2023 के फाइनल मैच के दूसरे दिन सूर्यकुमार यादव पहली पारी में फ्लॉप होते नजर आए। वेस्ट जोन की तरफ से खेलने वाले सूर्यकुमार से इस मैच में बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन वह सस्ते में आउट हो गए। हालांकि, सूर्यकुमार ने अपनी पारी की शुरूआत छक्का लगाते हुए की। लेकिन इसके बाद वह 6 गेंदों में 8 रन बनाकर कैच आउट हो गए।

पृथ्वी शॉ ने खेली धमाकेदार पारी – वहीं पृथ्वी शॉ ने ओपनिंग करते हुए धमाकेदार पारी खेल साउथ जोन के खिलाफ टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई। पृथ्वी अपने खराब फॉर्म के चलते सवालों के घेरे में थे, लेकिन उन्होंने 101 गेंदों में 65 रनों की पारी खेली, जिसमें 9 चौके शामिल रहे। पृथ्वी जब आउट हुए तो उन्होंने टीम का स्कोर 3 विकेट के नुकसान पर 101 पहुंचा दिया था। वहीं मैच की बात करें तो साउथ जोन की टीम ने पहली पारी में सिर्फ 213 रन बनाए। उनके लिए कप्तान हनुमा विहारी ने सर्वाधिक 63 रनों की पारी खेली। वहीं तिलक वर्मा ने 40 तो मयंक अग्रवाल ने 28 रनों का योगदान दिया। वाशिंगटन सुंदर ने नाबाग 22 रन बनाकर टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाने का काम किया। वेस्ट जोन के लिए गेंदबाजी में शाम्स मुलानी ने 3, जबकि नगवासवल्ला, चिंतन गजा, डीए जडेजा ने 2-2 विकेट लिए। ए शेथ को 1 विकेट मिला। वहीं वेस्ट जोन की आधी टीम महज 116 रनों पर पवेलियन चली गई।

चेन्नईयिन एफसी ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जोर्डन मरे के साथ किया करार

चेन्नई (एजेंसी)। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम चेन्नईयिन एफसी ने 2023-24 सत्र से पहले ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉलर जोर्डन मरे के रूप में पहले विदेशी खिलाड़ी के तौर पर करार किया। जोर्डन (27 वर्ष) पिछले सत्र में थाईलैंड के क्लब नाखोन रातचासिमा एफसी की ओर से खेले थे। वह पहले भी आईएसएल में खेल चुके हैं। जोर्डन ने 2020-21 सत्र में केरला ब्लास्टर्स एफसी की ओर से खेलते हुए आईएसएल में डेब्यू किया था और फिर वह 2021-22 सत्र में जमशेदपुर एफसी के लिये खेले थे जिसमें उन्होंने आईएसएल शील्ड भी जीती थी। आईएसएल के इन दो सत्र में उन्होंने 34 मैचों में 11 गोल दागे थे।

2027 के बाद कम हो सकता है वनडे क्रिकेट

एमसीसी का सजेशन– द्विपक्षीय सीरीज का मतलब नहीं, लेकिन वर्ल्ड कप जरूरी

दुबई (एजेंसी)। 2027 में वनडे वर्ल्ड कप के बाद से 50 ओवर का क्रिकेट कम किया जा सकता है। मेरीलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के 13 सदस्यों ने एक मीटिंग के बाद वनडे मैच कम करने का सजेशन दिया। मीटिंग में कहा गया कि द्विपक्षीय वनडे सीरीज का अब कोई मतलब नहीं। टीमों को सिर्फ वर्ल्ड कप से एक साल पहले ही 50 ओवर की द्विपक्षीय सीरीज खेलनी चाहिए। एमसीसी क्रिकेट के नियम बनाने वाली संस्था है। इसी की वर्ल्ड क्रिकेट कमेटी के मेंबर्स ने ऐशेज सीरीज का दूसरा टेस्ट खत्म होने के बाद लंदन में मीटिंग की।

फ्रेंचाइजी क्रिकेट के साथ चलना जरूरी

एमसीसी मेंबर्स की मीटिंग में फैसला हुआ कि बहुत ज्यादा फ्रेंचाइजी टी-20 क्रिकेट होने से वनडे क्रिकेट का महत्त्व कम होता जा रहा है। फ्रेंचाइजी क्रिकेट तो रहेगा, लेकिन इसके लिए किसी एक फॉर्मेट के मैच कम करने पड़ेंगे। टेस्ट के मैच वैसे ही कम होते हैं, ऐसे में वनडे मैच ही कम किए जा सकते हैं।

श्रेयस नेट्स पर लौटे, वर्ल्ड कप खेलने की उम्मीद बढ़ी

एशिया कप से पहले फिटनेस टेस्ट होगा, पास हुए तो टीम में मिल सकती है जगह

बेंगलुरु (एजेंसी)। श्रेयस अय्यर अक्टूबर से भारत में होने वाला वनडे वर्ल्ड कप खेल सकते हैं। उन्होंने मंगलवार को बेंगलुरु की नेशनल क्रिकेट एकेडमी में नेट प्रैक्टिस की। नेट्स में बैटिंग का उनका वीडियो वायरल हो रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अय्यर वर्ल्ड कप से पहले ही 100 प्रतिशत फिट हो जाएंगे और टूर्नामेंट का हिस्सा भी बन सकते हैं।एशिया कप से पहले भी अय्यर का फिटनेस टेस्ट होगा। अगर वे इस टेस्ट को भी पास कर लेते हैं तो वह इस चैंपियनशिप में भी खेल सकते हैं। एशिया कप 31 अगस्त से शुरू होगा।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में चोटिल हुए थे, आईपीएल नहीं खेला – सफल सर्जरी के बाद श्रेयस अय्यर। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट के दौरान चोटिल हुए थे। सफल सर्जरी के बाद श्रेयस अय्यर। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट के दौरान चोटिल हुए थे। श्रेयस अय्यर इसी साल में मार्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच में चोटिल हो गए थे। चोट के कारण वह टेस्ट मैच में भारत की ओर से दूसरी पारी में बैटिंग करने भी नहीं उतरे थे। अप्रैल में अय्यर ने लंदन में पीठ की सर्जरी कराई। सर्जरी के कारण अय्यर ने आईपीएल सीजन में कोलकाता से एक भी मैच नहीं खेला और वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप में भी भारत का हिस्सा नहीं हो सके। वह एनसीए में फिटनेस पर काम करते रहे और वेस्टइंडीज दौरे पर भी टीम का हिस्सा नहीं बन सके।

बुमराह की आयरलैंड के खिलाफ वापसी संभव – 15 अप्रैल को तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की सर्जरी हुई, 28 जून को उन्होंने भी नेट्स में गेंदबाजी करनी शुरू कर दी थी। वह नेट प्रैक्टिस में तब हर दिन 7 ओवर गेंदबाजी कर रहे थे। रिपोर्ट्स में कहा गया था कि वह जुलाई में कुछ प्रैक्टिस मैच भी खेलेंगे। श्रेयस अय्यर की सर्जरी 21 अप्रैल को हुई थी और अब 11 जुलाई को उनके भी नेट प्रैक्टिस करने के विजुअल्स सामने आ गए।

रिपोर्ट्स के अनुसार, बुमराह आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से वापसी कर सकते हैं। भारत आयरलैंड के खिलाफ 18, 21 और 23 अगस्त को 3 टी-20 खेलेगा। बुमराह अगर फिट रहे तो उन्हें 31 अगस्त से शुरू होने वाले वनडे एशिया कप का हिस्सा भी बनाया जा सकता है।

अय्यर के आने से नंबर-4 की समस्या खत्म होगी –श्रेयस अय्यर के फिट होने से भारत को नंबर-4 पर किसी और बैटर की तलाश नहीं करनी पड़ेगी। टीम इंडिया में युवराज सिंह और सुरेश रैना के बाद से इस पोजिशन पर कोई दमदार खिलाड़ी नहीं आया। यही समस्या टीम को 2015 और 2019 के वर्ल्ड कप में भी आई।

अय्यर ने 2019 के बाद से ही टीम इंडिया में जगह पक्की की और नंबर-4 पर बैटिंग कर इस पोजिशन को अपना बना लिया। 2019 वनडे वर्ल्ड कप के बाद उन्होंने इस पोजिशन पर 22 मैचों में 805 रन बनाए। उनसे ज्यादा रन इस पोजिशन पर कोई और भारतीय बैटर नहीं बना सका।

यूरोप दौरे के लिए रवाना हुई भारतीय महिला हाकी टीम

कप्तान सविता को अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद

बेंगलुरु (एजेंसी)। भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों की तैयारी के लिए यूरोपीय दौरे पर रवाना हो गई। सविता पूनिया की टीम सबसे पहले तीन मैचों की सीरीज के लिए जर्मनी के लिए उड़ान भरेगी, जिसके बाद वह स्पेन हॉकी फेडरेशन की 100वीं वर्षगांठ के लिए स्पेन जायेगी। जर्मनी में भारत का अभियान लिंबर्ग में 16 जुलाई को चीन के खिलाफ शुरू होगा। इसके बाद सविता की टीम 18 और 19 जुलाई को वीसबेडन और रसल्सहाइम में मेज़बान जर्मनी से भिड़ेगी। इसके बाद भारतीय टीम स्पेनिश हॉकी फेडरेशन 100वीं वर्षगांठ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिये 20 जुलाई को स्पेन के टेरासा के लिये उड़ान भरेगी। भारत अपने अभियान की शुरुआत 25 जुलाई को मेजबान स्पेन के खिलाफ करेगा, जबकि उसका अगला मुकाबला 27 जुलाई को दक्षिण अफ्रीका से होगा। भारत का आखिरी ग्रुप मैच 28 जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ होगा। भारतीय टीम अभी तक बेंगलुरु के भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में प्रशिक्षण ले रही थी। भारतीय टीम के रवाना होने से पहले कप्तान सविता ने कहा, ''हम वास्तव में इस दौरे का इंतजार कर रहे हैं।

महिला क्रिकेट

भारत ने सीरीज पर किया 2-1 से कब्जा पर आखिरी मैच बांग्लादेश से हार गया

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम तीन टी20आई मैचों की सीरीज के आखिरी मैच में बांग्लादेश से 4 विकेट से हार गई है। भारत ने 103 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसे बांग्लादेश ने 10 गेंदें शेष रहते हासिल कर लिया। हालांकि, भारत ने सीरीज पर 2-1 से कब्जा किया।

भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 41 गेंद में 40 रन बनाये जिसके बाद अंतिम ओवरों में बल्लेबाजी क्रम चरमराने से भारत ने 11 रन के अंदर छह विकेट गंवा दिये। लेग स्पिनर राबिया खान ने बांग्लादेश के लिये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, उन्होंने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट झटके। ऑफ स्पिनर सुल्ताना खातून ने पावरप्ले में प्रभावित किया, उन्होंने शेफाली वर्मा (11 रन) और स्मृति मंधाना (01) की सलामी जोड़ी को आउट किया। मारूफा अख्तर ने भी दो विकेट हासिल किये।

इस कम स्कोर वाली पूरी श्रृंखला के दौरान पिच काफी पेचीदा रही है जिसे देखते हुए हरमनप्रीत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शेफाली और मंधाना की सलामी जोड़ी एक बार फिर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाने में विफल रही जिससे छह ओवर में टीम का स्कोर दो विकेट पर 27 रन हो गया। जेमिमा रोड्रिग्स (26 गेंद में 28 रन) और हरमनप्रीत ने तीसरे विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी निभाकर पारी आगे बढ़ायी। लेकिन लेग स्पिनर शोर्ना अख्तर ने रोड्रिग्स की पारी खत्म कर इस भागीदारी को तोड़ा। रोड्रिग्स ने अपनी पारी के दौरान सकारात्मक जज्बा दिखाया और स्पिनरों के खिलाफ अपने पैरों का अच्छा इस्तेमाल किया। हरमनप्रीत के 17वें ओवर में स्टंप आउट होने के बाद लगातार विकेट गिरते रहे जिससे भारतीय बल्लेबाज बाउंड्री नहीं लगा सकीं।

अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में बनाया अनोखा रिकॉर्ड, ऐसा करने वाले पहले भारतीय बने

रोसेउ (डोमिनिका) (एजेंसी)। भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बुधवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट में अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। अश्विन टेस्ट क्रिकेट में पिता और पुत्र दोनों को आउट करने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए। बुधवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत के पहले टेस्ट के पहले दिन अश्विन 12 (44) ने टैग्नारिन चंद्रपॉल का विकेट हासिल करके रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले उन्होंने टैग्नारिन के पिता और वेस्ट इंडीज के दिग्गज शिवनारायण चंद्रपॉल का विकेट लिया था।

अश्विन के अलावा इयान बॉथम ने भी पिता-पुत्र की जोड़ी लांस और क्रिस केर्न्स को आउट कर इस सूची में जगह बनाई। पाकिस्तानी तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने भी अपने करियर में इसी जोड़ी का विकेट लिया था। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज मिचेल स्टार्क और साइमन हार्मर ने शिवनारायण और टैगनारिन चंद्रपॉल के विकेट भी लिए हैं।

इसके साथ ही भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 700 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज भी बन गए। उन्होंने डोमिनिका में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरुआती टेस्ट मैच में दो विकेट लेकर पहले दिन के पहले सत्र में अपना दबदबा बनाया। मेजबान टीम के पतन में इसने प्रमुख भूमिका निभाई क्योंकि वेस्टइंडीज 150 के स्कोर पर ढेर हो गई।

मेजबान टीम के कुल स्कोर के जवाब में भारत के सलामी बल्लेबाजों ने पारी की सकारात्मक शुरुआत की। रोहित के खिलाफ कुछ शुरुआती अपील के बावजूद तीसरे सत्र में भारत के शुरुआती स्टैंड में कोई समस्या नहीं आई। यशस्वी जयसवाल ने अपना खाता खोलने में समय लिया लेकिन जैसे ही उन्होंने खुद को पिच की परिस्थितियों के अनुरूप ढाला, उन्होंने आत्मविश्वास के साथ गेंदबाजों का सामना करना शुरू कर दिया। उन्होंने चौका लगाने के लिए एक खूबसूरत शॉट के साथ अपना खाता खोला। उन्होंने एक बार फिर से एक और शॉट लगाकर बाउंड्री लगाने की कोशिश की लेकिन फील्डर ने उन्हें बैक-टू-बैक बाउंड्री लगाने से रोक दिया। दूसरी ओर, रोहित तीसरे सत्र के अधिकांश समय में अपने शॉट चयन और रक्षात्मक दृष्टिकोण से आश्वस्त दिखे। दूसरी ओर वेस्टइंडीज के गेंदबाज अपनी लाइन और लेंथ में निरंतरता लाने के लिए संघर्ष करते रहे।

संक्षिप्त समाचार

संस्कृत प्राचीन सभ्यता और उसकी मूल्य प्रणाली की संरक्षक रही : आरिफ मोहम्मद खान

तिरुपति, एजेंसी। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा है कि संस्कृत प्राचीन सभ्यता और उसकी मूल्य प्रणाली की संरक्षक रही है तथा संस्कृत के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है, क्योंकि इसकी संस्कृति का आधार संस्कृत ही है। श्री खान ने साहित्य अकादेमी एवं राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति और संस्कृति फाउंडेशन मैसूर के संयुक्त तत्त्वावधान में तिरुपति में राष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन 'संस्कृत समुन्मेषः' को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की संस्कृति का आधार संस्कृत है। संस्कृत के बिना भारतीय संस्कृति की कल्पना भी संभव नहीं है। संस्कृत साहित्य में ही भारतीय संस्कृति और सभ्यता संरक्षित रही है। सम्मेलन की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और मां सरस्वती के आवाह्न से हुई। श्री खान ने कहा कि इस तरह के सम्मेलन से आम लोगों और विद्वानों के बीच जागरूकता आयेगी। उन्होंने संस्कृत विज्ञान प्रदर्शनी, पांडुलिपि गैलरी, वर्णमाला गैलरी और पुस्तक प्रदर्शनी आदि का अवलोकन भी किया। उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति एन. गोपालस्वामी, संस्कृति मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव और वित्त सलाहकार रंजना चोपड़ा, संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव उमा नंदूरी तथा तिरुमला तिरुपति देवस्थानम् के कार्यकारी अधिकारी ए.वी. धर्म रेड्डी उपस्थित रहे। इस तीन दिवसीय इस सम्मेलन में आठ सत्रों में अष्टावधानम् , संस्कृत एवं योग, संस्कृत एवं भारतीय संगीत, संस्कृत एवं नृत्य एवं संस्कृत नाटकों पर विभिन्न सत्रों के अलावा कवि सम्मेलन, छात्रों का कथा वाचन, रामायण के सुंदरकांड पर केंद्रित सत्र होंगे एवं विभिन्न प्रस्तुतियाँ भी होंगी।सम्मेलन में संस्कृत के लगभग 60 प्रमुख लेखक एवं विद्वान सहभागिता कर रहे हैं।

चंद्रयान-3 चांद पर नयी संभावनाओं का द्वार खोलेगा : डॉ. जितेंद्र सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ.जितेंद्र सिंह ने कहा है कि चंद्रयान-3 विश्व के लिए चांद पर नयी संभावनाओं का द्वार खोलेगा। चंद्रयान-3 को शुक्रवार को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से छोड़ा जाएगा। डॉ. सिंह ने कहा है कि भारत का पहला मिशन चंद्रयान-1 ने चांद के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस मिशन से विश्व को पहली बार चांद की सतह पर पानी के मौजूद होने के साक्ष्य मिले। इकोनॉमिक टाइम्स को दिये एक साक्षात्कार में डॉ. सिंह ने कहा कि पूरी दुनिया चंद्रयान-3 को बड़ी आशा के साथ देख रही है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन चांद के एक कदम और करीब जाने का संकेत है। यह मिशन इस सत्य का भी परिचायक है कि भारत अन्य देशों से पीछे नहीं है। चंद्रयान-3 न केवल चांद से चांद का अवलोकन करेगा, बल्कि यह चांद से पृथ्वी पर भी नजर रखेगा। यह इस मिशन की अद्भुत विशेषता है। डॉ. सिंह ने कहा कि 424 विदेशी उपग्रहों को अब तक भारत ने प्रक्षेपित किया है। इनमें से 389 उपग्रह इस सरकार द्वारा पिछले नौ वर्षों में प्रक्षेपित किये गये हैं।

12वें दिन 9 हजार से अधिक तीर्थयात्री अमरनाथ पहुंचे

श्रीनगर, एजेंसी। अमरनाथ यात्रा के 12वें दिन 9,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में पवित्र शिव लिंग के दर्शन किए, जबकि 9,241 भक्तों का एक और जत्था गुरुवार को जम्मू से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। तीर्थयात्रियों का नया जत्था 306 वाहनों के काफिले में गुरुवार सुबह भगवती नगर यात्री निवास से रवाना हुआ। अधिकारियों ने कहा, 9,241 तीर्थयात्रियों में से 3,206 बालटाल आधार शिविर जा रहे हैं, जबकि 6,035 पहलगाम बेस कैंप की ओर जा रहे हैं। इस साल की अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई को शुरू होने के बाद से अब तक 19 तीर्थयात्रियों की प्राकृतिक कारणों से मौत हो चुकी है। यात्री हिमालय गुफा मंदिर तक या तो पारंपरिक पहलगाम मार्ग से पहुंचते हैं, जिसमें 43 किमी की चढ़ाई शामिल होती है या उत्तरी कश्मीर बालटाल बेस कैंप से, जिसमें 13 किमी की चढ़ाई शामिल होती है।

इटावा लायन सफारी में 5 में से 3 शेर शावकों की मौत

इटावा, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में स्थित इटावा लायन सफारी में पांच दिनों के भीतर शेरनी सोना के पैदा हुए पांच शावकों में से तीन की मौत हो गई है। एक वन अधिकारी ने यह जानकारी दी। सफारी के अधिकारियों ने बुधवार तक इस खबर को गुप्त रखा, जब प्रधान मुख्य वन संरक्षक ममता एस. दुबे ने मौतों की पुष्टि की। 6 जुलाई को पहले शावक के जन्म के बाद, सोना ने चार और बच्चों को जन्म दिया - 9 जुलाई को तीन और 10 जुलाई को एक। अब 6 जुलाई को पैदा हुआ शावक और 9 जुलाई को पैदा हुए तीन में से एक जीवित है। दुबे ने कहा, दो शावक मृत पैदा हुए थे और एक बहुत कमजोर था और जीवित नहीं रह सका।

जेपी नड्डा ने लोकसभा की 160 कमजोर सीटों के लिए बनाया एक्शन प्लान

नई दिल्ली, एजेंसी।
भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी के लिए कमजोर माने जाने वाली 160 लोकसभा सीटों पर चुनावी तैयारियों को लेकर बुधवार को लोकसभा प्रवास योजना की समीक्षा बैठक की। बैठक में लोकसभा की इन 160 सीटों के लिए बनाए गए लोकसभा प्रवास योजना के प्रदेश संयोजक और सह संयोजकों सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में भाजपा मुख्यालय के केंद्रीय कार्यालय विस्तार में हुई इस मैराथन बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय सचिव हरीश द्विवेदी और राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा सहित लोकसभा प्रवास योजना से जुड़े कई अन्य नेता मौजूद रहे।

सूत्रों के मुताबिक, बैठक में नड्डा ने इन कमजोर 160 लोक सभा सीटों के लिए बनाए गए क्लस्टर प्रभारियों, प्रदेश संयोजकों और सह संयोजकों को अपने प्रयास में और तेजी लाते हुए लोकसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर तक लोगों से खासकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने वाले लाभार्थियों से मुलाकात कर मोदी सरकार की उपलब्धियों को उन लोगों तक पहुंचाने का निर्देश दिया है। नड्डा ने इन 160 लोकसभा सीटों पर खासतौर पर मतदाताओं के हर वर्ग तक पहुंचकर उन्हें भाजपा से जोड़ने, क्षेत्र के प्रभावशाली और लोकप्रिय लोगों से मुलाकात कर उन्हें सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताने को कहा है, ताकि विपक्ष का मजबूत गढ़ माने जाने वाली इन 160 लोकसभा सीटों में से भी ज्यादातर सीटों पर 2024 में भाजपा जीत हासिल करें और जो सीटें भाजपा पिछली बार बहुत कम अंतर से जीती थी, उन सीटों पर इस बार जीत का अंतर बड़ा करे।

भाजपा ने उन खास लोकसभा सीटों की एक विशेष लिस्ट बनाई हुई है, जिन पर 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हार मिली थी। इस लिस्ट में खासतौर से उन लोकसभा सीटों को शामिल किया गया है, जिन सीटों पर भाजपा पिछले चुनाव में नंबर 2 पर रही थी या फिर बहुत ही कम अंतर से जीती थी। पहले इस लिस्ट में 144 सीटों को शामिल किया गया था। बाद में इन सीटों की संख्या को बढ़ाकर 160 कर दिया गया। इन सीटों को कलस्टरों में बांटकर इन पर केंद्रीय मंत्रियों एवं पार्टी के दिग्गज नेताओं को अहम जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश स्तर पर पार्टी ने प्रदेश संयोजक और सह संयोजकों भी बनाए हैं। इसके साथ ही पार्टी स्वयंसेवक और पूर्णकालिक विस्तारक तैनात कर इन सभी 160 लोकसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर तक जाकर मतदाताओं से संपर्क करने की विशेष रणनीति पर काम कर रही है। बुधवार की बैठक में जेपी नड्डा ने पार्टी नेताओं के साथ इस मुहिम के द्वारा अब तक हासिल की गई उपलब्धियों की समीक्षा कर आने वाली महीनों की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया और अभियान से जुड़े पार्टी नेताओं को कई अहम निर्देश भी दिए।

खड़गे ने पार्टी सांसद दीपक बाजी को छत्तीसगढ़ का नया प्रमुख नियुक्त किया

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में चुनावी तैयारियों पर चर्चा के लिए यहां एक बैठक की, जिसके कुछ दिनों बाद पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को सांसद दीपक बाजी को राज्य इकाई का प्रमुख नियुक्त किया।कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने एक बयान में कहा, कांग्रेस अध्यक्ष ने तत्काल प्रभाव से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में सांसद दीपक बैज की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, विधायक के योगदान की सराहना करती है। खड़गे की अध्यक्षता में हुई बैठक में पार्टी के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी, छत्तीसगढ़ राज्य प्रभारी कुमारी शैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव और कई अन्य नेता भी शामिल हुए।

नकली दवा बनाने वाली कंपनियों पर कार्रवाई करने विशेष दल गठित

नई दिल्ली, एजेंसी। रसायन और उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने भारत के औषधि महानियंत्रक को निर्देश दिया है कि वें नकली दवाएं बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि देश में दवाइयों के निर्माण की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। डॉ. मांडविया ने कल नई दिल्ली में दवा कंपनियों के प्रतिनिधियों से भेंट की। उन्होंने बताया कि औषधि बनाने वाली कंपनियों के निरीक्षण के लिए विशेष दल बनाये गये हैं और नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि उत्पादों की गुणवत्ता के आधार पर ही औषधि क्षेत्र में भारत की वैश्विक स्थिति निर्धारित होती है।

डॉ. मांडविया ने कहा कि दवा उत्पादों की उच्चतम गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियामक प्राधिकारियों ने जोखिम आधारित निरीक्षण और संयंत्रों की जांच का काम शुरू किया है। 137 कंपनियों का निरीक्षण किया गया और 105 के खिलाफ कार्रवाई की गई। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को कहा कि कैंसर और दुर्लभ बीमारियों के इलाज में काम आने दवाओं के सस्ता होने से आम लोगों को लाभ मिलेगा। श्री मांडविया ने एक ट्वीट में कहा कि दवाओं पर वस्तु एवं सेवाकर घटाने से गरीब और मध्यम वर्ग को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा, कैंसर से संबंधित दवाओं, दुर्लभ बीमारियों की दवाओं और विशेष चिकित्सा उद्देश्यों के लिए खाद्य उत्पादों की जीएसटी दर शून्य करने के लिये प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतरमण का हार्दिक आभार। स्वास्थ्य भारत में सेवा है।

यात्रियों की कमी के कारण पश्चिम रेलवे ने 20 ट्रेनें की रद्द

प्रयागराज, एजेंसी।
पश्चिम रेलवे ने कम यात्रियों के कारण 20 विशेष ट्रेनें रद्द कर दी हैं। उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु शेखर उपाध्याय ने कहा कि जिन 20 विशेष ट्रेनों को विशेष अवधि के लिए रद्द किया गया है, उनमें 09183 मुंबई सेंट्रल-वाराणसी साप्ताहिक ट्रेन भी शामिल है, जिसे 19 जुलाई से 30 अगस्त के बीच रद्द कर दिया गया है। अन्य ट्रेनों में 09184 बनारस-मुंबई साप्ताहिक, 21 जुलाई से 1 सितंबर के बीच रद्द कर दी गई है। इसी प्रकार 09417 अहमदाबाद-पटना साप्ताहिक (24 जुलाई और 28 अगस्त), 09418 पटना-अहमदाबाद साप्ताहिक (25 जुलाई-29 अगस्त), 09421 अहमदाबाद-दरभंगा साप्ताहिक (17 जुलाई-28 अगस्त), 09422 दरभंगा-अहमदाबाद साप्ताहिक (जुलाई 19-अगस्त 30) और 09413 अहमदाबाद-समस्तीपुर साप्ताहिक (18 जुलाई और 29 अगस्त) को भी रद कर दिया गया है।

इसी तरह 09414 समस्तीपुर-अहमदाबाद साप्ताहिक 20 जुलाई से 31 अगस्त), 09005 वापी-इज्जतनगर द्वि-साप्ताहिक (16 जुलाई-27 अगस्त) तक नहीं चलेगी। इसके अलावा, 09006 इज्जतनगर-वापी द्वि-साप्ताहिक इज्जतनगर 17 जुलाई से 28 अगस्त के बीच, 09025 वलसाड-दानापुर साप्ताहिक (24 जुलाई - 28 अगस्त), 09026 दानापुर-वलसाड साप्ताहिक 25 जुलाई - 29 अगस्त के बीच, 09097 और दानापुर-जम्मू तवी साप्ताहिक 17 जुलाई से 28 अगस्त तक रद्द रहेगी। इसके अलावा 09098 जम्मू तवी-दानापुर को 18 जुलाई से 29 अगस्त, 09343 डॉ. अंबेडकर नगर-पटना साप्ताहिक (21 जुलाई - 25 अगस्त), 09344 पटना-अंबेडकर नगर साप्ताहिक (22 जुलाई और 26 अगस्त), 09117 सूरत सूबेदारगंज साप्ताहिक (21 जुलाई और 25 अगस्त), और 09321 इंदौर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा साप्ताहिक (26 जुलाई-30 अगस्त), जबकि 09322 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-इंदौर साप्ताहिक (जुलाई 28-सितंबर 1) को रद्द कर दिया गया है।

पंजाब में बारिश से नुकसान पर मुआवजा देगी सरकार : भगवंत मान

चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को ऐलान किया कि सरकार राज्यभर में भारी और लगातार बारिश के कारण लोगों को हुए नुकसान की भरपाई करेगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि वह राज्यभर से नियमित अपडेट लेकर स्थिति पर हर पल नजर रख रहे हैं। पानी के स्तर और जिलों में किए जा रहे राहत उपायों के संबंध में जिला प्रशासन के माध्यम से नियमित संपर्क रखा जा रहा है। भगवंत मान ने कहा कि गंभीर संकट की इस घड़ी में लोगों की मदद करना सरकार का कर्तव्य है और इस नेक काम के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों के अंतिम व्यक्ति तक भी सहायता पहुंचायी जा रही है। सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में राहत सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है ताकि लोगों को किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी बांध सुरक्षित हैं और पानी खतरे के निशान से नीचे बह रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि बुधवार शाम तक राज्य की स्थिति में हर तरह से काफी सुधार हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले से ही सभी कैबिनेट मंत्री, विधायक और अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में हैं और गंभीर संकट की इस घड़ी में जरूरतमंद लोगों तक पहुंच रहे हैं। पानी के बढ़ते स्तर से लोगों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए एक विस्तृत तंत्र बनाया गया है।

पाकिस्तानी सेना पर बलूचिस्तान में बड़ा हमला

4 जवानों की मौत ; 5 बुरी तरह जख्मी

इस्लामाबाद, एजेंसी।
पाकिस्तानी सेना पर बलूचिस्तान में बुधवार को बड़ा आतंकी हमला हुआ है। इस हमले में चार पाकिस्तानी जवानों की मौत हो गई, जबकि पांच सैनिक घायल हो गए। यह हमला बुधवार तड़के उत्तरी बलूचिस्तान इलाके में पाक सेना के कैंप पर हुआ। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशन ने अपने बयान में कहा कि आतंकी कैंप में घुसने की कोशिश में थे, जब सैनिकों की उन पर नजर गई।

आईएसपीआर ने कहा, भारी गोलीबारी के बाद आतंकवादियों को सीमा पर एक छोटे से क्षेत्र में सीमित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि अब तक तीन भारी हथियारों से लैस आतंकवादी मारे जा चुके हैं। बयान में कहा गया, शेष दो आतंकवादियों को भी पकड़ने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा अभियान जारी है। आगे कहा गया है, सुरक्षा बल शांति को नष्ट करने के ऐसे सभी भयानक प्रयासों को विफल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, झोब जिला आयुक्त (डीसी) अज़ीम काकर ने भी जानकारी दी थी कि झोब में छावनी क्षेत्र पर हमला हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि गोलीबारी में फंसने से एक महिला नागरिक की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य नागरिक घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि गंभीर रूप से घायलों को

क्वेटा रेफर किया जा रहा है। डीसी कक्कड़ ने बताया कि डेरा इस्माइल खान से आ रही एक यात्री बस भी गोलीबारी की चपेट में आ गई। उन्होंने कहा कि हमलावरों की संख्या के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता और कहा कि सभी विभाग अलर्ट पर थे और एक ऑपरेशन चल रहा था। पिछले साल नवंबर में प्रतिबंधित टीटीपी द्वारा सरकार के साथ संघर्ष विराम समाप्त करने के बाद, विशेष रूप से खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि देखी गई है। इस महीने की शुरुआत में, बलूचिस्तान के धाना सार इलाके में पुलिस और लेवी चेकपोस्ट पर हमले के बाद चार सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई थी, जबकि एक आतंकवादी भी मारा गया था। इस महीने थिंक टैंक पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वर्ष के आधे हिस्से में आतंकवादी और आत्मघाती हमलों में लगातार और चिंताजनक वृद्धि देखी गई, जिसमें पाकिस्तान भर में 389 लोगों की जान जा चुकी है। जून में बलूचिस्तान के तुरबत में एक पुलिस वैन पर आत्मघाती हमले में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य घायल हो गए थे। उसी महीने की एक पूर्व घटना में, पाकिस्तान-ईरान सीमा पर केच जिले में सुरक्षा बलों की चेकपोस्ट पर हमले के बाद दो सैनिक की जान चली गई थी।

नेपाल ने चीन का बीआरआई के तहत पोखरा एयरपोर्ट बनाने का दावा किया खारिज

काठमांडू, एजेंसी।
नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने मंगलवार को चीनी राजदूत के उस दावे को खारिज कर दिया कि नेपाल में बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत एक हवाई अड्डा बनाया गया है। चीन का दावा है कि एक विशिष्ट परियोजना बीआरआई के तहत है, जबकि नेपाल का कहना है कि ऐसा नहीं है। विदेश नीति विशेषज्ञों के मुताबिक, इस भ्रम से नेपाल को कोई फायदा नहीं होगा। एफएम सऊद ने अंतर्राष्ट्रीय संबंध और पर्यटन समिति को संबोधित करते हुए दावों को खारिज कर दिया कि बीआरआई परियोजना को नेपाल में क्रियान्वित नहीं किया गया है। दरअसल चीनी राजदूत बार-बार दावा करते रहे हैं कि पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण बीआरआई ढांचे के तहत किया गया था। सऊद ने समिति की बैठक को संबोधित करते हुए चीनी राजदूत के दावे का खंडन करते हुए कहा कि नेपाल ने केवल समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और अब तक कोई ठोस योजना या पहल लागू नहीं की गई है। इस सप्ताह की शुरुआत में, चीन का यह बयान कि बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत नेपाल में पोखरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा उसकी प्रमुख परियोजना है। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार चीन द्वारा बीआरआई के तहत नेपाल में एक के बाद एक परियोजनाओं को एकतरफा सूचीबद्ध करने के बाद नेपाल के राजनयिक हलकों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है। 22 जून को, नेपाल में चीनी राजदूत चेन सॉन्ग ने ट्विटर पर एक पोस्ट में लिखा, नेपाल में वीचैट पे क्रॉस-बोर्ड भुगतान सेवा के उद्घाटन के लिए हार्दिक बधाई।इससे पहले, पिछले हफ्ते भी प्रतिनिधि सभा को संबोधित करते हुए नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने स्पष्ट करते हुए कहा थात्र।

कुरान जलाए जाने पर यूएन में भिड़े मुस्लिम और यूरोपीय देश, पास हो गया पाकिस्तान का लाया प्रस्ताव

वाशिंगटन, एजेंसी।
संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) ने बुधवार को स्वीडन में कुरान जलाए जाने के मद्देनजर धार्मिक नफरत पर एक विवादित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। प्रस्ताव को लेकर पश्चिमी देशों में चिंता बढ़ गई। इन देशों का कहना है कि यह प्रस्ताव मानवाधिकारों की सुरक्षा में लंबे समय से चली आ रही प्रथाओं को चुनौती देता है। प्रस्ताव का पास होना अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी देशों की बड़ी हार का संकेत है।

यह प्रस्ताव 57 देशों वाले इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की ओर से पाकिस्तान ने पेश किया था। प्रस्ताव में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख से धार्मिक घृणा पर एक रिपोर्ट प्रकाशित करने और देशों से अपने कानूनों की समीक्षा करने व उन कमियों को दूर करने का आह्वान किया गया है जो धार्मिक घृणा के कृत्यों की रोकथाम में बाधा डाल सकते हैं।

अमेरिका और यूरोपीय संघ ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया था। पश्चिमी देशों ने कहा कि यह मानवाधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उनके दृष्टिकोण के विपरीत है। कुरान को जलाने की निंदा करते हुए, इन देशों ने तर्क दिया कि मुस्लिम देशों (ओआईसी) की पहल मानवाधिकारों के बजाय धार्मिक प्रतीकों की रक्षा के लिए है। स्वीडन में एक इराकी आप्रवासी ने पिछले महीने स्टॉकहोम मस्जिद के बाहर कुरान जलाई थी, जिससे मुस्लिम दुनिया में आक्रोश फैल गया और मुस्लिम देशों ने कार्रवाई की मांग की है। बाद में मुस्लिम देशों का प्रस्ताव पास कर दिया गया। प्रस्ताव पर हुई वोटिंग के

बाद आए नतीजे पश्चिमी देशों के लिए एक बड़ी हार का प्रतीक हैं। यह दिखाता है कि ओआईसी का परिषद में अभूतपूर्व दबदबा है। यूएनएचआरसी दुनिया भर में मानवाधिकारों की रक्षा के लिए सरकारों से बना एकमात्र निकाय है।

28 देशों ने पक्ष में मतदान किया, 12 ने विरोध में मतदान किया, और सात देश अनुपस्थित रहे। प्रस्ताव पारित होने के बाद कुछ देशों के प्रतिनिधियों ने तालियां बजाई। जिनेवा स्थित यूनिवर्सल राइट्स ग्रुप के निदेशक मार्क लिमोन ने कहा कि परिणाम से पता चलता है कि पश्चिम मानवाधिकार परिषद में पूरी तरह से पीछे हट गया है।

मतदान के बाद, संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि, खलील हासमी ने पश्चिमी देशों पर धार्मिक घृणा को रोकने की अपनी प्रतिबद्धता के प्रति जुबानी दिखावा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, कमरे में मौजूद कुछ लोगों का विरोध दिखाता है कि वे पवित्र कुरान या किसी अन्य धार्मिक पुस्तक के सार्वजनिक अपमान की निंदा करने के इच्छुक नहीं हैं। उनके पास इस कृत्य की निंदा करने के लिए राजनीतिक, कानूनी और नैतिक साहस की कमी है।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अड़े पश्चिमी देशत्न इससे पहले प्रस्ताव पर बहस के दौरान इस्लामिक देश और पश्चिमी देश अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर आमने-सामने आ गए थे। ईरान, पाकिस्तान, सऊदी अरब सहित कई मुस्लिम देशों ने कहा कि यह घटना धार्मिक नफरत को बढ़ाने का काम करती है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर ऐसी घटनाओं को बढ़ावा नहीं दिया जा सकता। वहीं, पश्चिमी देशों ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब कभी-कभी असहनीय विचारों को सहना भी होता है। प्रस्ताव पर बहस के दौरान जर्मनी की राजदूत कैथरीना स्टैश ने कुरान में आग लगाने को भयंकर उकसावे की कार्रवाई बताकर उसकी निंदा की लेकिन साथ ही उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब कभी-कभी ऐसे विचारों को भी सहना होता है जो लगभग असहनीय लग सकती हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129